RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 51
नई दिल्ली, शनिवार, 25 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मानसिक पहलू को समझकर बात करते हैं द्रविड़
स्पोर्ट्स-10


# तीसरी लहर की आहट, सरकार ने कहा-बरतें विशेष सावधानी

- एक दिन में ओमीक्रोन के 122 केस निजी स्वास्थ्य क्षेत्र से तैयार रहने की अपील
- विश्व में कोविड की चौथी लहर, 23 दिसंबर को मिले नौ लाख केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** में कोरोना का ओमीक्रोन वैरिएंट बहुत तेजी से फैलता जा रहा है। शुक्रवार को एक दिन में इस वैरिएंट के 122 मामले दर्ज किए गए हैं। यह अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है। इस तरह मरीजों की संख्या बढ़कर 358 तक पहुंच गई है। हालांकि इनमें से 114 ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय कोरोना मामलों की जानकारी देते हुए स्थिति चिंताजनक बताई है और लोगों को क्रिसमस और नए साल के उत्सव के दौरान विशेष रूप से एहतियात अपनाने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एक चिंताजनक बात यह है कि देश में सभी ओमीक्रोन रोगियों में से 91 प्रतिशत को दोनों टीके लग चुके हैं और सात प्रतिशत को एक टीका लगा है। इसके बावजूद उन्हें संक्रमण हुआ। विश्लेषण किए गए 183 ओमीक्रोन मामलों में से 44 मामलों का कोई विदेश यात्रा इतिहास भी नहीं है, लेकिन उनमें से अधिकांश विदेशी यात्रियों के संपर्क आए। शेष 18 मामलों की यात्रा इतिहास ज्ञात नहीं है। इससे पहले, हरियाणा ने शुक्रवार से रात का कर्फ्यू लागू कर दिया है, जबकि उत्तर प्रदेश ने शनिवार से रात का कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। महाराष्ट्र के जल्द ही पाबंदियां लागू करने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश में रात का कर्फ्यू पहले से लागू है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दुनिया कोविड-19 मामलों में चौथी लहर का सामना कर रही है। पूरे विश्व से ( शेष पेज 9 )

## फरवरी तक चरम पर हो सकती है तीसरी लहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर अगले साल तीन फरवरी तक चरम पर हो सकती है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में यह दावा किया है। हालांकि, यह पूर्वानुमान इस धारणा पर आधारित है कि भारत में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट से प्रभावित अनेक देशों में मामलों में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति देखने को मिलेगी। इसमें तीसरी लहर का पूर्वानुमान लगाने के लिए गौसियन मिक्चर मॉडल का इस्तेमाल किया गया। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और रूस जैसे देशों से प्राप्त ( शेष पेज 9 )

## हरियाणा और यूपी में आज से नाइट कर्फ्यू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/चंडीगढ़

**ओमीक्रॉन** के बढ़ते संक्रमण को रोकने की दिशा में अहम पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने 25 दिसंबर से नाइट कर्फ्यू शुरू लगा दिया है। यह कर्फ्यू रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक चलेगा। साथ ही शादियों में अधिकतम 200 लोग ही शामिल हो सकते हैं। वहीं किसी भी प्रांत से या विदेश से प्रदेश में आने वाले हर एक व्यक्ति की ट्रेसिंग-टेस्टिंग और तेज कर दी गई है। साथ ही बसए रेलवे और एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। उधर, हरियाणा सरकार ने संक्रमण के प्रसार की रोकथाम के लिए रात में कर्फ्यू लगाने और ( शेष पेज 9 )

## यूपी में चुनाव को लेकर फैसला अगले हफ्ते

**भाषा।** देहरादून

**ओमीक्रोन** के कारण कोविड की तीसरी लहर की आशंका के चलते उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव टालने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सुझाव के एक दिन बाद, मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि अगले सप्ताह उनकी उप्र की यात्रा के बाद इस मुद्दे पर कोई उचित फैसला किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा ने उच्च न्यायालय की टिप्पणी को लेकर यहां पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में संवाददाताओं से कहा कि मैं अगले हफ्ते उत्तर प्रदेश का दौरा करूंगा। स्थिति की समीक्षा करने के बाद स्थिति के अनुरूप उचित फैसला किया जाएगा। चंद्रा से पूछा ( शेष पेज 9 )

# दिल्ली में सभी पात्र लोगों को लगी वैक्सीन की पहली डोज

- राजधानी के 1.48 करोड़ लोगों को पहला और एक करोड़ को दूसरा टीका भी लगा
- शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों नर्सों समेत अन्य कोरोना वॉरियर्स को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 18 वर्ष से अधिक आयु के शत-प्रतिशत पात्र लोगों को कोविड वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। यह जानकारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दी। सीएम ने कहा कि प्रदेश के 148.33 लाख लोगों को कोविड वैक्सीन की पहली खुराक देने के साथ ही सरकार ने शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। इसके साथ ही, 1.035 करोड़ से अधिक लोगों ने वैक्सीन की दूसरी डोज भी ले ली है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को महानगर में चल रहे टीकाकरण अभियान के



आंकड़े ट्विटर पर साझा करते हुए कहा कि सभी चिकित्सकों, एएनएम, शिक्षकों, आशा, सीडीवी और अग्रिम मोर्चे के सभी कार्यकर्ताओं को सलाम। सभी डीएम, सीडीएमओ, डीआईओ और सभी जिले के पदाधिकारियों को इस लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं। दिल्ली में सभी पात्र लोगों को टीके की पहली खुराक दिए जाने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महामारी के खिलाफ लड़ाई में स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम मोर्चे के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। केंद्र सरकार के कोविन पोर्टल के अनुसार दिल्ली में 1,48,27,546 लोगों को गुरुवार की शाम आठ बजे तक कोविड-19 की कम से कम एक खुराक लग चुकी थी। दिल्ली सरकार ओमिक्रोन वैरिएंट से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयार है और सभी आवश्यक कदम उठा रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं सभी व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। ओमीक्रोन मरीजों की संख्या के मामले में दिल्ली इस समय देश में दूसरे नंबर पर है।

## एक दिन में कोरोना के 180 नए केस, 16 जून के बाद सर्वाधिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में शुक्रवार को कोविड-19 के 180 नए मामले सामने आए हैं। यह लगभग सवा छह महीने बाद एक दिन की सर्वाधिक संख्या है। हालांकि, महामारी से किसी और मरीज की मौत नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि 16 जून को शहर में कोरोना वायरस से संक्रमण के 212 मामले सामने आए थे। दिल्ली में कोरोना वायरस के नये स्वरूप ओमक्रोन के मामले बढ़ने के बीच पिछले कुछ दिनों में संक्रमण के मामलों में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को 180 नए मामले आने के साथ संक्रमण की दर 0.29 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय राजधानी में दिसंबर में अब तक कोविड से पांच लोगों की मौत हुई है। विभाग के मुताबिक, एक दिन पहले कुल 62,697 नमूनों की जांच की गई थी, जिनमें 57,583 आरटी-पीसीआर जांच शामिल है।

## अवकाश सूचना



**क्रिसमस के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 25 दिसबंर 2021 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 दिसबंर 2021 को प्रकाशित होगा।**

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,124 | ↓ | 190 | |
| निफ्टी | 17,003 | ↓ | 68 | |
| सोना | 47,263 | ↑ | 57 | |
| चांदी | 61,054 | ↑ | 183 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अनंतनाग जिले में मुठभेड़ एक आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद, सुरक्षा बलों ने जिले के अरवानी इलाके के मुमनहाल गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और तलाश अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है और अभियान अभी जारी है। मारे गए आतंकवादी और उसके संगठन की अभी पहचान नही हो पाई है।

### बडगाम में आतंकवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से गोला बारूद बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। दोनों की पहचान इमरान मजीद मगरे और आकिब अमीन के रूप में हुई है, दोनों माग्रे मोहल्ला मोचवा के निवासी हैं। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया, बडगाम के चदूरा इलाके से प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से दोष साबित करने वाली सामग्री, दो हथगोले, दो एके-47 मैगजीन और एके-47 की 30 गोलियां बरामद की गईं। प्रवक्ता ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान यह सामने आया कि दोनों लश्कर-ए-तैयबा के कमांडरों के संपर्क में थे।

# राहुल से मुलाकात के बाद रावत बोले, मेरे हाथ खुले

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तराखंड** कांग्रेस के विभिन्न गुटों के बीच गतिरोध समाप्त होने का संकेत देते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने शुक्रवार को कहा कि वह राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे और पार्टी आला कमान के फैसले सभी को स्वीकार्य होंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रावत से तथा प्रदेश कांग्रेस के अन्य नेताओं से मुलाकात कर मतभेदों को सुलझाने का प्रयास किया। दो दिन पहले ही रावत ने विद्रोह का संकेत देते हुए कहा था कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अलग-थलग छोड़ दिया है।

राहुल गांधी से मुलाकात करके निकल रहे रावत ने कहा, हम नेतृत्व के सामने अपनी समस्याओं को रखते हैं और वे जो भी फैसले लेते हैं, उन्हें स्वीकार करते हैं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं उत्तराखंड चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान की कमान संभालूंगा। उन्होंने कहा, कदम



बढ़ाए जा, कांग्रेस के गीत गाए जा। रावत ने कहा कि वह उत्तराखंड के भले के लिए काम करते रहेंगे। रावत ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को निर्वाचित विधायकों से बात करने के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता पर फैसला करने का विशेषाधिकार है।

उन्होंने कहा कि सब इसका सम्मान करते हैं और सभी कांग्रेस अध्यक्ष के फैसले को मानेंगे। इससे पहले राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल से मुलाकात की। प्रदेश इकाई में उभरे गतिरोध के दौरान गोदियाल को रावत के साथ खड़े देखा गया। समझा जा रहा है कि रावत चाहते हैं कि उन्हें राज्य में मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाया जाए, लेकिन राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव के बाद निर्णय लिया जाएगा।

# कानपुर के परफ्यूम कारोबारी के घर रेड, करोड़ों की बेहिसाब नकदी बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** कानपुर

**पड़ोसी** जिले कन्नौज में इत्र उद्योग समेत अन्य कारोबार से जुड़े कानपुर के एक कारोबारी के आवास और अन्य परिसरों पर छापेमारी में कथित तौर पर 150 करोड़ रुपए से अधिक की बेहिसाबी नकदी बरामदगी हुई है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीएसटी खुफिया और आयकर विभाग के एक सूत्र ने बताया कि कानपुर के उद्योगपति पीयूष जैन के आवासीय और व्यावसायिक परिसरों पर गुरुवार और शुक्रवार को आयकर विभाग, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) तथा माल और सेवा कर सहित विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों ने छापेमारी की।

हालांकि, छापेमारी और जब्ती की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कर-प्रवर्तन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि कानपुर, गुजरात और मुंबई में जैन के कई परिसरों पर छापेमारी गुरुवार को शुरू हुई। सोशल मीडिया पर



वायरल हो रहीं कथित छापेमारी की कुछ तस्वीरों में कानपुर में कारोबारी के आवासीय परिसर में बड़े-बड़े वार्डरोब में नकदी के ढेर दिखाई देते हैं। कर अधिकारियों ने शहर में पान मसाला और अन्य सुगंधित तंबाकू उत्पादों के शिखर ब्रांड के निर्माण कारखाने पर भी छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि रिहायशी परिसरों पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कागज में लिपटी नकदी बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि बरामद रकम कथित रूप से एक माल ट्रांसपोर्टर द्वारा नकली चालान और बिना ई-वे बिल के माल भेजने से जुड़ी है।

एजेंसी ने माल और सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम के प्रावधानों के तहत नकदी को जब्त करने की बात कही है और आगे की जांच जारी है। बयान में कहा गया, कर बकाया के रूप में अब तक 3.09 करोड़ रुपए की वसूली की गई है। जीएसटी अधिकारियों को ( शेष पेज 9 )

# कपूरथला लिंचिंग मामला: गुरुद्वारा प्रबंधक गिरफ्तार

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** पुलिस ने कपूरथला के एक गुरुद्वारे के प्रबंधक (केयरटेकर) को एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया और उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में कथित रूप से बेअदबी का प्रयास करने वाले एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद रविवार को निजामपुर गांव के गुरुद्वारे में निशान साहिब (सिख धार्मिक ध्वज) का अनादर करने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी।

गुरुद्वारा के प्रबंधक अमरजीत सिंह ने दावा किया था कि उन्होंने उस व्यक्ति को देखा, जो धार्मिक ध्वज का अनादर करने की कोशिश कर रहा था। इससे पहले मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में संवाददाताओं से कहा कि सरकार हत्या का मामला दर्ज करने पर विचार कर रही है क्योंकि बेअदबी के आरोप के समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला है। जालंधर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया कि अमरजीत सिंह को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। ढिल्लों ने कहा कि अब तक बेअदबी का कोई निशान नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हमने घटना में पहले से दर्ज प्राथमिकी में संशोधन किया है और धारा 302 (हत्या) तथा 307 (हत्या का प्रयास) को जोड़ा है तथा मुख्य आरोपी अमरजीत सिंह को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने करीब 100 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें से 25 से 30 हथियारों से लैस थे। ढिल्लों ने कहा, 'वीडियोग्राफी और तस्वीरें हैं (घटना के दिन की)। एक एसएचओ वहां मौजूद था (जब पीड़ित को पीटा जा रहा था, पुलिस गुरुद्वारे पहुंच गई थी), वह जांच के दौरान उनकी पहचान कर सकेगा तथा कानून का पालन किया जाएगा। पीड़ित की पहचान के बारे में पूछे ( शेष पेज 9 )

# आईएनएस खुखरी सेवा से हटाया गया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** नौसेना के जहाज (आईएनएस) खुखरी को 32 साल की सेवा के बाद सेवा से हटा दिया गया है। आईएनएस खुखरी स्वदेश निर्मित मिसाइल कोरवेट में से पहला था। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के बयान में उल्लेखित किया गया है कि बृहस्पतिवार को विशाखापत्तनम में आयोजित एक समारोह में सूर्यास्त के समय राष्ट्रीय ध्वज, नौसेना पताका उतार ली गई। इस समारोह में पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता और जहाज के कुछ सेवारत एवं सेवानिवृत्त कमांडिंग अधिकारी भी मौजूद थे। यह कार्वेट 23 अगस्त 1989 को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स द्वारा बनाया गया था और इसे पश्चिमी और पूर्वी दोनों बेड़े का हिस्सा होने का गौरव प्राप्त था।

# विधानसभा नहीं देगी सुप्रीम कोर्ट की नोटिस का जवाब

## महाराष्ट्र में विधायकों के निलंबन का मामला

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि झिरवाल ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव से कहा कि वह एक साल के निलंबन के खिलाफ दायर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12 विधायकों की याचिका पर जारी उच्चतम न्यायालय के नोटिस का जवाब नहीं दें। विशेषज्ञों ने कहा है कि यह निर्णय संवैधानिक प्रावधानों के साथ-साथ 2007 में राज्य विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों के एक सम्मेलन में पारित एक प्रस्ताव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

इन 12 विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में इस साल पांच जुलाई को पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ कथित बदसलूकी करने के मामले में राज्य विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। झिरवाल ने शुक्रवार को सरकार को शीर्ष अदालत को उन घटनाक्रम से अवगत कराने का निर्देश दिया, जिसके कारण भाजपा के सदस्यों को निलंबित किया गया।

भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने आश्चर्य जताया कि सरकार 12 मतदाताओं के निलंबित होते हुए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव कैसे करा सकती है। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 12 विधायकों ने उनके निलंबन पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए अध्यक्ष के कार्यालय में आवेदन किया है। फडणवीस ने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि अगले सप्ताह होने वाले अध्यक्ष पद के ( शेष पेज 9 )

# पाक से लौटकर मुन्नी अपनी मिट्टी पर कर पाएगी सजदा!

- संभल से 40 साल पहले हुआ था अपहरण, अब पाकिस्तान में मिली महिला
- बहन को वापस लाने को पीएम मोदी से वीजा की गुहार लगा रहा भाई

**बिस्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

**अकरम** अपनी बड़ी बहन को लगभग भूल चुका था। आज से करीब 40 साल पहले जब वह बच्चा था तब बड़ी बहन मुन्नी लापता हो गई थी। तब उसके पिता ने दो साल तक दिन-रात खोजने के बाद यह मान लिया था कि उसकी बेटी अब इस दुनिया में नहीं रही, लेकिन चार दशक बाद अब मुन्नी के पाकिस्तान में होने का पता चला तो खुशियों का ठिकाना नहीं रहा, लेकिन सीमा की बंदिशों ने दिल





तोड़ दिया। परिजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत की बेटी को वापस लाने के लिए वीजा देने की मार्मिक अपील कर रहे हैं।

बीते 20 दिसंबर को एक वायरल वीडियो ने संभल के गांव सरायतरीन निवासी अकरम की जिंदगी को बदल दिया। यह वीडियो पाकिस्तान के कराची की एक अधेड़ उम्र की महिला का था जो संभल के सरायतरीन गांव में अपने परिजनों की तलाश रही थी। वीडियो को अकरम तक पहुंचाने वाले पत्रकार ने पायनियर को बताया कि यह वीडियो देखकर वह चौंक गया। शुरू में वह अपनी बहन को पहचान नहीं सका, लेकिन जिस तरह से उसने गांव और हमारे परिवार के बारे में बताया, इस बात में कोई संदेह ही नहीं रहा कि वह मेरी बड़ी बहन है। यह कहानी ब्लॉकबस्टर फिल्म बजरंगी भाईजान की कहानी से मिलती-जुलती है, जिसमें पवन कुमार चतुर्वेदी (सलमान खान) छह साल की बच्ची मुन्नी को उसके परिवार से मिलाने के लिए पाकिस्तान गए थे।

फिल्म में उसकी मदद एक स्थानीय पत्रकार चांद नवाब ने मुन्नी को उसके परिवार से मिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यहां भी एक स्थानीय पत्रकार मोहम्मद गुफरान ने परिवार को फिर से मिलाने में की। पत्रकार ने अकरम का पता लगाया और उन्हें वह वीडियो दिखाया, जो व्हाट्सएप पर वायरल हो गया था। गुफरान ने ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार , 25 दिसंबर, 2021



# टीके लगवाने वालों को ही मिलेगा धार्मिक स्थलों में प्रवेश

## नए साल और क्रिसमिस का जश्न हुआ फीका, मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में भी शर्तें लागू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



क्रिसमस डे के मद्देनजर शहर के सभी चर्च को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। सेक्टर-34 के सेंट मेरी चर्च के साथ सेक्टर-29, 51 और 50 स्थित चर्च में लोग प्रार्थना करने के लिए पहुंच रहे हैं। प्रशासन की तरफ से दिए गए गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है।

चर्च प्रबंधक की तरफ से कोविड-19 निरोधक की दोनों डोज लेने वाले लोगों को ही चर्च में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। जिला प्रशासन की गाइडलाइन्स के मुताबिक बिना कोरोना निरोधक टीकाकरण प्रमाणपत्र के किसी भी चर्च, मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में एंट्री नहीं मिलेगी। ओमक्रोन और कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों का आंकड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आंकड़ा बढ़ता देख जिला प्रशासन ने सख्त एक्शन और जिला में सतर्कता बढ़ा दी है। प्रशासन की तरफ से 25 दिसंबर क्रिसमस डे में आयोजित होने वाले चर्च और जगह-जगह कार्यक्रमों में कोरोना वायरस का पालन करने का आदेश दिया गया है। कोविड-19 का टीका लगवा चुके लोगों को चर्च में आने की इजाजत होगी। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। पुलिस के तरफ से भीड़भाड़ वाले स्थलों मॉल बड़े समारोह स्थल सिनेमाघरों होटल और पिकनिक स्पॉट पर निगरानी रखी जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने कोरोना वायरस के नए रूप के मामले को लगातार बढ़ोतरी के मद्देनजर क्रिसमस से एक दिन पहले बडा एक्शन लिया है। प्रदेश में नाइट कर्फ्यू का ऐलान किया गया है। अब रोजाना रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू लागू होगा। शादी समारोह में कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत 200 लोगों शामिल होने की अनुमति दी गई है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिसमस और नए नए जश्न की भीड़ को नियंत्रण में रखने का निर्देश दिया है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में इस समय कोरोना संक्रमण के 236 एक्टिव मामले हैं। गुरुवार को पूरे उत्तर प्रदेश में 31 नए मामले सामने आए। गुरुवार को लखनऊ में 4 और गौतमबुद्ध नगर में 11 नए लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। एक्टिव मामलों की बात की जाए तो लखनऊ में इस समय 48 एक्टिव मामले हैं।

गौतमबुद्ध नगर में 41 गाजियाबाद में 28 मुजफ्फरनगर में 15 वाराणसी में 13 और प्रयागराज में 11 कोरोना के एक्टिव मामले हैं। बाकी जनपदों में 10 से भी कम कोरोना संक्रमण के एक्टिव मामले हैं। उत्तर प्रदेश सरकार एक बार फिर कोरोना संक्रमण को लेकर एक्टिव दिखाई दे रही है।

### नोएडा-ग्रेटर नोएडा में धारा-144 बढ़ी

*ओमीक्रोन के बढ़ते खतरे के मद्देनजर दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा में धारा-144 को बढ़ा दिया है। बताया जारहा है कि त्योहारों के साथ-साथ चुनावों के देखते हुए जिला प्रशासन ने धारा-144 बढ़ाने का फैसला किया है। फिलहाल उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में प्रशासन ने पहले 31 दिसंबर तक धारा-144 लागू की हुई है । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के के मुताबिक, दिसंबर माह में क्रिसमस सहित कई त्योहार पड़ेंगे और इस दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा किसी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है, ऐसे में 31 दिसंबर तक जिले में निषेधाज्ञा लागू की गई थी, जिसे और आगे बढ़ाया जा रहा है।*

## संक्षिप्त समाचार



रोहित के पैतृक गांव पतवाड़ी पहुंचने पर स्वागत करते सपा कार्यकर्ता।

### सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बने रोहित यादव

**नोएडा।** पतवाड़ी गांव में समाजवादी पार्टी में छात्र सभा में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी प्राप्त कर अपने पैतृक गांव पतवाड़ी पहुंचने पर सभी ग्रामवासियों ने रोहित सिंह यादव का सभी युवा साथियों ने जोरदार स्वागत किया और रोहित सिंह यादव ने गांव में पहुंचकर अपने सभी बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद प्राप्त किया और युवाओं से 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए दिन रात ज़मीनी स्तर पर मजबूती से मिलकर कार्य करने को कहा। इस मौके पर साथ में जितेन्द्र अग्रवाल पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी व्यापार सभा गौतम बुद्ध नगर अशोक यादव विरेंद्र यादव सतपाल यादव बलराज प्रधान बिरम मुकद्दम महेंद्र प्रधान निवास शर्मा एडवोकेट अतुल शर्मा एडवोकेट अजय शर्मा सोनू यादव केश्राम यादव सुंदर यादव महाशय आदि लोग उपस्थित रहे।

### सीईजीआर की वार्षिक मैनेजिंग कमेटी की मीटिंग संपन्न



संदीप मारवाह

**नोएडा।** सेंटर फोर एजुकेशन ग्रोथ एंड रिसर्च की वार्षिक मैनेजिंग कमेटी की मीटिंग संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ संदीप मारवाह चांसलर एएएफटी यूनिवर्सिटी व फाउंडर मारवाह स्टूडियोज को प्रेसिंडेंट बनाया गया। उनके नाम का प्रस्ताव वर्तमान प्रेसिंडेंट कुंवर शेखर विजेंद्र के द्वारा किया गया। प्रो. के.के अग्रवाल मेंटर सीईजीआर व चेयरमैन नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडेंशन ने उनके नाम पर सहमति दी। इसके साथ ही सीईजीआर के सभी सदस्यों ने उनपर विश्वास व्यक्त किया। मेंटोर के रूप में कुंवर विजेंद्र शेखर अपनी सीईजीआर का मार्गदर्शन करते रहेंगे। संदीप मारवाह ने कहा कि सीईजीआर विगत आठ सालों से देश में एजुकेशन के क्षेत्र में अग्रणी रूप से कार्य कर रहा है। आज हमें इसे प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

### मेवाड़ में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित



**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ऑडिटोरियम में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर आयोजित सत्रहवें पत्रकार प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह, डॉ. सचिदानंद जोशी समेत कुल आठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। प्रदीप सिंह को पत्रकार भूषण सम्मान एवं वरिष्ठ साहित्यकार व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के सदस्य सचिव डॉ. सचिदानंद जोशी को साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। जबकि पत्रकार माधुरी सेंगर, निशा ठाकुर, धनंजय वर्मा, आनंद गुप्ता व आशुतोष कुमार पांडेय को पत्रकार गौरव सम्मान से नवाजा गया। कोरोनाकाल में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले डॉ. मनीष कुमार को चिकित्सक गौरव सम्मान प्रदान किया गया। वरिष्ठ पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष पद्मश्री राम बहादुर राय, मुख्य अतिथि प्रसार भारती न्यूज सर्विसेज के प्रभारी समीर कुमार, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने पत्रकारों को सम्मानित किया।

### निर्माणाधीन इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

**नोएडा।** फेज-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर 85 में निर्माणाधीन कंपनी में काम करते समय एक मजदूर अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फेज-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर 85 में एक कंपनी निर्माण कार्य करा रही है। वहां पर काम कर रहे अब्दुल मुस्तकीम का काम करते समय अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह इमारत से गिर गए।

## आज आएंगे मुख्यमंत्री, बनारस की तर्ज पर सजा शहर: मेयर

- रूट पर लगाई गई एलईडी लाइट

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद आ रहे हैं। वे यहां पुराने शहर में जन विश्वास यात्रा के दौरान अपना रोड शो करेंगे।

रोड शो को लेकर महापौर आशा शर्मा नें अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे गाजियाबाद शहर को योगी का आगमन के दौरान छोटे बनारस की तर्ज पर सजाएं और सवारे। उन्होंने कहा कि योगी के आगमन के दौरान गाजियाबाद की सड़कें बनारस की तरह दिखनी चाहिए। दरअसल पिछले दिनों महापौर आशा शर्मा बनारस गई थी वहां पर वहां के नगर निगम द्वारा की गई व्यवस्था से भी काफी प्रभावित हुई। इसी के चलते उन्होंने नगर आयुक्त को विशेष तौर पर निर्देश दिए किस रूट पर योगी आदित्यनाथ होकर गुजरेंगे वहां पर किसी भी सूरत में गड्ढा व गंदगी नहीं होनी चाहिए।

इस दौरान नगर निगम बनारस के तर्ज पर एलईडी भी लगाएगा, साथ ही खंभों पर पुराने जमाने की तरह भोपू लगाए जाएंगे जिन पर देश भक्ति के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताया जाएगा।

## ठंड में आग ताप रहे दो बच्चों की जलने से मौत

- तीसरा बच्चा गंभीर रूप से झुलसा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा थाना फेस-2 क्षेत्र के गेझा गांव में ठंड से बचने के लिए आग ताप रहे बच्चों के कपड़ों में आग लगने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि थाना फेस-2 क्षेत्र के गेझा गांव में रहने वाले शेर सिंह ने इसकी सूचना थाना फेस-2 पुलिस को दी है।

उन्होंने बताया कि उनकी 2 वर्षीय पोती प्राची, उनके किराएदार रेखा की 6 वर्षीय बेटी यशु और 8 वर्षीय बेटा दिव्यांश बीती रात को घर पर एक तसले में जलाई गई आग ताप रहे थे। तीनों बच्चों ने ऊनी कपड़े पहन रखा था। आग ने ऊनी कपड़े को अपनी चपेट में ले लिया और तीनों बच्चे गंभीर रूप से जल गए। पुलिस ने बताया कि तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर प्राची की देर रात को ही मौत हो गई जबकि शुक्रवार की सुबह बच्ची यशु की मौत हो गई। दिव्यांश की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के चलते गेझा गांव में मातम छा गया है।

### सपनों का आशियाना पाने के लिए खरीदार परेशान

**नोएडा।** सेक्टर-143 आनंद इनफोज मिस्ट एवेन्यू रियल स्टेट प्रोजेक्ट के खरीदारों को वर्षों से अपने सपनों के आशियाने इंतजार है, लेकिन बिल्डर से उन्हें एक दशक बाद भी अपना घर नहीं मिल सका है।

फेस्टिवल सिटी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रविंद्र शर्मा ने बताया कि वर्ष 2012 से 2015 के बीच शहर के सैकड़ों लोगों ने सेक्टर-143 स्थित आनंद इनफोज मिस्ट एवेन्यू रियल स्टेट प्रोजेक्ट के फ्लैट्स रजिस्टर्ड कराए थे।

## जेवर एयरपोर्ट के पास नए साल में शुरू होंगी 5 बड़ी कंपनियां

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे पर नए साल में 5 कंपनियां अपना उत्पादन शुरू कर देंगी। सबसे पहले दिग्गज मोबाइल निर्माता कंपनी वीवो में उत्पादन शुरू होगा। इन पांचों कंपनियों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इनके शुरू होने से 15000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

उद्यमियों ने भी यमुना प्राधिकरण क्षेत्र की ओर रुख तेज किया है। प्राधिकरण क्षेत्र में कंपनियों का निर्माण कार्य भी तेजी से शुरू हो गया है। पांच कंपनियां अगले साल अपना उत्पादन शुरू कर देंगी। इन कंपनियों ने तैयारी तेज कर दी है। सेक्टर 24 में दिग्गज मोबाइल निर्माता कंपनी वीवो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

अगले साल की शुरुआत में कंपनी अपना उत्पादन शुरू कर देगी। पहले चरण में यह कंपनी सात हजार करोड़ का निवेश कर रही है। इसके शुरू होने से करीब 9000 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। यमुना अथॉरिटी क्षेत्र के सेक्टर-32 में अमेरिकन कंपनी एवरी डेनिसन अपने संयंत्र का निर्माण कर रही है।

### मां के आशिक पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** अपनी मां के आशिक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपनी मां के प्रेमी पर कई बार चाकू से गोद का हमला किया। जिसमें महिला का प्रेमी गंभीर रूप से घायल हो गया।

नोएडा के सेक्टर.39 थाना क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में एक महिला रहती है। महिला का राजा नामक एक व्यक्ति से अफेयर चल रहा है। बताया जा रहा है कि महिला का बेटा भी उसी घर में सोया हुआ था। जब बेटे ने सुबह उठकर देखा तो उसकी मां अपने प्रेमी के साथ सोई मिली थी तो अपनी मां के प्रेमी पर कई बार चाकू से गोदकर हमला किया।

## 'एकमो' से होगा कोरोना के अति गंभीर मरीजों का इलाज

- निजी अस्पताल में केंद्रीय मंत्री ने किया सुविधा का शुभारंभ



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की पहली एक्स्ट्रा कोर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजन (एकमो) सुविधा का शुभारंभ कर किया। इसका उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने किया। वीके सिंह ने कहा कि एकमो तकनीक का गाजियाबाद के लोग इसका लाभ उठा सकेंगे।

डॉ आर के मणि ने बताया कि एकमो मशीन कोविड से मरीजों के लिए कृत्रिम फेफड़ों की तरह काम करती है। डॉ सचिन माहेश्वरी ने कहा की वेंटीलेटर काम नहीं करने पर मरीज के शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाया जाता है। डॉ सुहास नायर ने कहा कि एकमो एक जीवन दायनी मशीन है। हृदय रोग सर्जन डॉ. आयुष गोयल ने बताया कि ईसीएमओ फेफड़ों के प्रत्यारोपण सहित सर्जरी से पहले और बाद में गंभीर हृदय और श्वसन विफलता वाले रोगियों के लिए एक सेतु का काम करता है।

इस मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, यशोदा हॉस्पिटल कौशाम्बी के एमडी डॉ. पी.एन अरोड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भावतोष शंखधर, एसीएमओ डॉ. सुनील कुमार त्यागी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## ग्रेनो के प्लास्टिक कचरे से बनेगी सस्ती बिजली

- ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और एनटीपीसी ने किया अनुबंध

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्लास्टिक का कचरा बेचकर मोटी कमाई करेगा। प्लास्टिक वेस्ट के लिए एक बड़ा खरीदार नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन के रूप में मिल गया है।

एनटीपीसी प्रतिदिन 20 टन प्लास्टिक कूडा खरीदेगा। उससे ईंधन तैयार करेगा जिसका इस्तेमाल सस्ती बिजली का उत्पादन करने में किया जाएगा। इससे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भी आमदनी होगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनटीपीसी के बीच गुरुवार को इसका करार हुआ है।

ग्रेटर नोएडा का रेमिडिएशन प्लांट लखनावली में बना हुआ है। जहां कूड़े को सेग्रिगेट किया जाता है। इसमें 50 फीसदी घरेलू कूड़ा होता हैए जिससे खाद बन जाती है। 25 फीसदी कूड़े को प्रोसेस करके मिट्टी में कनवर्ट कर दिया जाता है जिसका इस्तेमाल रोड या गड्ढों की भराई में कर लिया जाता है। शेष 25 फीसदी कूड़ा प्लास्टिक वेस्ट होता है। प्राधिकरण को इसे री-साइकिल करने वाले बड़े खरीदार की तलाश थी जिसे अब एनटीपीसी ने पूरा कर दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण की पहल पर सूरजपुर के पास स्थित एनटीपीसी का रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर करीब 20 टन प्लास्टिक वेस्ट प्रतिदिन खरीदने को तैयार हो गया है।

एनटीपीसी ग्रेटर नोएडा के लखनावली स्थित रेमेडिएशन प्लांट से पृथक हुए प्लास्टिक को अपने सेंटर लाएगा। उसे प्रोसेस करके फ्यूल में तब्दील कर लेगा, जिसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन में किया जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी उपमहाप्रबंधक सलिल यादव से निकिता नंदा उनकी टीम और एनटीपीसी से शास्वतम सुजॉय कुमार राजीव सत्यकाम और अजय कुमार समेत कई अधिकारियों की मौजूदगी में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) FORCE TTFBP FORCE UP16ET5742-YOM 2017 MINIMUM RESERVE PRICE 581750
2) FORCE TTFBP FORCE UP16GT7962-YOM 2020 MINIMUM RESERVE PRICE 1038153
3) FORCE TTFBP FORCE UP16DT1585-YOM 2015 MINIMUM RESERVE PRICE 449445
4) TATAMOTORSLPT1412 UP17AT5844-YOM 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 805708
5) FORCE TTFBP FORCE DL1VC2104-YOM 2014 MINIMUM RESERVE PRICE 356265
6) FORCETTFB DL1VC2247-YOM 2015 MINIMUM RESERVE PRICE 296888
7) FORCETTFB HR58B7576- YOM 2015 MINIMUM RESERVE PRICE 432608
8) FORCE TTFBP FORCE UP16ET5742-YOM 2017 MINIMUM RESERVE PRICE 581750
9) CB_MAHINDRA_FURIO_11_FULLY_BUILT UP14HT8805 YOM 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 1108380
10) HR_VECV2PRO 5040 HR38Y3994-YOM 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 795690
11) SM_SAMRAT UP15ET6450-YOM 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 749228
12) CB_SML SARTAJ UP15DT7330-YOM 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 612521
13) TATA MOTOR LPT 2518 UK17CA2506-YOM 2012 MINIMUM RESERVE PRICE 196823
14) BOLERO_MUV UP14JT5634- YOM 2020 MINIMUM RESERVE PRICE 427232

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 06.01.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR CONTACT : RAJESH ANTIL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT / 09711173320 EMAIL rajesh.antil@kotak.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अखिलेश कोटनाला को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी कार्ड नं.2143861 खो गया है / गुम हो गया हैं। यदि किसी को वह प्राप्त होता है तो कृप्या उस आई कार्ड को प्रबंधक, डेब्ट सर्विसेज एंड मैनेजमेंट, ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडी टॉवर सेक्टर 8 रोहिणी, दिल्ली 110085 को वापस भेज दें।

इसलिए आईसीआईसीआइ बैंक लिमिटेड,के सभी ग्राहको को सूचित किया जाता है कि ऐसे अनाधिकृत व्यक्ति जिनके पास आई डी कार्ड नं.2143861हो किसी तरह का भुगतान न करें।

आगे यह भी सूचित किया जाता है यदि कोई व्यक्ति ऐसे कार्डधारी व्यक्ति को कोई भुगतान करता है / करती है तो वह स्वयं जिम्मेदारी होगी। और आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, का कोई भी पैनल उसके लिए बाध्य / जिम्मेवार नही होगी

दिनांक : 23.12.2021 स्थान नई दिल्ली — आईसीआईसीआई लिमिटेड द्वारा एस डी टावर रोहिणी

**PUBLIC NOTICE**

TAKE NOTICE THAT at behest of our client i.e. Fullerton India Home Finance Company Ltd., we are investigating title of Mr. Diwan Singh Rana ("**Owner**") for Property Bearing No. 36, Khasra No. 811, Village Nawada Majra Hastsal, Om Vihar Phase-II, Uttam Nagar, New Delhi ("**Said Property**") who intends to sell the said property to a person who intent to avail a loan from our Client by creating a mortgage against the said property. Any Person having any claims or rights in respect of the Said Property are/is hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within a period of 7 (seven) days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents, falling which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of Said Property and the transaction, if any shall be completed without reference to the claims, if any.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सूचना**

मैं, पिंटू डिंडा निदेशक मैसर्स नील महादेव बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड पता 311, तीसरी मंजिल, ग्लोबल फोयर मॉल, सेक्टर-43, गुरुग्राम, हरियाणा- 122009 ने HSIIDC द्वारा मैसर्स नील महादेव बिल्डर्स प्रा0 लिमिटेड के पक्ष में जारी किया गया पुनः आवंटन पत्र - 94 बी उद्योग विहार, फेस -5 का दस्तावेज खो दिया है अगर किसी को मिलें, तो कृपया उपरोक्त पते पर वापस करें।

**LOST & FOUND**

I, *Shantilal Sethia* s/o *Ramlal Sethia* R/0, A-161, old number F-48-A, Situated at village Sadhora kalan Dabar Wala Garden Colony know as Shastri Nagar, Delhi - 110052, have lost my Original GPA dated 16-01-2006 executed by Manohar lal in favour of Jagat Singh and Original ATS, will dated 16-01-2006 executed by Manohar lal in favour of Jagat singh.
**Lr no.** 1094714/21

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of DCB Bank Ltd, that Mr. Mahender Yadav, Mr. Salek, Mr. Kalu Yadav & Mr. Chandgi Ram Yadav are claiming owners of Property bearing No.137, area measuring 459.90 sq., Mtrs., in Block BH, in sector-70, Situated at New Okhla Industrial Development Area, District Gautam Budh Nagar, UP. "Said Property", vide a mutation letter dated 25.11.2021 issued by Noida Authority, after demise of their father late Mr. Khushi Ram who was the owner of the said property vide a lease deed dated 01.09.2010, registration No. 3597 executed by Noida Authority, All persons including other legal heirs are hereby informed that above mentioned claiming owners want to sell the said property to Mrs. Sarla Sharma & Mrs. Ruchi Vashishta who is taking Loan for purchase of same from DCB Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners in respect of the said property its sale /Mortgage, and any kind of objections kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 14 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**ICICI Bank**

**NOTICE - TO WHOM IT MAY CONCERN**

Shri Awadhesh Kumar Director of M/s Sun Engineering Pvt. Ltd. has offered property at C-14, Sector-4, Block-C, Industrial Area UP-201301 Noida to mortgage with ICICI Bank. Since original sale deed of the said property has been lost the Bank is mortgaging the said property with permission to mortgage from Noida Authority.

If anyone has any claim and objection in mortgage of aforesaid property he may lodge his claim before the bank within a week.

**For ICICI BANK LTD.**
**Regional Office :**
**Sector-18, Noida-201301, Uttar Pradesh, India**

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby notified to Ms. Ritu Pandey D/o Late Sh. Chandra Prakash Pandey and the public at large that my client Mr. Rohit Mishra S/o Sh. C. B. Mishra, R/o:- C-81/3, 2nd Floor, Bhajan Pura, Main Wazirabad Road, North District, Delhi-110053, has filed the divorce petition (HMA no. 705/2018) under section 13(1) (ia)(ib) of Hindu Marriage Act 1955 against his wife Ms. Ritu Pandey. This petition under section 13(1) (ia)(ib) of Hindu Marriage Act 195 has been allowed vide order 25.06.2020 and accordingly, the marriage between petitioner Sh. Rohit Mishra and respondent Smt. Ritu Pandey is dissolved with the decree of divorce under section 13(1) (ia) (ib) of Hindu Marriage Act 1955.

Seal — **(Vijay Shukla)** **Advocate for Petitioner**

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('सुरक्षित लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित उधारकर्ता और सह- उधारकर्ता, ('उधारकर्ता', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके संबधित (उत्तराधिकारी, उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस,) शामिल होंगे), के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार एक आवास ऋण सुविधा के अनुसार दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित उधारकर्ताओं/ सह उधारकर्ताओं को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमे ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित मांग सूचनाओं में उल्लिखित है उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथी से 60 दिनों के अंदर सूचना में विर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता / सह उधारकर्ता राशि का प्रतिभुगतन करने में विफल रहे है और अपेक्षा की है अतएव एतद द्वारा उधारकर्ता / सह उधारकर्ता तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा उक्त अधिनियम धारा 13 (4) के साथ पठित नियमावली के नियम 8 के तहत प्रदत शक्तियों के प्रयोक में संपति का सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है सम्पतियो के सांकेतिक कब्जे की तारीख सहित विवरण निचे वर्णित हैं।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वीर सिंह/ मीना सिंह/ LBDEL00001737415 | फ्लैट नंबर 11, एमआईजी फ्लैट, तीसरी मंजिल, पॉकेट- डी-5, सराय खलील दिल्ली/ 18 दिसंबर, 20211 | जुलाई 23, 2021 ₹. 12,48,609/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/ जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: सुरक्षित ब्याज़ (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

**दिनांक: दिसंबर 24, 2021**
**स्थान: दिल्ली/ एनसीआर**
**प्रधिकृत अधिकारी**
**प्रतिभूत लेनदार**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कोरोना व प्रदूषण साथ-साथ, सख्त पाबंदियों की ओर बढ़ रही दिल्ली!

## राजधानी में प्रदूषण फिर लगातार घोंट रहा सांसें, कोरोना के छह माह में आए रिकॉर्ड केस

## स्थिति प्रतिकूल रही तो विशेषज्ञों और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से करेंगे परामर्श : राय

संजय राय। नई दिल्ली



प्रदूषण और कोरोना तथा साथ में ओमीक्रोन, एक साथ बढ़ रहे हैं। इससे राजधानी एक बार फिर सख्त पाबंदियों की ओर बढ़ती दिख रही है। कोरोना के जहां छह महीने में रिकॉर्ड 180 केस आए वहीं, ओमीक्रोन के मामले में दिल्ली देशभर में दूसरे नंबर पर है।

सरकार चिंतित है और उच्च स्तर पर बैठकों का दौर जारी है। प्रदूषण की स्थिति भी लगातार गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी हवा गंभीर श्रेणी (एक्यूआई 411) में बनी हुई है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने स्पष्ट कहा कि हालात नहीं सुधरे तो सख्त पाबंदियां लगाई जा सकती हैं। राजधानी दिल्ली में दो सप्ताह में तेजी से कोविड-19 के मरीज बढ़े हैं। नौ से 15 दिसंबर के बीच जहां कुल 362 संक्रमित मरीज मिले थे। वहीं अगले सात दिनों 16 से 24 दिसंबर के दौरान लगभग 750 मामले आए।

शुक्रवार को कोविड-19 के 180 नए मरीज मिलने के बाद यहां संक्रमितों का कुल आंकड़ा 14.42 लाख के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही पॉजिटिविटी दर भी बढ़कर 0.29 फीसदी पर पहुंच गई है। इस दौरान सक्रिय मरीजों की संख्या भी एक बार फिर से बढ़कर 800 के करीब पहुंच गई है। इस दौरान ओमीक्रोन मरीजों की संख्या भी दोगुनी हो गई और यह शहर देशभर में दूसरे नंबर पर है। राहत की बात यह है कि आज संक्रमण से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई।

उधर दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तो वायु प्रदूषण ने सांस लेना मुश्किल कर दिया है। शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी हवा गंभीर श्रेणी (एक्यूआई 411) में बनी हुई है। साथ ही नोएडा (एक्यूआई 387), ग्रेटर नोएडा (एक्यूआई 360), गाजियाबाद (एक्यूआई 380)और फरीदाबाद (एक्यूआई 413)के अधिकांश इलाके रेड जोन में हैं।

इस दौरान बवाना में एक्यूआई 471 दर्ज किया गया, जो कि एनसीआर में सबसे अधिक है। इस संबंध में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण की स्थिति में बढ़ोतरी हो देखने को मिल रही है। इस संबंध में विशेषज्ञों से बात हुई है।

उन्होंने आने वाले दो-तीन दिनों के अंदर प्रदूषण के स्तर में सुधार होने का पूर्वानुमान जताया है। इसके बाद ाी अगर हालात नहीं सुधरे तो सरकार फिर से पाबंदी लगाने पर विचार करेगी। राय ने बताया कि गत चार दिनों से मौसम में बदलाव और हवा की गति मंद होने की वजह से प्रदूषण के कण नीचे आ रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण रविवार और सोमवार को कई इलाकों में बारिश हो सकती है। इसके बाद हवा की सेहत में सुधार संभव है।

अगर फिर भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग से बात करेंगे। उसके बाद आगे की स्थिति तय की जाएगी। साथ ही कहा कि पाबंदियां लगाई जा सकती है जिससे कि प्रदूषण की स्थिति को ठीक किया जा सके।

### व्यापारी संगठनों से सावधानी बरतने की अपील

नई दिल्ली। ओमिक्रान के संभावित प्रकोप की आशंका को देखते हुए कंफेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज़ (कैट) ने शुक्रवार को दिल्ली सहित देश भर के व्यापारिक संगठनों से बाज़ारों में कोविड सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की है। ताकि संभावित लॉक डाउन से बचा जा सके कैट के राष्ट्रीय अध्यक्षबीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने ज़ोर देकर केंद्र एवं देश के विभिन्न राज्यों की सरकारों से कहा है की लॉक डाउन जैसा कोई भी कदम न उठाया जाए। इससे देश के व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को नुक़सान होगा और यदि लॉक डाउन लगाना ज़रूरी हो तो कोई भी निर्णय लेने से पहले व्यापारियों से सलाह अवश्य की जाए।

### ओमीक्रोन के मरीज पैरासीटामोल से हो रहे ठीक

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल (एलएनजेपी)में इलाज करवा रहे ओमीक्रोन के मरीजों को अभी तक सिर्फ पैरासिटामोल और मल्टी विटामिन की गोलियां दी गयी हैं। अस्पताल के चिकित्सकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जिससे 40 में से 19 मरीज ठीक होने के बाद अपने घर जा चुके हैं। एलएनजेपी अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि दिल्ली सरकार के एलएनजेपी अस्पताल में ओमीक्रोन वैरिएंट से संक्रमित 40 मरीजों को भर्ती किया जा चुका है। उनमें से 19 मरीज इलाज के बाद पूरी तरह से ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि कोरोना के ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित करीब 90 फीसदी मरीजों में बीमारी के कोई लक्षण नहीं हैं।



# महरौली के रेस्टोरेंट में भारी भीड़, किया सील

- डीडीएमए के दिशा-निर्देशों का हो रहा था उल्लंघन

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच पुलिस ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर महरौली में एक रेस्तरां को सील कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट सोनालिका जिवानी ने बताया कि डीडीएमए की ओर से जारी ताजा दिशा-निर्देशों के तहत बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने पर लगे प्रतिबंध के मद्देनजर पुलिस की टीमों ने कुछ स्थानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने महरौली के डियाब्लो रेस्तरां का देर रात करीब 10 बजकर 45 मिनट पर निरीक्षण किया और उस समय वहां करीब 600 लोग मौजूद थे। रेस्तरां ने कोविड-19 संबंधी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से उल्लंघन करते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। सोनालिका जिवानी ने बताया दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के कारण रेस्तरां को सील कर दिया गया।

# 20 करोड़ की लोन धोखाधड़ी में दंपति गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





आर्थिक अपराध शाखा ने 20 करोड़ रुपये के लोन धोखाधड़ी में एक दंपति को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान मनदीप सिंह और तरविंदर कौर के रूप में हुई है। इन लोगों ने अपनी कंपनी के नाम पर एनबीएफसी से बीस करोड़ का लोन लिया और इसके लिए गुरुग्राम की एक जमीन को गिरवी रखा, लेकिन बाद में मनदीप ने यह प्रॉपर्टी चोरी छिपे अपनी पत्नी के नाम पर स्थानांतरण कर दी। इस फर्जीवाड़े में शामिल कुछ अन्य लोगों की तलाश पुलिस कर रही है।

संयुक्त आयुक्त छाया शर्मा के अनुसार, एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि समरेश अग्रवाल की तरफ से 20 करोड़ की ठगी की शिकायत दी गई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि जय पॉलिकेम एवं जय टेली मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके साथ यह ठगी की गई है। उन्होंने बीस करोड़ रुपये के पांच लोन लिए थे। इसके लिए एग्रीमेंट बनाया गया था। इस कंपनी के निदेशक सतिंदर पाल सिंह और संदीप सिंह ने गारंटी भी दी थी।

उन्होंने गुरुग्राम स्थित एक प्रॉपर्टी को इस लोन के लिए गिरवी भी रखा था। इस प्रॉपर्टी के दस्तावेज उनके पास गिरवी रखे गए थे, लेकिन लोन लेने के बाद उन्होंने इसकी किश्त बंद कर दी। उन्होंने इसके लिए आर्बिट्रेशन प्रोसीडिंग्स शुरू की। जुलाई 2015 में उनके हक में फैसला आ गया।

## शिमला बनी दिल्ली न्यूनतम पारे में सिर्फ 0.1 डिग्री सेल्सियस का अंतर

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अब शिमला की तरह सर्दी पड़ रही है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान जहां सामान्य से दो कम 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं, शिमला का न्यूतनतम तापमान सामान्य के बराबर 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में सर्दी का कहर जारी है।

बीते 24 घंटे में दिल्ली और शिमला के न्यूनतम तापमान में सिर्फ 0.1 डिग्री सेल्सियस का अंतर दर्ज किया गया है। यही नहीं सर्दी के रिकॉर्ड में जम्मू को भी पीछे छोड़ दिया है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेंद्र जेनामणी के मुताबिक, इस सप्ताह से उत्तरी पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिम राजस्थान के ऊपर बन रहे चक्रवात की वजह से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है।

## दिल्ली मेट्रो को मिला पहला स्वदेशी सिग्नल सिस्टम

- फील्ड ट्रायल शुक्रवार से रेड लाइन पर हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो को पहला स्वदेशी आई-एटीएस सिस्टम मिल गया है। यह एक सिग्नलिंग टेक्नोलॉजी है जो खुद ही ट्रेनों का सुपरविजन करेगी।

इसका फील्ड ट्रायल शुक्रवार से दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन (शहीद स्थल-रिठाला) के लिए शुरू किया गया। इसके साथ ही मेट्रो परिचालन के 20वें वर्ष की शुरूआत के उपलक्ष्य में कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर स्थायी प्रदर्शनी का अनावरण भी किया गया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन (शहीद स्थल-रिठाला) के लिए शुक्रवार को प्रथम स्वदेशी आई-एटीएस (देश में विकसित, ऑटोमेटिक ट्रेन सुपरविजन) टेक्नोलॉजी के फील्ड ट्रायल का उद्घाटन शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और डीएमआरसी अध्यक्ष ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. मंगू सिंह और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के मुख्य प्रबंध निदेशक आनंदी रामलिंगम ने बताया कि इस आई-एटीएस टेक्नोलॉजी का विकास डीएमआरसी और बीईएल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

## भारत दर्शन पार्क का उद्घाटन आज

नई दिल्ली। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर के अवसर पर दिल्ली की जनता को भारत दर्शन पार्क गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समर्पित करेंगे।

दक्षिणी निगम के महापौर मुकेश सुर्यान ने बताया कि दक्षिणी निगम वेस्ट टू वेल्थ अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए एक और बेहतरीन पर्यटन स्थल देने जा रहा है। इसी अवधारणा पर आधारित वेस्ट टू वंडर पार्क पूरे देश में नही विदेशों में ख्याति प्राप्त कर रहा है और यह नवनिर्मित भारत दर्शन पार्क भी निगम के लिये मील का पत्थर साबित होगा। वेस्ट टू वंडर पार्क की भाँति ही यह पार्क भी लोकप्रिय पर्यटन स्थल बनेगा। यह पार्क पंजाबी बाग में 8 .5 एकड़ के प्लॉट पर बनाया गया है और स्मारकों की प्रतिकृतियाँ जैसे कि कुतुबमीनार, ताजमहल, चारमीनार, गेटवे ऑफ इण्डिया, कोर्णार्क मंदिर, नालंदा स्मारक, मैसूर पैलेस,मीनाक्षी मंदिर, हंपी, विक्टोरिया मेमोरियल, साँची स्तूप, गोल गुम्बद, अजंता-ऐलोरा , हवा महल आदि बनाए गए हैं।

एम एस टी सी लिमिटेड
MSTC LIMITED
ई–नीलामी कार्यक्रम
27.12.2021
अधिक जानकारी के लिए www.mstcecommerce.com एवं www.mstcindia.co.in पर जाएं।



# सकारात्मक सोच के साथ हर खेल में आगे बढ़ें खिलाड़ी: सुधीर सिंगला

## क्रिकेट सीरिज के फाइनल मैच के बाद खिलाड़ियों को विधायक ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विधायक** सुधीर सिंगला ने सेक्टर-73 में ऑल इंडिया स्पोर्ट्स क्यूब की ओर से आयोजित क्रिकेट सिरीज के फाइनल मैच में सोनीपत की संकल्प क्रिकेट अकादमी की टीम विजेता रही। विजेता टीम व उत्कृष्ट खिलाड़ियों को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हर खेल में खिलाड़ी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। हार-जीत खेल का हिस्सा हैं। दोनों को ही सकारात्मक लेना चाहिए। जीतने पर घमंड ना हो और हार पर निराशा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा खिलाड़ियों की खान है। लगभग हर खेल में हमारे युवाओं ने स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ओलंपिक में भी मेडल देश को दिलाए हैं। हमारे बेटे-बेटियों ने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।



गुरुग्राम में क्रिकेट सिरीज के विजेताओं को सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को सुविधाएं देने के साथ इनामों की बौछार की है। खिलाड़ियों को करोड़पति बना दिया गया है। सरकार की खेल नीति में खिलाड़ियों को अनेक सुविधाएं दी गई हैं। खेलों की तरफ सरकार का पूरा ध्यान है। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, डाइट आदि देकर उन्हें मजबूत बनाया जा रहा है, ताकि भविष्य में वे प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने यहां विकास कार्यों का भी जिक्र किया और कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा समान विकास के कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश तरक्की के रास्ते पर है। प्रदेश को हर क्षेत्र में नंबर-1 बनाने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

हरियाणा के विकासात्मक नीतियों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी तारीफ करते हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने बेहतरीन व सफल आयोजन के लिए स्पोर्ट्स क्यूब के फाउंडर दीपक सिंह व उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं। क्रिकेट सिरीज के फाइनल मैच में सोनीपत की संकल्प क्रिकेट अकादमी विजेता रही। फरीदाबाद की रावल अकादमी उप-विजेता रही। इस अवसर पर राजपूत महासभा से तिलकराज, दिल्ली भाजपा आईटी प्रमुख पुनित अग्रवाल उपस्थित रहे।

# प्रकृति की पूजा ही भगवान की पूजा: अनुराग बख्शी



भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व आईआरएस अनुराग बख्शी का स्वागत करते प्रधानाचार्य राम बहादुर।

**गुरुग्राम।** प्रकृति ही परमेश्वर है और प्रकृति की पूजा ही भगवान की पूजा है। इसलिए नित्य प्रकृति का वंदन पूजन करना चाहिए। ये बातें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व आईआरएस अनुराग बख्शी ने शुक्रवार को गढ़ी-हरसरू स्थित विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में आयोजित तुलसी जयंती समारोह में कही।

समारोह में पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य राम बहादुर ने अनुराग बख्शी का स्वागत किया। तुलसी और माता सरस्वती पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पहली कक्षा से लेकर 12 कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। तुलसी पूजन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, शहीद भगत सिंह, शिक्षा के महत्व जैसे विषयों पर विचार रखे। अपने संबोधन में भाजपा नेता अनुराग बख्शी ने कहा कि ईश्वरीय शक्तियां अनेकों रूपों में प्रकृति में सर्वत्र विराजमान है। और अपने-अपने तरीकों से मानव जीवन का भरण पोषण और संरक्षण करती है। उनके बिना आप जीवन की कल्पना नही कर सकते। सूरज, चांद, पर्वत, नदिया व वृक्ष, फल, और फूल ना हो तो कैसा जीवन होगा हमारा। इसलिए प्रकृति पूजन जरूरी है। जब हम किसी कार्य को नित्य करते रहते है और अपनी जीवन शैली का हिस्सा बना लेते हैं तो वही संस्कार और परम्परा बन जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी स्कूल के सैकड़ों छात्रों को वितरित की जर्सियां



**होडल।** सर्दी के मौसम को देखते हुए शुक्रवार को भारत विकास परिषद के तत्वावधान में नंबर एक सरकारी स्कूल के प्रांगण में जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्षता परिषद के प्रांतीय संयोजक डा. जेके मित्तल ने की। इस मौके पर सरकारी स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को जर्सियां वितरित की गई। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित जर्सी वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय संयोजक डा.जेके मित्तल ने कहा कि जन सेवा से बडी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम में सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले गरीब बच्चे अपने घरों से ठिठरते हुए स्कूल में पहुंचते हैं। जिन्हें देखते हुए परिसर ने जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे की गरीब बच्चों की सहायता हो सके। उन्होंने बताया कि नंबर एक स्कूल के सैकड़ों बच्चों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत जर्सियां वितरित की गई हैं। आगे भी परिषद अलग-अलग सरकारी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को जर्सियां वितरित करेगा। कार्यक्रम के इस मौके पर परिषद के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### सरिया चोरी कर रही महिलाओं ने गार्ड को घायल किया

**सोहना।** सोसायटी के अंदर सरिया चोरी कर रही महिलाओं ने गार्ड को सरिया व पत्थर फेंक-फेंक कर घायल कर दिया। घायल गार्ड को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम सेक्टर-10 के लिए रेफर कर दिया। मूलरूप से जिला जेवर उत्तर प्रदेश निवासी बिजेन्द्र ने भोंडसी थाना में आधा दर्जन महिलाओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बिजेन्द्र ने भोंडसी पुलिस को बताया कि बुधवार की सायं करीब 4 बजे वह धुनेला में स्थित सेंट्रल पार्क में बतौर गार्ड की नौकरी कर रहा था। सोसायटी के अंदर कुछ लोहा हेलीपैड के निकट पड़ा हुआ था। जिसमें से तकिया कॉलोनी निवासी महिला मदीना, ताजरीन, ज्योति, काली, प्रेम, मनीषा व तजा सरियां चोरी कर रही थीं। उसने उन्हें सरिया चोरी करने से रोका। इस महिलाओं ने उसके ऊपर दूर से ही पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। सभी महिलाओं ने दो से लेकर तीन-तीन बार उसके पत्थर फेंक कर मारे। तजा ने उसके पैर, हाथ व कमर में सरियां मारी। उसको पिटता देख उसका साथी सतीश गार्ड वहां पर आ गया। जिसने उसे ज्यादा पिटने से बचाया। महिलाएं अन्य गार्ड को घटना स्थल की ओर आता देख वहां से भाग गई। उसे पहले सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। उसके बाद डॉक्टरों द्वारा रेफर किए जाने के बाद गुरुग्राम के सेक्टर 10 के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने नामजद महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दिनेश हत्याकांड: मुख्य आरोपी बर्खास्त फौजी गिरफ्तार



**होडल।** सीआइए पुलिस ने गांव गौडोता में पुरानी रंजिश के चलते चार दिन पहले गोली मारकर हुई दिनेश की हत्या के मामला का मुख्य आरोपी बर्खास्त फौजी राहुल उर्फ सुधार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पकडे गए आरोपी को अदालत में पेश करके रिमांड पर लेगी। पुलिस पकडे गए आरोपी से वारदात में इस्तेमाल होने वाले हथियार और अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ करेगी। ज्ञात रहे कि 20 दिसंबर को सुबह घर से घुमने के लिए निकले गांव गौडोता निवासी दिनेश की गांव के सरकारी स्कूल के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। दिनेश की हत्या गांव के ही बर्खास्त फौजी राहुल उर्फ सुधार ने पुरानी रंजिश के चलते की थी। पुलिस ने मृतक दिनेश के चचेरे भाई की शिकायत पर राहुल सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। सीआइए पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी राहुल को देर रात हसनपुर चौक के पास गिरफ्तार कर लिया। सीआइए प्रभारी जंगशेर ने जानकारी में बताया कि पुलिस ने जब राहुल से पूछताछ की तो उसने बताया कि कुछ दिनों पहले दिनेश ने उसके परिवार के साथ झगड़ा किया था। उसी रंजिश के चलते उसने दिनेश की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रभारी ने बताया कि हत्यारा राहुल जब फौज में था तो उसने फौज में ही किसी के साथ झगड़ा कर दिया था। जिसके कारण उसे फौज से बर्खास्त कर दिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी क्योंकि पकड़े गए आरोपी से वारदात में इस्तेमाल होने वाले हथियार की बरामदगी व अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ करेगी।

# अतिरिक्त निगमायुक्त ने किया शौचालयों का निरीक्षण

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों की टीम के साथ सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी शौचालयों का रखरखाव ओडीएफ प्लस प्लस के मापदंडों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि गुरुग्राम को ओडीएफ प्लस प्लस का सर्टिफिकेशन मिला हुआ है, जिसका अब पुन: प्रमाणीकरण सरकार द्वारा किया जाना है। संबंधित अधिकारी एवं शौचालयों का रखरखाव का जिम्मा संभाल रही एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना है कि सभी शौचालय ओडीएफप्लस के मापदंडों के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि शौचालयों की सफाई एवं अन्य सुविधाओं के बारे में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोताही मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त निगमायुक्त ने राजीव चौक, जेल कॉम्पलैक्स, कोर्ट कॉम्पलैक्स, कमला नेहरू पार्क, गऊशाला मैदान सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित शौचालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां नजर आई उन्हें दूर करने के निर्देश दिए।

# ट्रेडिशनल फूड्स हैं हमारी सेहत का खजाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## जनता को ट्रेडिशनल फूड्स की आज बताएंगे विशेषताएं, लगेगा मिलेट्स फूड फेस्टिवल

## खेती विरासत मिशन और नवकल्प फाउंडेशन मिलकर कर रहे आयोजन

**इसमें** कोई दोराय नहीं है कि ट्रेडिशनल फूड हमारी सेहत का खजाना होते हैं। समय के साथ हमने इन्हें पीछे धकेल दिया और फास्ट फूड व अन्य खाद्य पदार्थों की तरफ हम आकर्षित हो गये। खाने के पुराने दौर को वापस लाकर हम अपने सेहत को सुधार सकते हैं। बीमारियों से दूर रह सकते हैं।

इसी को लेकर गुरुग्राम में शनिवार को मिलेट्स फूड फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। पंजाब में सक्रिय खेती विरासत मिशन एवं नवकल्प फाउंडेशन की ओर से यह फेस्टिवल सेक्टर-46 स्थित रेजीडेंसी ग्रीन्स सोसायटी में लगाया जा रहा है। जिसमें मिलेट्स फूड के फायदे बताने के साथ उसे आज के समय में अपनी थाली का अहम हिस्सा बनाने को प्रेरित किया जाएगा। नवकल्प फाउंडेशन के महासचिव आयुर्वेदाचार्य डा. सुनील आर्य के मुताबिक मिलेट्स मैन ऑफ इंडिया डा. खादर वली मैसूर की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का आयोजन जनहित के लिए किया जा रहा है। डा. सुनील आर्य बताते हैं कि इस फूड को श्रीधान्य भी कहा जाता है। यह 300 साल पहले तक खाया जाता था। जिससे लोग बीमारियों से बचे रहते थे। अब इसका चलन न के बराबर है। ऐसे में हमारी पीढ़ियां बीमारियों की चपेट में हैं। हालांकि साउथ में लोगों द्वारा इसे अपने खाने में शामिल किया जा रहा है। इसकी विशेषता यह है कि इसे कम पानी में पैदा किया जा सकता है। प्रोटीन से भरपूर होता है। इसके सेवन से नई बीमारियां नहीं लगती और पुरानी बीमारियां जड़ से खत्म होती हैं। खेती विरासत मिशन के साथ मिलकर नवकल्प ने पुराने दौर को वापस लाने का प्रयास किया है। इसलिए, यहां फूड फेस्टिवल लगाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रेजीडेंसी ग्रीन्स सोसायटी की आरडब्ल्यू का सहयोग रहेगा। यहां से इसकी शुरुआत है। आगे इसे जनता के बीच ले जाया जाएगा, ताकि हर कोई इसके प्रति जागरूक हो। इस अवसर पर खेत विरासत मिशन के संस्थापक उमेंद्र दत्त, अंतरराष्ट्रीय महिला शेफ समेत काफी संख्या में लोग शिरकत करेंगे।

# 14 छात्रों को स्वर्ण पदक समेत 567 को बांटी डिग्रियां

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में मनाया गया दीक्षांत समारोह

## एम्स निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने किया ऑनलाइन शुभारंभ

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। ये कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह में 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व 567 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की गई।

केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को चौथा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। ऑनलाइन हुए इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एम्स निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने शिरकत की थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डा. गुलेरिया ने अपने संबोधन में यूनिवर्सिटी की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की। विवि की शिक्षा प्रणाली को बेहतरीन बतलाया। समारोह में स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, इंजीनियरिंग, एजुकेशन फैशन, मैनेजमेंट, आर्किटेक्चर, पत्रकारिता आदि संकायों में सफल रहे कुल 567 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। जिनमें 448 स्नातक, 96 स्नातकोत्तर व 23 डॉक्टरेट डिग्री धारक शामिल रहे। समारोह में 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किये गए। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर





केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के ऑनलाइन दीक्षांत समारोह में संबोधन करते एम्स निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया।

दिनेश सिंह ने कहा कि विद्यार्थी ही समाज में बदलाव ला सकते हैं। जिसके लिए शिक्षक वर्ग का सहयोग अत्यन्त जरूरी होता है। समारोह में यूनिवर्सिटी चैयरमैन यशदेव गुप्ता, वाइस चांसलर डॉक्टर अविरेनी, वाइस चांसलर डॉक्टर पुष्पलता त्रिपाठी, रजिस्ट्रार ग्रुप कैप्टन प्रवीण महाजन, मॉस कम्युनिकेशन डीन डॉक्टर किरण बाला आदि मौजूद थे। समारोह में कुल 567 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। जिनमें 448 स्नातक, 96 स्नातकोत्तर व 23 डॉक्टरेट डिग्री धारक थे। समारोह में 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किये गए।

# ओमीक्रोन के खौफ से घरों से डोज लगवाने निकले लोग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## तीन दिन में 307 लोगों ने कोरोना का टेस्ट कराया

**नागरिक** अस्पताल में कोरोना टेस्ट कराने वालों की संख्या एक बार फिर से बढ़ने लगी है। तीन दिन में 307 लोगों ने कोरोना का टेस्ट कराया है। बीते तीन माह में 2500 के करीब लोगों ने कोरोना एन्टीजन व आरटीपीसीआर टेस्ट कराये हैं।

देश में ओमीक्रोन के पैर पसाने तथा बीते एक सप्ताह में तेजी से केसों में बढ़ोत्तरी होने से लोगों में खौफ बढ़ने लगा है। नागरिक अस्पताल में एक दिन में कोरोना के टेस्ट कराने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी है। तीन दिन में 307 लोगों ने कोरोना का एन्टीजन व आरटीपीसीआर टेस्ट कराया है। जबकि इससे पहले एक दिन में कोरोना का टेस्ट कराने वालों की संख्या 40 से 50 ही होती थी।

### दूसरी डोज के लिए लगी लाइन

**कोरोना** वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाने वालों की गुरुवार को संख्या और दिन की अपेक्षा अधिक रही। बीते दो दिन में 350 लोगों ने दूसरी डोज का वैक्सीन लगवाई। जबकि अन्य दिन दूसरी डोज का वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या एक दिन में 100 से 120 तक पहुंचती थी। जबकि पहली डोज लगवाने वालों की संख्या 50 से 55 के करीब एक दिन की है।

### ऐसा कहते हैं एसएमओ

**नागरिक** अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि कोरोना के टेस्ट और वैक्सीनेशन में किसी प्रकार की कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। ओमीक्रोन के खौफ से दूसरी डोज न लगवाने वाले अपने आप ही तीन से बाहर निकलने लगे हैं।

# ट्रेड लाइसेंस कैंप में अब नई प्रॉपर्टी आईडी के लिए भी करें आवेदन

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा विभिन्न मार्केट क्षेत्रों में लगाए जाने वाले ट्रेड लाइसेंस शिविरों में अब कोई भी नागरिक नई प्रॉपर्टी आईडी बनवाने के लिए भी आवेदन कर सकेगा।

इस बारे में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहूजा द्वारा सभी जोनल टैक्सेशन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नागरिकों को नई प्रॉपर्टी आईडी बनवाने की सुविधा ट्रेड लाईसेंस कैंप में भी दें। निगमायुक्त के निर्देश पर जोनल टैक्सेशन अधिकारियों द्वारा आगामी दिनों में लगाए जाने वाले ट्रेड लाइसेंस कैंपों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ये विशेष कैंप विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित तिथि अनुसार प्रात: 11 बजे से शाम तक आयोजित किए जाएंगे। 25 दिसम्बर को सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-10ए, ग्लोबल फोयर मॉल पालम विहार, आईएलडी ट्रेड सेंटर सेक्टर-47, सेंट्रल आरकेड नियर सहारा मॉल आदि शामिल हैं।

# पुलिस 15 मिनट लेट होती तो बंगलादेश फरार हो जाता हत्यारोपी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**चुन्नी** से गला घोंटकर युवती की हत्या करने वाले 5 हजार रुपये के शातिर ईनामी बदमाश को अपराध शाखा सेक्टर-31 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने काबू किया। इस गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा दी है।

शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) प्रीतपाल सांगवान ने बताया कि यदि पुलिस 15 मिनट में आरोपी को गिरफ्तार नहीं करती तो वह बंगलादेश जा चुका होता। जहां से वह गिरफ्तार किया गया, वहां से बंगलादेश की दूसरी मात्र एक किलोमीटर है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस द्वारा पांच हजार रुपयों का ईनाम भी घोषित किया हुआ था। उन्होंने बताया कि युवती पर शादी करने का दबाव बना रहा था आरोपी, युवती ने मना करने पर आरोपी ने दिया हत्या करने की वारदात को अन्जाम। आरोपी गुरुग्राम के सिलोखरा में किराये के मकान में रहता था और ड्राइवर की नौकरी की नौकरी करता था।



पश्चिम बंगाल से गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गुरुग्राम में युवती की हत्या का आरोपी।

**गुमशुदगी के बाद हत्या का केस दर्ज** : युवती नरगिस की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की थी। इसके बाद महर्षि दयानन्द प्राईमरी स्कूल साऊथ सिटी-1, गुरुग्राम के पास पार्क में मृत अवस्था में मिली। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का एफएसएल, सीन ऑफ क्राइम व फिंगरप्रिन्ट की पुलिस टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक युवती का पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद इस मामले में नरगिस खातुन की अज्ञात युवक द्वारा हत्या करने का केस दर्ज किया गया।

**पश्चिम बंगाल का ही रहने वाला है आरोपी** : इस मामले में पुलिस आयुक्त केके राव ने सहायक पुलिस आयुक्त अपराध प्रीतपाल सांगवान के नेतृत्व में एक स्पेशल पुलिस टीम का गठन किया गया। उनके नेतृत्व में निरीक्षक आनन्द कुमार प्रभारी अपराध शाखा सेक्टर-31 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सहायता से हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर आरोपी का पता लगाया। उसे बीती 21 दिसम्बर को न्यू जलपायू गुड़ी, फुलवारी चौक पश्चिम बंगाल से काबू किया। आरोपी की पहचान सफिकउल इस्लाम पुत्र अब्दुल रसीद निवासी गांव कुशकारी, थाना बन्शीहरी, जिला दक्षिण दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल के रुप में हुई।

**आरोपी ने कर रखी हैं तीन शादी** : पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल करते हुए खुलासा किया कि उसने तीन शादी कर रखी हैं। उसका युवती नरगिस खातून के साथ भी अफेयर था। वह उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। उसने शादी करने के लिए मना कर दिया तो उसकी हत्या कर दी।

# 'खुशियों की गूंज' लुमिनस ने वंचितों को पहुंचाई मदद 6000 किट्स वितरित कीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में पॉवर बैकअप और होम इलेक्ट्रिकल्स में लीडर, लुमिनस पॉवर टेक्नॉलॉजीस ने अग्रणी भारतीय नॉट-फॉर-प्रॉफिट संगठन, गूंज के साथ समाज के वंचित वर्ग तक पहुंचकर उन्हें अपने 'खुशियों की गूंज' अभियान के तहत 6000 किलोग्राम आवश्यक सामग्री पहुंचाई। आवश्यक किट्स में राशन, कपड़े, किताबें, स्टेशनरी, खिलौने आदि शामिल हैं।

अभियान के परिणामों के बारे में, विपुल सभरवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, लुमिनस पॉवर टेक्नॉलॉजीज ने कहा, 'लुमिनस में हमारा विश्वास है कि हर घर में स्नेह व खुशी का संचार होना चाहिए। हमने समाज को अपना योगदान देने के लिए 'खुशियों की गूंज' अभियान प्रस्तुत किया क्योंकि हम समाज का एक अभिन्न हिस्सा हैं। श्रेणी में मार्केट लीडर्स के रूप में वंचित समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हमारी जिम्मेदारी है और हम उनके कल्याण में अपना योगदान देना चाहते हैं। डीलर्स, वितरकों एवं कर्मचारियों के हमारे विस्तृत परिवार का विशेष आभार, जिन्होंने देश में इस महान उद्देश्य में उदारतापूर्वक अपना योगदान दिया। लुमिनस का पूरा परिवार गूंज का आभारी है, जिसने इस अभियान में हमारा सहयोग किया है।''

अंशु गुप्ता, फाउंडर, गूंज ने कहा, ''हमारा सदैव से विश्वास है कि नेक काम करना एक सामूहिक दायित्व होता है। महामारी ने एक साथ खड़े होकर एक दूसरे का सहयोग करने की जरूरत पर बल दिया है। मैं इस विचार में सहयोग के लिए लुमिनस का धन्यवाद देती हूँ, हमारे संयुक्त प्रयासों द्वारा हम अपने साथी नागरिकों को जरूरी संसाधन पहुंचाने में समर्थ बने, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में रह रहे हैं।'' भारत में 200 से ज्यादा शहरों के 600 से ज्यादा डीलर्स और 170 वितरक और 6,000 से ज्यादा कर्मचारियों ने इस मेगा कलेक्शन अभियान में हिस्सा लिया। ड्राईव के पूरा होने के बाद, लुमिनस ने सामान प्रोसेसिंग एवं पूरे देश में वितरण के लिए गूंज के केंद्रों में पहुंचा दिया।

# बीमा खरीदने से पहले जानने योग्य बातें: वीपी और हेड ऑफ इंश्योरेंस फोनपे ने गुंजन घई ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वीपी** और हेड ऑफ इंश्योरेंस, फोनपे गुंजन घई के अनुसार जीवन संभावनाओं से भरा है, लेकिन इसमें चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। पहली नौकरी, शादी, बच्चे होना जैसी जीवन की खुशी की बड़ी घटनाओं के साथ-साथ-आपको दुर्घटना, बीमारी और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में नुकसान का भी सामना करना पड़ सकता है। इस तरह के कई उदाहरण हैं और इसका आपके पॉकेट या बजट पर प्रभाव पड़ता है। वैसे तो आप वित्तीय नुकसान को नियंत्रित करने या सीमित करने के उपाय कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह से टालना मुश्किल है। और आपकी इसी समस्या के हल के लिए है 'बीमा'-जो इन नुकसानों को कम करने और किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का यह सबसे अच्छा तरीका है। बीमा योजनाएं आपको हुए नुकसान की भरपाई करती हैं। बीमा योजना चुनकर, आप आपात स्थिति में पैसों की परेशानी से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

**बीमा खरीदने से पहले आपको क्या जानना चाहिए, सही समय**

जैसे-जैसे हम जीवन के अलग-अलग पड़ाव से गुजरते हैं, वैसे-वैसे हमारे बीमा में भी बदलाव की जरूरत होती है। यह जानना जरुरी है कि आपके आयु वर्ग के आधार पर आपको किस प्रकार की बीमा योजनाओं की जरूरत होगी। जैसे ही आप एक परिवार बनाते हैं, इन योजनाओं को चुनते समय अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों को ध्यान में रखना जरुरी हो जाता है। छोटे बच्चों के माता-पिता को उनकी शिक्षा के लिए बचत करने पर ध्यान देना चाहिए, जबकि बाद के चरणों में, आपको जरूरतें आरामदायक सेवानिवृत्ति, स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों या बच्चों की शादी में बदल सकती हैं।

**सही राशि** आपातकालीन खर्चों का अनुमान लगाना आसान नहीं है, लेकिन आप अपने वेतन, आयु, और इम्प्लॉयर कवरेज और प्रावधानों जैसे कारकों को देखकर बेहतर ढंग से गणना कर सकते हैं कि आपको कितने की बीमा लेने की जरुरत है।

ब्रांड और मूल्य से परे सही बीमाकर्ता नीचे दी गई बातों को ध्यान में रखकर सही प्रकार का कवरेज प्राप्त किया जा सकता है:

**दावा-निपटान अनुपात:** यदि यह संख्या 100: के करीब है तो यह एक बेहतर विकल्प है, क्योंकि आपके आपात स्थिति में होने पर बेहतर मुआवजा दिया जाता है।

**स्वास्थ्य बीमा के लिए अस्पतालों का नेटवर्क:** यदि आपके बीमाकर्ता की सेवाएं बड़ी संख्या में अस्पतालों और विभागों में कैशलेस बीमा सुविधाओं के साथ उपलब्ध हैं तो स्वास्थ्य बीमा लाभ प्राप्त करना आसान हो जाता है।

**मोटर बीमा के लिए गैरेज का नेटवर्क** : कार और बाइक बीमा योजनाओं को चुनते समय सुविधा तक पहुंच में आसानी बहुत जरुरी है।

**प्रचलित बीमा मिथक- भंडाफोड़!**

''बीमा एक निवेश है''

बीमा उत्पाद को एक निवेश उपकरण के रूप में नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि किसी भी बीमा उत्पाद का प्राथमिक उद्देश्य किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मामले में वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

# कोरोनाः जिले में मिले नौ पॉजिटिव, सात ठीक



कोरोना जांच को लगी प्रयोगशाला में उमड़ी भीड़।

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच जांच करवाने वालों की भीड प्रयोगशालाओं में बढ़ रही है। वहीं जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा देर शाम जारी किए गए मीडिया अपडेट में जानकारी दी कि कोरोना के नौ नए संक्रमित सामने आए है। जिसमें सेक्टर-86 से एक, इरोज गार्डन से एक मरीज, सेक्टर-14 से तीन मरीज, ग्रीन वैली से एक मरीज, ग्रीन फिल्ड कालोनी से एक मरीज, सेक्टर-16 से एक मरीज और चार्मवुड विलेज से एक मरीज शामिल बताया गया है। राहत की बात यह रही कि सात पॉजिटिव रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली।

# किसान और मजदूरों को समर्पित है हरियाणा सरकार : कृष्णपाल गुर्जर

## किसान आधुनिक तकनीक के साथ करें खेती तो निश्चित तौर पर आए होगी दोगुनी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



तिगांव अनाज मंडी में किसान मेले का रिबन काट कर शुभारंभ करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व विधायक राजेश नागर।

**भारत** सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश और प्रदेश में किसान और मजदूर हितेषी सरकारें हैं। किसान व मजदूर की बनाई हुई किसान और मजदूरों के समर्पित सरकारें किसान व मजदूरों के हित में अनेक फैसले ले रही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने यह बात आज शुक्रवार तिगांव के अनाज मंडी में आयोजित सुशासन सप्ताह के तहत डाँ श्यामा प्रसाद मुखर्जी किसान मेले में उपस्थित प्रगतिशील किसानों को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार का किसान मेले आयोजित करने का मुख्य मकसद केंद्र व प्रदेश सरकार के किसान हितेषी सरकार द्वारा किसान हितों में लिए गए किसान कल्याणकारी फैसलों का अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। किसान देश की आर्थिक स्थिति की रीड है। कोविड कॉल में देश की आर्थिक स्थिति को विश्व स्तर पर खेती से जुड़े कार्यों के बदौलत से ही भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत रही।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करना ही सरकार का मुख्य मकसद है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश भर में किसान मेले आयोजित करके किसानों को जनकल्याणकारी योजनाओं बारे जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि किसानों के हर खेत में सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों को मिले। किसान आधुनिक तकनीक अपनाकर अपनी आय को दोगुना निश्चित तौर पर कर सकते हैं। देश में 60 से 70 प्रतिशत लोग खेती से जुड़े हुए हैं।

# हाईरिस्क देशों से लौटकर लापता हुए लोग बढ़ा सकते हैं कोरोना का खतरा

### जिले में हाईरिस्क कंट्री से लौटे 734 लोग, अनट्रेस हैं 227 फोरेन रिटर्न

### 14 पॉजिटिव सैंपलों के जीनोम सीक्रेंसिंग की रिपोर्ट आनी है शेष

### दवाओं की संख्या बढ़ाने के साथ 96 बिस्तरों का अस्पताल तैयारः डॉ. विनय गुप्ता

**कविता।** फरीदाबाद



नागरिक अस्पताल में कोविड वार्ड का निरक्षण करते सीएमओ विनय गुप्ता व डब्ल्यूएचओ के अधिकारी।

**हाईरिस्क** कंट्री से लौटे लोग खतरा बढ़ा सकते हैं, क्योंकि जिले में विदेशों से लौटे 227 लोग लापता हैं, ऐसे में हमें सावधानी बरतनी होगी। यह बात जिला सिविल सर्जन ने जिले में ओमिक्रॉन का पहला मामला सामने आने पर कही है। वहीं ओमिक्रॉन और कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिले के सिविल अस्पताल में नए बने 96 बिस्तरों के अस्थाई अस्पताल में मरीजों के लिए व्यवस्था की गई है। यहां भर्ती मेडिकल वार्ड के मरीजों को शिफ्ट कर दिया गया है। ऑक्सीजन से लेकर सभी तरह की व्यवस्था यहां मरीजों के लिए कर दी गई है।

## 227 लापता बढ़ा सकते हैं खतरा

**सीएमओ** डॉ. विनय गुप्ता ने पायनियर को बताया कि जिले में अब तक 734 लोग हाईरिस्क कंट्री से लौटे हैं। जिसमें से 515 की आठ दिनों के बाद आरटीपीसीआर जांच की जानी है। लेकिन इनमें से 288 की ही जांच की गई है। विदेशों से लौटे 14 लोग पॉजिटिव पाएं गए हैं। इनमें छह पॉजिटिव अस्पतालों में भर्ती हैं और आठ पॉजिटिव मरीज होम आईसोलेशन में हैं। जिनमें सभी के जीनोम सीक्रेंसिंग (डब्ल्यूजीएस) के सैम्पल जांच को भेजे हैं। इनमें से 227 लोगों के दौबारा सैम्पल नहीं लिए गए हैं। इन 227 लोगों के ना मिलने की सूचना पुलिस को दी गई है। ताकि इन्हें जल्द से जल्द ट्रेस करके इनके सैम्पल जांच किए जा सके। ताकि सामने आए बढ़ते मामलों को रोका जा सके।

## तैयार है कोविड अस्पताल



**सीएमओ डॉ.** विनय गुप्ता ने बताया कि जिले में एक ओमिक्रॉन पॉजिटिव आने के बाद नए वेरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर पैदा हुई चिंताओं के बीच स्वास्थ्य विभाग ने नए बने 96 बिस्तरों के अस्पताल को कोविड-19 अस्पताल में तब्दील कर दिया है। जिसमें 20 वेंटीलेटर बिस्तरों के साथ ही सभी में ऑक्सीजन की सुविधा है। यहां भर्ती मेडिकल वार्ड के मरीजों को बीके अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। जिसे देखते हुए यहां सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवा दी हैं। इसकी जांच के लिए इंफोरमेशन टैक्नोलॉजी, इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्यूनिकेशन विभाग के प्रधान सचिव व फरीदाबाद जिला के प्रशासकीय सचिव प्रभारी अनिल मलिक ने और शुक्रवार को डब्ल्यूएचओ के सदस्यों ने भी दौरा किया।

## बढ़ाया दवाओं का स्टॉक

**डॉ. विनय गुप्ता** ने बताया कि जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए उन्होंने दवाओं की उपलब्धता बढ़ाने की हिदायते दी है। वेयरहाउस को इस बारे में सूचना जारी कर दी है। ताकि जल्द से जल्द जिले में सभी तरह की दवाइयां समय पर उपलब्ध हो सके। बीके अस्पताल और सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयां समय पर मरीजों को उपलब्ध करवाई जाएगी।

# रंजिश में युवक की हत्या कर फेंका था शव



हत्या के आरोप में गिरफ्तार रवि।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** को बीते 30 सितम्बर को बल्लभगढ़ में आगरा केनाल के पास एक लावारिश लाश मिली थी। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तलाश शुरू की। तीन दिन के बाद मृत शरीर का पोस्टमार्टम करा दिया गया। इसके बाद मामले की जांच क्राइम ब्रांच डीएलएफ को सौंप दी गयी थी।

अपराध शाखा डीएलएफ के प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में नवनियुक्त उप-निरिक्षक दीपक व सिपाही आनंद की टीम ने मामले की छानबीन करने पर पाया कि मृतक का नाम सन्नी है जो, एसजीएम नगर थानाक्षेत्र में आदर्शनगर का रहनेवाला है और परिजनों ने 4 अक्टूबर को एसजीएम नगर में मृतक सन्नी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस टीम ने मृतक सन्नी के परिजनों से संपर्क कर सारी बात बतायी और इस संबंध में पूछताछ की। पुलिस तकनीकी सहयोग से घटना की कड़ी-दर-कड़ी जोड़ते हुए आगे बढ़ रही थी। इसी क्रम में 21 दिसम्बर को पुलिस ने आदर्श कॉलोनी, एसजीएम नगर फरीदाबाद के रवि उर्फ फेफडा से पूछताछ की तो रवि ने बताया कि वह आटो चलाता है व नशे का आदी है। मृतक सन्नी से कई बार कहासुनी होने के कारण रंजिश रखता था। जिसके कारण 28 सितम्बर को शराब पिलाने के बहाने अपने आटो मे मुल्ला होटल के पास से बैठा कर डीग प्रहलादपुर आगरा नहर पर ले गया और शराब पिलाकर गले मे प्लास्टिक रस्सी डाल कर गला घोंट दिया व सिर मे सीमेन्ट पत्थर से चोंटे मार कर हत्या कर दी। लाश को नहर किनारे फेंक कर उसको गाड़ी के मैट व घास-फुस से ढक दिया।

पुलिस ने आरोपी रवि उर्फ फेफडा को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयोग पत्थर बरामद किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करके रिमांड पर लेकर वारदात मे प्रयोग आटो की को भी बरामद किया गया। आरोपी की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद पुनः उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेज दिया गया।

# भाजपा सरकार में प्रदेश का चहुंमुखी विकासः शर्मा



भाजपा जिला कार्यकारिणी के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित मंत्री मूलचंद शर्मा।

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला फरीदाबाद की जिला कार्यकारिणी के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में बोलते हुए हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश का चहुमुंखी विकास हुआ है।

प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे यानि आखिरी दिन पांच सत्रों का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 11 सत्र हुए और भाजपा फरीदाबाद की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षण वर्ग के दुसरे दिन के प्रथम व प्रशिक्षण वर्ग के सांतवें सत्र में जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर की अध्यक्षता में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश सरकार की सात साल की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। दूसरे दिन दसवें सत्र की अध्यक्षता जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल ने की।

# पंचकुंडीय महायज्ञ कर मनाया बलिदान दिवस

**फरीदाबाद।** आर्य समाज डीएवी पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ द्वारा अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस पर पंचकुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र एव अध्यापकों ने उत्साह से भाग लिया।

छात्रों ने स्वामी श्रद्धानन्द के जीवन पर आधारित भाषण, गीत, कविता आदि प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या नमिता शर्मा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रद्धा की प्रतिमूर्ति थे। अमर शहीद स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती, वे महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी तथा वे आर्य समाज के ऐसे निर्भीक संन्यासी थे। जिन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया तथा देश, धर्म, शिक्षा व भारतीय वैदिक संस्कृति की रक्षा हेतु महान कार्य किये।

# मानव रचना में कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में चैपियन ट्राफी का अनावरण करते शैक्षणिक संस्थान के उपाघ्यक्ष डा अमित भल्ला और डायरेक्टर स्पोर्टस सरकार तलवार।

**मानव** रचना शैक्षणिक संस्थान में डॉ. ओपी भल्ला मेमोरियल कप 15वें कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज का आगाज 8 जनवरी 2022 को होने जा रहा है। इस साल कुल 28 कॉर्पोरेट टीम हिस्सा ले रही हैं। इसी को लेकर मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में चैंपियंस ट्रॉफी का अनावरण किया गया।

इस दौरान सभी 28 टीमों के कैप्टन, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के वीपी डॉ. अमित भल्ला और डायरेक्टर स्पोर्ट्स सरकार तलवार मौजूद रहे। कॉर्पोरेट क्रिकेट कप की शुरुआत मानव रचना के संस्थापक डॉ. ओपी भल्ला ने की थी। उनका मानना था कि काम के साथ-साथ हर किसी को खेलों में भी आगे बढ़ना चाहिए, ताकि मानसिक विकास भी हो सके। हर साल की तरह इस साल भी दिल्ली-एनसीआर के नामी कॉर्पोरेट्स इसमें हिस्सा लेने जा रहे हैं। इनमें आज तक (दिल्ली); हीरो मोटोकॉर्प (गुरुग्राम); मारुति सुजुकी (गुरुग्राम); जेसीबी (फरीदाबाद); एस्कॉर्ट्स कंस्ट्रक्शन (फरीदाबाद); एसीई (फरीदाबाद); होंडा कारें (ग्रेटर नोएडा); सर्वोदय अस्पताल (फरीदाबाद) आदि शामिल हैं।

# लंबे संघर्ष के बाद एनआईटी को सड़क की सौगात

### केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ की जनता को दी 6 करोड़ 21 लाख की दी सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



इंडस्ट्रियल एरिया में सारण से वर्हफुल रोड के कार्य का शुभारंभ करते केंदीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा।

**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने बल्लबगढ की जनता को दी 6 करोड़ 21 लाख की सौगात दी है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लबगढ इंडस्ट्रीज एरिया की सारण चौक से वर्हफूल आयशर रोड को आर एमसी से बनाने के कार्य का शुभारंभ किया। इंडस्ट्रियल एशोसिएशन और सारन गांव की तरफ से दोनों मंत्रियों का आभार जताया।

केन्द्रीय राजनीति मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किया गया विकास देश में बोलता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनी और कथनी में कोई फर्क नहीं है। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने भी केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल का जताया धन्यवाद किया। उन्होंने कहा प्रदेश में चहुंमुखी विकास कार्य हो रहे है। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने इसके अलावा गुड़गांव केनाल के साथ बारिश के मौसम में खराब हुए सड़क का पैच वर्क की भी शुरूआत करवाई। यह कार्य करीब 21 लाख की लागत से होगा। मूलचन्द शर्मा ने नहरी विभाग द्वारा करवाए जा रहे इस पैच वर्क को सही ढंग से करने व जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा स्थानीय सेक्टर-16 किसान भवन में भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद जिला प्रशिक्षण वर्ग एवं जिला कार्यसमिति की बैठक में भी पहुंचे। हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने कहा कि साल 2014 के बाद देश और प्रदेश में ऐतेहासिक विकास कार्य हुए हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने विकास को लेकर देश और प्रदेश में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य किए है। आज आम नागरिक भय मुक्त हुआ है। भाजपा सरकार ने आज मेरिट पर नोकरी देने का काम किया है। पहले की सरकारों में नोकरियों की बोली लगा करती थी। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों का लाभ मिल रहा है।

# उपभोक्ता दिवस पर अधिकारों के प्रति किया जागरुक

**फरीदाबाद।** बुधवार को सहायक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अधिकारी एनआईटी कार्यालय के प्रागण में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (आईएसआई) फरीदाबाद के अधिकारी प्रवीन खन्ना, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय कोषाअध्यक्ष प्रदीप बंसल व विंशेल सहरावत उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक विंशेल सहरावत ने उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय उपभोक्ता कानून के बारे जानकारी देते हुए उनका आवाहन किया कि वे सरकार द्वारा उनके हितो की रक्षा के लिए बनाए गए कानून का लाभ उठाये। इस कानून के तहत 8 प्रकार के अधिकार सभी आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध है। उपभोक्ता एक करोड रूप्ये तक के मामलों के बारे में शिकायत जिला स्तर पर, एक करोड़ से 10 करोड़ के मामले राज्य स्तर व 10 करोड़ से उपर के मामले की शिकायत राष्टीय उपभोक्ता न्यायालय में कर सकते है और इसके लिए किसी प्रकार के वकील की आवश्सकता नहीं है। इस अवसर पर बोलते हुये प्रदीप बंसल ने बताया कि हम सभी किसी ना किसी रूप में उपभोक्ता है, चाहे हम वस्तु का उपभोग कर रहे है या सेवा का सरकार द्वारा उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा के लिए उनको अनेक अधिकार दिए गए है। जिनका प्रयोग करके उपभोक्ता वस्तु अथवा सेवा में होने वाली किसी भी धोखाधडी/त्रुटि के संबंध में कार्यवाही कर सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## कातिया गैंग के तीन गुर्गों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बल्लबगढ़ मानवता हॉस्पिटल ऊंचा गांव में अवैध हथियार के बल पर तोड़फोड़ ,मारपीट व लूटपाट करने के मामले में संलिप्त आरोपियो के विरुद्ध डीसीपी क्राइम के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रान्च ऊंचा गांव प्रभारी जगमिंदर की टीम ने ने कुख्यात अपराधी आदित्य उर्फ कातिया गैंग के तीन गुर्गों को अपना होटल केजीपी रोड अटाली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बंटी और शेरु गांव मछगर के तथा ईश्वर गांव अटाली बल्लभगढ़ के रहने वाले है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकार देते हुए बताया कि आरोपियो ने संजय कॉलोनी में रहने वाले त्रिलोकचंद के मकान पर कब्जा करने के मामले में मानवता हॉस्पिटल के मालिक मुकेश भाटटी ने त्रिलोकचंद का साथ देते हुए फैसला नही होने दिया जिसके कारण आदित्य उर्फ कातिया गैंग ने 7 दिसम्बर की रात को 11-12 बजे मानवता हॉस्पिटल से अवैध हथियार के बल पर तोड़फोड़ ,मारपीट व लूटपाट करके संजय कॉलोनी में जाकर त्रिलोकचंद के साथ मारपीट करके जान से मारने की धमकी देकर निकल गए और बीके चौक पर एक दुकानदार से बीड़ी और सिगरेट ली और दुकानदार के पैसे मांगने पर दुकानदार पर जान से मारने की नीयत से अवैध हथियार से गोली चलाई थी, गोली दुकान की दीवार में लगी थी। आरोपी आदित्य उर्फ कातिया गैंग का मुख्य काम लडाई झगडा करके जमीनों पर कब्जा करने का है।

## 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार आरोडा द्वारा पीओ बेल जंपर इनामी बदमाश की धरपकड़ करने के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्राचं प्रभारी रविंद्र की टीम ने गौ तस्करी के मामलों में फरार चल रहे 25000 रुपये के ईनामी आरोपी को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी आबिद गांव भीम शिका उटावड़ पलवल का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 2018 मे गाँव पाली से गायों को उठाकर ले जाने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 ने मौके से पिकअप गाडी को कब्जे में ले लिया था जो आरोपियो ने मौके पर फायर कर भाग गए थे। क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने मुस्तकीम, अकरम, शाहरुख, चीनी उर्फ असलम निवासी गाँव घासेडा जिला नूहँ मेवात को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी आबिद को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कैली गांव से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आरोपी कैली में किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आया था।आरोपी ने 2018 की घटना में अवैध हथियार से फायर किया था। आरोपी को आज पेश अदालत करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि मामले कि पूछताछ गहनता से की जा सके।

## बिजली कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सबडिवीजन सेक्टर-58 इंडस्ट्रीयल एरिया बल्लभगढ़ पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के बैनरतले बिजली कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सबडिवीजन के प्रधान सत्यप्रकाश चौहान ने की। कर्मचारियों का आरोप है, कि सबडिवीजन के एसडीओ ने जिस प्रकार से अपने अड़ियल रविये को दर्शाते हुए सहायक लाइनमैन पर जो निन्दनीय कार्यवाही की है। उससे दफ्तर के समस्त कर्मचारीयों में भारी रोष उत्पन्न है। जिसको लेकर एचएसईबी वर्कर यूनियन इसकी पुरजोर खिलाफत करती है। कर्मचारी नेता मदनगोपाल शर्मा ने कहा है, कि किसी भी कर्मचारी के खिलाफ इस तरह की प्रताड़ना की कार्यवाही को कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। फिलहाल बिजली कर्मचारियों ने दफ्तर पर दो घंटे शान्तिपूर्ण इस प्रदर्शन को करते हुए अपना विरोध जताया है। यदि निर्दोष कर्मचारी के साथ जल्द इन्साफ नही हुआ तो कर्मचारी अपने काम-काज को ठप्प कर आगे की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूरन बाध्य होंगे और यदि इस विरोध प्रदर्शन से उत्पन्न किसी भी तरह की अशान्ति पैदा होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निगम अधिकारियों की होगी। विरोध के इस मौके पर कर्मचारी नेता लेखराज चौधरी, चरणसिंह, सुधीर कौशिक, सियाराम, माजिद हुसैन, सोमदत्त, तेजवीर, परिपूर्ण आनन्द, सुनील, देवेंदर, महिपाल, सुभाष आदि ने अपने विचार रखते हुए निगम अधिकारियों के प्रति रोष जताया।

## जिले की अध्यापिका हैदराबाद हाउस में सम्मानित

**फरीदाबाद।** भारतीय पारंपरिक सांस्कृतिक प्रदर्शन के अंतर्गत तारा आर्ट एकेडमी द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद की संगीत शिक्षिका हेमलता को हैदराबाद हाउस में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में सभी अध्यापकों ने संगीत शिक्षिका हेमलता का अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि हैदराबाद हाउस नई दिल्ली में तारा आर्ट एकेडमी के प्रेसिडेंट राकेश सकें एवं वाइस प्रेसिडेंट व इवेंट मैनेजर पैडला श्रीनिवास के द्वारा उगादि पुरस्कार अवार्ड 2021 आयोजित किया गया। इस का आयोजन हैदराबाद तेलंगाना सरकार द्वारा किया गया। यह आयोजन तेलंगाना भवन नई दिल्ली में डॉक्टर बी आर अंबेडकर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिस में मुख्य अतिथि माननीय एम वेंकैया नायडू भारत के उपराष्ट्रपति रहे। इस कार्यक्रम में हरियाणा की फोक आर्टिस्ट कुमारी हेमलता दोहरे को 'गुरु ब्रह्सपथी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उच्च कोटि के क्लासिकल डांसर, फोक डांसर एवं आर्टिस्ट आदि सम्मिलित रहे। सांस्कृतिक नृत्य ने इस कार्यक्रम को रंगारंग बनाया। कुमारी हेमलता दौहरै ने न केवल अपने जिले फरीदाबाद बल्कि अपने राज्य हरियाणा का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य मनचंदा, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम, प्राध्यापिका प्रियंका, प्रियंका रानी, शीतु, अंशुल, सतबीर सिंह सहित समस्त अध्यापकों ने हेमलता को बधाई देते हुए अभिनंदन किया और भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## निश्चय दिवस पर दी टीबी की जानकारी

**फरीदाबाद।** निश्चय दिवस हर महीने की 24 तारीख को मनाया जाता है। इस बार भी निश्चय दिवस टीबी डिपार्टमेंट के आंगन में मनाया गया। इसमें डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर शीला भगत जी और सुभाष गहलोत ने मरीजों को तथा उनके साथ आए हो उनके अटेंडेंट को टीबी के बारे में जानकारी दी। टीबी एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है। जो हमारे खांसते छींकते समय थूक के कण निकलते हैं संक्रमित व्यक्ति से संक्रमण हो सकता है। टीवी दो प्रकार की होती है पलमोनरी फेफड़ों वाली दूसरी एक्स्ट्रा पलमोनरी जोकि शरीर के किसी दूसरे अंग में हो सकती है। टीबी के लक्षण दो हफ्तों से ज्यादा खांसी, दूसरा लंबा बुखार, तीसरा वजन घटना लगातार, चौथा रात को पसीना आना। इसकी दो जांच की जाती हैं, बलगम की जांच और छाती का एक्सरे अगर उसमें टीबी आती है तो मरीज को 6 महीने की दवाई दी जाती है। मरीज के टेस्ट और दवाइयां बिल्कुल मुफ्त में दी जाती हैं। निश्चय पोषण आहार योजना के तहत मरीजों के अकाउंट में 500 दिए जाते हैं।

## विजय यादव अकादमी ने 118 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। यह मुकाबला कृष्ण क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 30-30 ओवर का था और यह मैच विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी को 118 रन से हराया। विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 30 ओवर में 10 विकेट पर 219 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद मजीद ने 106 रन, अखिल ने 17 रन, आर्यन ने 16 रन, यश ने 15 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए प्रियांशु चौधरी ने 4 विकेट, सोनू भारद्वाज ने 3 विकेट, प्रधुमन ने 2 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 30 ओवर में 10 विकेट में 101 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए वंश कम्बोज ने 31 रन, मोहित शर्मा ने 22 रन, प्रधुमन ने 14 रन बनाए। विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी टीम की और से यश वैष्णव ने 6 विकेट, आर्यन ने 2 विकेट, यश ने 1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यश वैष्णव को दिया गया।

# सारी दुनिया परेशान

## फैल रहा ओमीक्रान

**कोरोना** का ओमीक्रान स्वरूप अब दुनिया भर के 56 देशों में फैल गया है और उनकी संख्या बढ़ रही है। यह बहुत तेजी से फैलता है और इसे किसी देश में प्रवेश करने से रोकना असंभव है। थोड़े ही समय में ओमीक्रान दुनिया भर में प्रभुत्वशाली स्वरूप बन जाएगा। ओमीक्रान को टीकाकरण से नहीं रोका जा सकता है। पहले संक्रमित लोगों में बनी एंटीबाडी इसे रोकने के लिए काफी नहीं हैं। ऐसे में केवल ये वैज्ञानिक अध्ययन संतोष का विषय हैं कि इसका संक्रमण अभी बहुत गंभीर स्थिति नहीं पैदा करता पाया गया है। ओमीक्रान के असामान्य गुणों ने दुनिया भर की सरकारें परेशान हैं। सवाल है कि इससे निपटने के लिए लाकडाउन किया जाए या नहीं। आश्चर्यजनक रूप से इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि सरकारें दुनिया भर में ओमीक्रान विस्तार से निपटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ या संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसा मंच बनाने पर विचार कर रही हैं। 2020 की शुरुआत में जब कोरोनावायरस की लहर दुनिया भर में आई थी, डब्लूएचओ ने तीन व्यापक नीतियां तय की थीं जिनको सभी सदस्य देशों ने स्वीकार किया था। पहला, लाकडाउन की अवधारणा थी, दूसरा चिकित्सा ढांचे की व्यापक लामबंदी तथा तीसरा, जल्दी वैक्सीन बनाने के कदम थे। दुनिया को एक बार फिर अनुमान से परे ओमीक्रान स्वरूप के खिलाफ साझा समझदारी विकसित करने की जरूरत है। लेकिन ऐसा लगता है कि फैलते ओमीक्रान से निपटने की कोई साझा रणनीति नहीं है। दुनिया इस मामले पर विभाजित है। भारत में



अधिकांश राज्य अभी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि नियंत्रण के किन उपायों की घोषणा हो। संयुक्त राज्य अमेरिका भी अभी नियंत्रणों पर विचार कर रहा है, जबकि पिछले सप्ताह 5,71,461 मामले आ चुके हैं।

इसके ठीक उलट चीन ने शून्य-मामला नीति पर चलते हुए एक भी नया मामला आने पर शहरों में पूर्ण लाकडाउन लगा दिया है। चीन नहीं चाहता है कि कोरोनावायरस के कारण फरवरी में शुरू होने वाले बीजिंग शीत ओलम्पिक रद्द करने पड़ें। ब्रिटेन में ओमीक्रान का फैलाव स्पष्ट हो गया है, लेकिन सरकार अभी केवल अपने विकल्पों पर विचार कर रही है। ओमीक्रान का पहला मामला सामने आने वाले दक्षिण अफ्रीका में रिकार्ड 20,000 मामले आ गए हैं, लेकिन उसका इरादा कठोर कदम उठाने का नहीं है। नीदरलैंड तुलनात्मक रूप से नए मामलों से मुक्त है, लेकिन उसने पिछले सप्ताह पूर्ण लाकडाउन की घोषणा की है। इसी प्रकार इस्राइल ने कठोरता बरती है और वह खतरनाक देशों की सूची का रोज विस्तार कर रहा है। इस्राइलियों के 58 देशों में यात्रा पर प्रतिबंध लगे हैं, जब तक कि वे विशेष अनुमति न प्राप्त कर लें। स्विटजरलैंड चाहता है कि सार्वजनिक स्थलों में प्रवेश से पहले उसके नागरिकों के पास टीकाकरण प्रमाणपत्र हों। जापान ने आने वाले यात्रियों के लिए अनिवार्य रूप से 14 दिन क्वारंटीन अनिवार्य किया है। फ्रांसीसी स्वास्थ्य मंत्री ओलिवर वीरान ने कहा है कि किसी नए नियंत्रण पर विचार नहीं हो रहा है, हालांकि देश में जल्द ही रोज एक लाख नए मामले सामने आने लगेंगे। जर्मनी 28 दिसंबर तक नियंत्रण नहीं लागू करना चाहता है, जबकि स्पेन चाहता है कि ब्रिटिश उसके देश में प्रवेश से पहले टीकाकरण के प्रमाण पेश करें। पुर्तगाल में पिछले सप्ताह 30,000 मामले आए थे, लेकिन उसने अभी किसी सुरक्षा उपाय की घोषणा नहीं की है। ऐसे में क्या एक अघोषित समझदारी बनती लग रही है कि संपूर्ण लाकडाउन एक विकल्प नहीं हो सकता है क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था पर व्यापक हानिकारक प्रभाव पड़ता है और यह व्यावहारिक लक्ष्य नहीं लगता है? संपूर्ण लाकडाउन से ओमीक्रान का प्रसार रोकने में सहायता मिलना संभव नहीं है, भले ही इससे गंभीर मामलों की संख्या कम होती हो।

# शिक्षा नीति में कृषि क्षेत्र का स्थान

सरकार को देश भर के मिडिल व सीनियर सेकेंड्री स्कूलों में कृषि शिक्षा शुरू करने के उद्देश्य से उपयुक्त कदम अवश्य उठाने चाहिए।



ब्रजेंद्र सिंह पंवार
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 के निरूपण एवं क्रियान्वयन में होलिस्टिक, समवेशी, लचीला एवं बहुविषयी दृष्टिकोण अपनाया है। इससे सभी हितधारकों में उम्मीद जगी है। एनईपी का उद्देश्य हमारे छात्रों की अगली पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकसित करना तथा भारतीय छात्रों के उत्कृष्ट तबके को विकसित देशों के विश्वविद्यालयों में जाने से रोकना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सुझाव दिए हैं उनसे उम्मीद है कि भारत एक 'वैश्विक ज्ञान शक्ति या विश्व गुरु' में बदल जाएगा। नई नीति में राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन के रूप में उच्च शिक्षा के लिए एक नियामक स्थापित करने की बात कही गई है जो शोध की समकक्ष समीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालयों व कालेजों में शोध को सक्रिय रूप से बढ़ावा देगा। उच्च शिक्षा संस्थानों-एचईआई का प्रशासन उच्च योग्यता वाले स्वतंत्र बोर्डों द्वारा होना चाहिए जिनको अकादमिक व प्रशासनिक स्वायत्तता प्राप्त हो।

इससे सक्षम व अनुभवी फैकृटी की नियुक्ति सुनिश्चित होगी तथा संस्थानों के पद योग्यता के आधार पर भरे जाएंगे। जनता का पेट भरने तथा भारतीय जनसंख्या के बड़े हिस्से को रोजगार देने में कृषि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन दुर्भाग्य से एनईपी में कृषि शिक्षा के लिए कोई विशेष उल्लेख नहीं है। इसके अनुसार, 'शिक्षा की अन्य शाखाओं के साथ भारत की कृषि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और उसके पुनर्गठन की जरूरत है। इसे खासकर इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए कि उच्च गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा में समता व समावेश शामिल हो सके।' इस उद्देश्य को देखते हुए भारत एवं विदेशों के 60 से अधिक प्रख्यात वैज्ञानिकों, पेशेवरों तथा शिक्षा व नीति संबंधी विशेषज्ञों ने एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया। 'इंडियन एग्रीकृचर एडवांसमेंट ग्रुप इंटरनेशनल'-आईएएजी नामक इस समूह ने एनईपी के आधार पर भारत में कृषि शिक्षा व्यवस्था को प्रासांगिक, सक्षम तथा प्रभावी बनाने के लिए चर्चा की।

आईएएजी इंटरनेशनल के समन्वयक रमेश देशपांडे ने पीएम द्वारा तैयार समूह को 'भारत में कृषि शिक्षा का पुनर्गठन' पर रिपोर्ट पेश की। इसमें कहा गया है कि भारत में जीवन्त कृषि शिक्षा व्यवस्था है जिसमें 73 कृषि विश्वविद्यालय, 62 राज्य कृषि विश्वविद्यालय-एसएयू, 5 सम विश्वविद्यालय, 2 केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा कृषि फैकृटी वाले 4 केन्द्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। लेकिन दुर्भाग्य से बेकार पड़ चुके पाठ्यक्रम तथा 1990 दशकारंभ की सोच के कारण उनकी स्थिति ठीक नहीं है जब हरित क्रांति मुरझाने लगी थी तथा कृषि वृद्धि ठहर गई थी। वर्तमान समय में एसएयू को प्रशासनिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उपकुलपतियों के पास बहुत कम या कोई स्वायत्तता नहीं है।

इनमें अक्सर सरकारी अधिकारी व राजनेता अनावश्यक हस्तक्षेप करते हैं, शिक्षा में योग्यता का अभाव है, राष्ट्र-राज्य समन्वय सीमित है, शोध विस्तार एवं शिक्षा के बीच संबंध नहीं है, सुधारों का क्रियान्वयन धीमा है तथा पाठ्यक्रम व ढांचा पुराना पड़ गया है। इसके अलावा समयबद्ध पदोन्नतियों से फैकृटी का प्रदर्शन स्पष्ट नहीं हो पाता है। हालांकि, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर ने एनईपी क्रियान्वयन की दिशा में कुछ सकारात्मक कदम उठाए हैं, पर आईएएजी सदस्यों के अनुसार अभी बहुत कुछ करना जरूरी है। एनईपी में आईसीएआर की भूमिका स्पष्ट परिभाषित की जानी चाहिए। एक स्वतंत्र 'राष्ट्रीय कृषि शिक्षा परिषद' के गठन से आईसीएआर-डेयर व्यवस्था मजबूत की जानी चाहिए जो राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी व समन्वय का काम करेगी। सरकार को देश भर के मिडिल व सीनियर सेकेंड्री स्कूलों में कृषि शिक्षा शुरू करने के कदम अवश्य उठाने चाहिए। एसएयू को विविधीकरण व पाठ्यक्रम को ज्यादा प्रासांगिक व लचीला बनाने तथा फैकृटी द्वारा विदेशी अनुदान पाने में क्षमता विकसित करने व सरकारी पैसे पर निर्भरता घटाने के माध्यम से मजबूत किया जाना चाहिए। इसके साथ ही आईसीएआर के अंतर्गत 1,000 करोड़ रुपये की शुरुआती धनराशि से एक 'राष्ट्रीय कृषि शोध एवं खोज फंड' स्थापित किया जाना चाहिए।

नेशनल एग्रीकृचर रिसर्च एंड एक्सटेंशन सिस्टम-नरेस को विज्ञान की सामाजिक जिम्मेदारी तथा कार्पोरेट सामजिक जिम्मेदारी से जोड़ कर प्रभावी सार्वजनिक-निजी साझेदारी-पीपीपी का विकास होना चाहिए। इससे आईसीएआर संस्थानों तथा एसएयू को विभिन्न कृषि इकोसिस्टम में सहयोग मिलेगा तथा वे 'वोकल फार लोकल' बनने के साथ ही किसान की आमदनी बढ़ाने व 2030 तक टिकाऊ विकास लक्ष्य-एसडीजी पाने में सहायक होंगे। युवाओं को कृषि क्षेत्र में तकनीक के एजेंट के रूप में आकर्षित करने और प्रेरित करने के लिए 'राष्ट्रीय युवा मिशन' बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही कृषि सेवा प्रदाताओं तथा सफल उद्यमियों के विस्तार में सहायता की जानी चाहिए। लैंड ग्रांट विश्वविद्यालय व्यवस्था को मजबूत कर विश्व स्तरीय तथा बहुविषयी शिक्षा व शोध विश्वविद्यालयों-मेरू में बदलना चाहिए। इसमे प्रवेश व निकास की लचीली व्यवस्था के साथ अनौपचारिक व्यावसायिक शिक्षा को शामिल कर कृषि क्षेत्र में पेशेवराना कौशल का विकास होगा। यह व्यवस्था अमेरिका में प्रभावी रूप से काम कर रही है जहां से हमने लैंड ग्रांट विश्वविद्यालय व्यवस्था ली है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों का सामुदायिक कालेजों से सीधा संबंध है और वे दो साल की सहायक डिग्री देते हैं।

इसके साथ ही चार वर्षीय कालेजों व विश्वविद्यालयी पाठ्यक्रमों में प्रवेश-निकास में लचीली व्यवस्था के आधार पर ग्रेड दिए जाते हैं। इससे गरीब वर्ग के छात्र अमेरिका की महंगी शिक्षा व्यवस्था से बच जाते हैं। भारत में सामुदायिक कालेजों के माध्यम से यही व्यवस्था लागू की जा सकती है जो एक साल या दो साल के डिप्लोमा कोर्स शुरू कर सकते हैं। इनमें कृषि व बागवानी विश्वविद्यालयों के लिए क्रेडिट हस्तांतरण की व्यवस्था भी होगी।

आईसीएआर द्वारा गठित डीन कमेटी ने सीएसआर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में आयोजित बैठक में भी इसी प्रकार के सुझाव दिए हैं। जीबी पंत कृषि एवं तकनीक विश्वविद्यालय उत्तराखंड के उपकुलपति डा. तेज प्रताप ने स्वीकार किया कि कृषि विश्वविद्यालयों में वर्तमान प्रवेश आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं जिसके कारण यहां से पास होने वाले बहुत से छात्र कृषि क्षेत्र में शामिल नहीं होते हैं। पाठ्यक्रम में उद्यामिता को शामिल करने की आवश्यकता है। डा. प्रताप ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मूल परिवर्तनों का सुझाव दिया गया है, पर आईसीएआर को कृषि विश्वविद्यालयों के साथ मिल कर पाठ्यक्रम पुनर्गठन की जिम्मेदारी मिली है। इसी प्रकार स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में भी परिवर्तन के प्रयास होने चाहिए। कृषि विश्वविद्यालयों को एक साल व दो साल के सार्टीफिकेट कोर्स शुरू करने चाहिए। आतिथेय विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा. एच.के. चौधरी ने कहा कि विषयों के चयन, बहुविषयी दृष्टिकोण तथा स्कूली स्तर पर कृषि शिक्षा को बढ़ावा देकर कृषि शिक्षा का विस्तार होना चाहिए।

सीएसके विश्वविद्यालय, पालमपुर ने विभिन्न स्नातक व परास्नातक कार्यक्रमों में एनईपी के सुझाव तेजी से लागू किए हैं। इनमें डिजिटलीकरण, स्मार्ट क्लासरूम तथा उत्कृष्ट व अद्यतन तकनीक का प्रयोग शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र एक संवेदनशील व महत्वपूर्ण समय से गुजर रहा है। देश ने किसानों का सबसे लंबा आंदोलन देखा है क्योंकि खेत छोटे-छोटे होने से खेती घाटे का सौदा बन गई है तथा कृषि अर्थव्यवस्था में निवेश व लाभ के बीच संतुलन गड़बड़ा गया है। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण नौजवानों की खेती के व्यवसाय में दिलचस्पी समाप्त हो गई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए एक प्रभावी रणनीति यथाशीघ्र आवश्यक हो गई है।

# बाल पोषण के लिए जीवन चक्र दृष्टिकोण

"स्वस्थ भोजन विकल्पों के बारे में कम जानकारी, खराब आहार विविधता और वसायुक्त, शर्करा और नमकीन खाद्य पदार्थों पर जोर देने से पोषण की स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ता है।"

सीमा पुरी
(लेखिका दिल्ली विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के पांचवें दौर के आंकड़ों में भारत की स्वास्थ्य स्थिति की समग्र तस्वीर को दर्शाया गया है, जिससे हमें जश्न मनाने के कुछ कारण और कुछ को सोचने का मौका मिलता है। भारत की पोषण स्थिति पर डेटा कोविड-19 महामारी की शुरुआत से पहले ही देश द्वारा सामना किए गए कुपोषण (अल्पपोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और मोटापा) के ट्रिपल बोझ पर प्रकाश डालता है। आवश्यकतानुसार, पिछले डेढ़ साल से वायरस के तत्काल खतरे पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जिसके बाद आबादी का टीकाकरण किया गया था। भारत अब एक नए चरण में प्रवेश कर गया है, जहां वास्तविक लचीला सुधार तभी हो सकता है जब हम पोषण पर ध्यान केंद्रित करने का संकल्प लें, खासकर युवा आबादी को सामूहिक रूप से।

2019-2021 में आयोजित एनएफएचएस-5 के दूसरे चरण से पता चलता है कि अविकसित, कमजोर और कम वजन वाले बच्चों का प्रतिशत मामूली रूप से कम हुआ है। हालांकि, गंभीर रूप से कमजोर और अधिक वजन वाले बच्चों के प्रतिशत में मामूली वृद्धि हुई है। साथ ही, सभी आयु समूहों में एनीमिया में भारी वृद्धि हुई है। अधिक वजन या मोटापे का प्रतिशत (बीएमआई -25.0 किग्रा / एम 2) 15-49 आयु वर्ग के महिलाओं और पुरुषों में भी वृद्धि हुई है।

2016-2018 के लिए व्यापक राष्ट्रीय पोषण सर्वेक्षण से पता चलता है कि हर दूसरा भारतीय किशोर किसी न किसी रूप में कुपोषण से पीड़ित है। लगभग एक चौथाई किशोर अपनी उम्र के हिसाब से पतले होते हैं जबकि पांच प्रतिशत अधिक वजन वाले होते हैं (बीएमआई-फॉर-एज>+1 एसडी)। आधे से कम प्रीस्कूलर, स्कूली उम्र के एक चौथाई बच्चे और करीब एक तिहाई किशोर एनीमिक थे। कुपोषण का एक अक्सर अनदेखा पहलू उचित आहार संबंधी आदतों की कमी है। स्वस्थ भोजन विकल्पों के बारे में पर्याप्त ज्ञान और जागरूकता की कमी, खराब आहार विविधता, और उच्च वसा, चीनी, नमक ( ।।स्नस्र्) खाद्य पदार्थों पर जोर देने से पोषण की स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ष्टह्वङ्क्षद्ध-19 के खिलाफ लड़ाई के संपार्श्विक प्रभाव के साथ मौजूदा अंतर्निहित



पोषण संबंधी चुनौतियों को और बढ़ा दिया गया है। स्कूलों में एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) और साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड सप्लीमेंटेशन (डब्ल्यूआईएफएस) जैसी खाद्य और पोषण सेवाओं में व्यवधान के साथ, कुपोषण चुनौती और भी बढ़ गई है। स्कूलों के लंबे समय तक बंद रहने और विस्तारित ऑनलाइन कक्षाओं ने न केवल खाने की आदतों को प्रभावित किया है, बल्कि बच्चों की शारीरिक गतिविधि के स्तर में भी कमी आई है, जिससे मोटापे की संभावना बढ़ गई है।

प्रारंभिक बचपन के दौरान सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी अक्सर किशोरावस्था में बदल सकती है जिसे यदि संबोधित नहीं किया गया तो स्वास्थ्य, अनुभूति, शिक्षा और उत्पादकता पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, किशोरावस्था को व्यक्ति की पोषण स्थिति में सुधार करने के अवसर की दूसरी खिड़की के रूप में माना जा सकता है। भारत वैश्विक किशोर (10-19 वर्ष) की आबादी का लगभग पांचवां हिस्सा है। इस अवधि के दौरान पोषण संबंधी आवश्यकताएं काफी हद तक बढ़ जाती हैं और ऊंचाई में 15-25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ चरम अस्थि द्रव्यमान की 40-60 प्रतिशत की प्राप्ति, और वयस्क शरीर के वजन के 50 प्रतिशत तक - साथ ही रक्त की कमी के कारण लड़कियों में मासिक धर्म की शुरुआत।

हमारे बच्चों और किशोरों को अच्छा पोषण सुनिश्चित करके जीवनचक्र दृष्टिकोण अपनाना आने वाली पीढ़ियों के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। देश के भविष्य के स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए, हमें आज अपने बच्चों और युवाओं की इष्टतम पोषण और स्वास्थ्य स्थिति सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। विभिन्न जनसंख्या खंडों में पोषण की स्थिति और लक्षित क्षेत्रों को समझने के लिए, जिन पर प्रभावी, तत्काल और साथ ही निरंतर हस्तक्षेप के लिए ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, एक त्वरित मूल्यांकन के रूप में अनुसंधान आयोजित किया जाना चाहिए।

आहार संबंधी कारक पुरानी बीमारियों और अल्पपोषण के बढ़ते जोखिम से जुड़े हैं, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आहार दिशानिर्देश संतुलित आहार प्राप्त करने के लिए आहार की विविधता में सुधार करने की सलाह देते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि वृहद और सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता और स्रोत, सभी, विशेष रूप से बढ़ते बच्चों और किशोरों द्वारा समझे और सुलभ हों। स्वस्थ आहार और इसके स्रोतों तक पहुंच और ज्ञान के माध्यम से वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी को सक्षम और सशक्त बनाकर, भारत बाद के आर्थिक और विकास लक्ष्यों को भी सक्षम बनाता है।

## आप की बात

### चिंताजनक विषय

**अयोध्या** में राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कुछ रसूखदार लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर मंदिर परिसर के आसपास की जमीनें खरीदे जाने की खबरें परेशान करने वाली हैं। अयोध्या में राममंदिर के निर्माण के लिए देश और समाज का बहुत कुछ दांव पर लगा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जब अयोध्या में मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हुआ, तो देश-विदेश में फैले करोड़ों हिंदू श्रद्धालुओं ने इसे अपनी आस्था की जीत माना था। उसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए चंदा भी दिया है। अच्छा है कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अविलंब इस मामले में जांच का आदेश दे दिया है। अयोध्या मंदिर के 5 किलोमीटर के दायरे में जमीन खरीदने वाले निश्चित ही उस क्षेत्र के तीव्र विकास को देखकर उसी से लाभ उठाने के लिए उस जमीन पर टूट पड़े और जब खरीदारों में विधायक आईएएस अफसर हो तो बेच वालों को ना चाहते हुए भी जमीन बेचने को मजबूर किया जा सकता है और उसे उन्हें ओने पौने दामों में उसकी पूरी जमीन को खरीदा जा सकता है। बड़े लोगों की इस कुटिल नीति को देखते हुए योगी सरकार द्वारा तत्काल जांच का आदेश दिया जाना स्वागत योग्य कदम है!

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### असहमति और देशद्रोह

**भारत** अपनी आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। जिस समय संविधान की रूप रेखा तैयार की गयी, यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी संवैधानिक पद पर बैठे लोग, न किसी धर्म, जाति और भाषा के आधार पर भेदभाव करेंगे और न ही ऐसे कोई काम करे, जिससे कि देश की गरिमा और आभा, एक राजनैतिक दल अथवा नेता तक सीमित हो। हालांकि, ताज्जुब की बात यह है कि सभी सरकारें भले ही लोकतांत्रिक तरीके से चुनी जाती है, लेकिन उनका झुका किसी विशेष वर्ग के तरफ अक्सर देखा, पढा और समझा जाता रहा है। वर्तमान समय में देश की बागडोर सम्भाले, देश के प्रधानमंत्री की छवि भी राष्ट्रहित और धर्म हित से जोड़कर देखा जा रहा है।यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि पिछले कुछ वर्षों जिस तरह के माहौल बन रहे, उससे यह आभास होने लगा है कि अगर प्रधानमंत्री का समर्थन नहीं किया गया या फिर उन्हें वोट नहीं दिया गया तो यह देशद्रोह और धर्म विरुद्ध जैसा लगने लगेगा। यह अत्यंत दु:खद और गंभीरता का विषय है। जहां एक ओर लोकतंत्र में विपक्ष को सराहा जाता है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की बयार चलायी जाती है।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### गरीबों को ढंड से बचाएं

**मप्र** के कई पहाड़ी क्षेत्रों में पारा शून्य से नीचे चला गया है तथा कई जगहों पर ओस की बूंदें जमी। पाला पड़ने की संभावना हो सकती है जिससे फसलों को नुकसान हो सकता है। तेज ठंड का असर सामान्य जनजीवन पर हुआ है। मौसम में आए बदलाव और तापमान में भारी गिरावट के कारण चिंता बढ़ गई। कई लोग छोटे बच्चों को कड़ाके की ठंड में मोटरसाइकिल पर बैठा कर घुमाने ले जाते है। ऐसे में छोटे बच्चों को ठंड लग कर वे बीमार हो जाते है। छोटे बच्चों के शरीर की मालिश ,गर्म कपड़ों को पहनाए जाने पर ज्यादा ध्यान देना होगा। घरों मे बुजुर्गों के लिए गर्म कपड़े,अलाव आदि की और ध्यान देना चाहिए।घर मे पशु पक्षियों के लिए भी ठंड से बचाव के उपाए, व्यवस्था की जाना चाहिए। इसके अलावा सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी गरीब ,मानसिक रोग से पीड़ित लोगों, की सहायता गर्म, कपड़े, कम्बल, एवं ठंड से बचाव हेतु अलाव ,बेसहारा लोगों के लिए रहने हेतु सरकार द्वारा उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

- **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हम** हल्के लक्षणों वाले व्यक्तियों से घर पर रहने की अपील करते हैं; अस्पतालों में जाने की जल्दी न करें।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**ऐसे** लाखों लोग अभी भी हैं जो बूस्टर डोज के पात्र हैं लेकिन अभी तक उन्होंने इसे नहीं लगवाया है।

- **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**भारत** के दुग्ध उत्पादों का एक बड़ा विदेशी बाजार है और हमारे पास आगे बढ़ने की काफी संभावनाएं हैं।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# 45 दुग्ध उत्पादक नंद बाबा पुरस्कार से सम्मानित

● दुग्ध उत्पादकों और कर्मचारियों को ससमय भुगतान सुनिश्चित किया जायः लक्ष्मी नारायण चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार द्वारा दुग्ध सहकारितान्तर्गत भारतीय गोवंशीय पशुओं के पशुपालकों को प्रोत्साहित करने एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से दिये जाने वाले 'नंद बाबा पुरस्कार' वितरण समारोह शुक्रवार को पशुपालन निदेशालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने जनपद.बाराबंकी की दुग्ध समिति लखौरा के राम विलास वर्मा को राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं 44 जिला स्तरीय नंद बाबा पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। राज्य स्तरीय पुरस्कार के रूप में जनपद स्तर के विजेताओं को 21000 रूपये एवं राज्य स्तर के विजेता को 51000 रूपये की धनराशि के अतिरिक्त नन्द बाबा के साथ दूध पीते हुए बछड़े की पीतल की मूर्ति, प्रतीक चिन्ह के रूप में तथा प्रमाण.पत्र प्रदान किया।

दुग्ध विकास मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि यूपी का पूरे देश में दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान है लेकिन प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता को बढ़ाये जाने पर और अधिक बल देना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों की दोगुनी आय करने की दिशा में दुग्ध उत्पादन सर्वाधिक महत्वपूर्ण माध्यम है और अधिक से अधिक किसानों और पशुपालकों को दुग्ध विकास की विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए दुग्ध उत्पादन में और अधिक वृद्धि करनी होगी। श्री चौधरी ने दुग्ध उत्पादकों के दुग्ध मूल्यों और कर्मचारियों के देयकों का ससमय भुगतान सुनिश्चित किये जाने की प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान समय में लगभग 07 लाख निराश्रित गोवंश के भरण.पोषण का कार्य किया जा रहा है। गाय केवल धार्मिक आस्था का ही विषय नहीं है बल्कि आर्थिक स्वावलम्बन का भी महत्वपूर्ण कारक है। इसलिए हमें गोपालन के महत्व को समझते हुए गौजन्य उत्पादों के लाभों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि नंद बाबा पुरस्कार जैसे आयोजनों से दुग्ध उत्पादकए कृषक दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित होंगे और उनकी आय में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि नंद बाबा पुरस्कार तीन स्तरो पर प्रदान किया जाता है पहला विकास खण्ड, दूसरा जनपद एवं तीसरा राज्य स्तरीय पुरस्कार। यह पुरस्कार ऐसे दुग्ध उत्पादक कृषको को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने भारतीय गोवंश से उत्पादित सर्वाधिक दूधए जनपद में कार्यरत पंजीकृत दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से अपने दुग्ध संघ को दिया हो। वर्ष 2019-20 में प्रदेश में एक राज्य स्तरीय, 44 जिला स्तरीय एवं 83 विकास खण्ड स्तरीय कुल 128 लाभार्थियों को नन्द बाबा पुरस्कार वितरित किया गया है। जिसमें से 83 विकास खण्ड स्तरीय पुरस्कारए जनपदों में वितरित किया जा चुका है। आज इस समारोह में एक राज्य स्तरीय एवं 44 जिला स्तरीय पुरस्कार, नन्द बाबा पुरस्कार विजेताओं में वितरित किया गया है। राज्य स्तरीय पुरस्कार बिजेता, श्री राम बिलास वर्मा दुग्ध संघए अयोध्या के जनपद.बाराबंकी की दुग्ध समिति लखौरा के रहने वाले हैए जो वर्ष 2019-20 में भारतीय गोवंश से उत्पादित कुल 14494 किग्रा. दूध अपनी समिति को आपूर्ति किये है। इसके साथ ही 44 जिला स्तरीय नन्द बाबा पुरस्कार विजेताओं में लखनऊ; 6, मुरादाबाद 5, अयोध्या 4, कानपुर 4, मेरठ 4, फिरोजाबाद 3, गोरखपुर 3, अलीगढ़ 2, बस्ती 2, झॉसी 2, विन्ध्याचल 2, मथुरा 1, बरेली1, प्रयागराज1, वाराणसी1, देवीपटन 1 के विजेता सम्मिलित है।

# गृह मंत्रालय से प्राप्त कप व प्रशस्ति-पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा

● क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के तहत भारत सरकार से प्रदेश के अभियोजन विभाग को मिला प्रथम पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारत** सरकार द्वारा प्रदेश के अभियोजन विभाग को प्राप्त कप व प्रशस्ति.पत्र अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी और अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन आशुतोष पाण्डेय ने गत दिवस मुख्यमंत्री को सौंपा। उल्लेखनीय है कि आईसीजेएस इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टमद्ध के तहत प्रदेश का अभियोजन विभाग देश में शीर्ष स्थान पर है। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के समस्त राज्यों की प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के अभियोजन विभाग को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशनए नियमित समीक्षा एवं विभाग को दिये गये संसाधन यथा डेस्कटॉप कम्प्यूटर व लैपटॉप आदि आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के फ्लस्वरूप प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को महिला एवं बालकों के विरूद्ध अपराधए जघन्य अपराध एवं माफ्यिाओं के विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की नियमित समीक्षा भी की जाती है। अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि ई.प्रॉसीक्यूशन पोर्टल पर लगभग 60 लाख प्रविष्टियों के दर्ज होने के साथ पूरे देश में उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर है। उन्होंने यह भी बताया कि दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश द्वारा 17 लाख प्रविष्टियां एवं तीसरे स्थान पर गुजरात द्वारा 4 लाख प्रविष्टियां दर्ज की गयी है।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने क्रिसमस पर दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रिसमस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर ईसाई समुदाय के लोगों को हार्दिक बधाई दी है और उनके निरोग एवं स्वस्थ्यमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि प्रभु यीशु ने असहाय और पीड़ित मानवता को प्रेम, करूणा और अटूट संकल्प शक्ति का जो सन्देश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ ने कहा कि यह पर्व जरूरतमंदों की मदद करने तथा मिल.जुलकर खुशियां बांटने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से क्रिसमस के समस्त आयोजनों में कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

# पीएम मोदी बताएं कि गौशालाओं में गायों की बदहाली के लिए यूपी सरकार ने क्या कियाः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि पिछले पौने 5 साल में उत्तर प्रदेश की गौशालाओं में गायों पर हो रहे अत्याचार पर योगी सरकार मौन साधे रही। मोदी सरकार ने भी इस दिशा पर कोई काम नहीं किया और न ही कभी गाय का नाम लिया ।अब जब उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव आए हैं तो मोदी को गोवर्धन और पशुधन का ख्याल आया है । मोदी जनता को बता रहे हैं कि गाय पूजनीय होती है । यह कौन नहीं जानता घ् मोदी को बताना चाहिए की गौशालाओं में गायों की बदहाली के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने क्या किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक जानवर पर योगी सरकार ने महज 30 रुपये आवंटित किए। 30 रुपये में जानवर को भूसाए हरा चाराए गुड़ए चना और उनके स्वास्थय की देखभाल की व्यवस्था करा पाना कठिन है। उस 30 रु में भी खूब भ्रष्टाचार हो रहा है। जानवरों की फर्जी संख्या दिखाकर ज्यादा बिल बनाया जाता है। उपलब्ध जानवरों को खराब अनाज और चारा दिया जाता है जिसकी वजह से जानवर कमजोर हो जाते हैं और अंत में मर जाते हैं। मृत जानवर को उठाया नहीं जाताए ठीक से दफ्नाया भी नहीं जाता। आवारा कुत्ते कमजोर जानवरों को जीवित रहते ही खाने लगते हैं। पशु डॉक्टर फीस तो लेते हैंए मगर जानवरों को देखने नहीं जाते। जिस वजह से गायें गौशालाओं में मरने को मजबूर हैं। योगी सरकार ने गौशालाओं के लिए जो बजट आवंटित कियाए उस बजट में गायों का ख्याल कम और भ्रष्टाचार पर ज्यादा ध्यान दिया गया। लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कई बार गायों की बदहाली के मुद्दे को मजबूती से उठाया। मगर योगी सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया । आज जब प्रियंका गांधी वाड्रा उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पशुधन के लिए छत्तीसगढ़ मॉडल लागू करने की बात कर रही हैं। जिसमें कांग्रेस सरकार बनने पर उत्तर प्रदेश में गोबर खरीद की बात कर रही हैए गायों की बदहाली दूर करने की बात कर रही हैंए गायों के लिए पराली खरीद का आश्वासन किसानों को दे रही है ताकि किसान पशु को खुला न छोड़ें और पशु के अंतिम समय तक उससे लाभ कमाएं। तब मोदी और योगी को भी गाय की याद आने लगी। मगर अब देर हो चुकी है।

## अजय कुमार लल्लू के खिलाफ मानहानि के मामले में परिवाद पर सुनवाई तीन जनवरी को

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एमपी.**एमएलए की विशेष अदालत ने उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के खिलाफ मानहानि के एक आपराधिक मामले में परिवादी का बयान दर्ज करने के लिए तीन जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। अजय के विरुद्ध यह परिवाद डीएचएफ्एल के तत्कालीन अधिकारी अमित प्रकाश ने दाखिल किया है। परिवादी अमित प्रकाश का कहना है कि यूपीपीसीएल पीएफ घोटाला मामले में अजय कुमार लल्लू ने एक बयान दिया था। जो तमाम न्यूज चैनल व समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था। उन्होंने कहा था कि पीएफघोटाले की रकम डीएचएफ्एल में निवेश की गई है। डीएचएफ्एल की ओर से डील करने वाला अमित प्रकाश अब तक क्यों नहीं पकड़ा जा रहा है। वो उर्जा मंत्री या उनके रिश्तेदारों से कब कब मिला। परिवादी का आरोप है कि अजय कुमार लल्लू ने सिर्फ अपने राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा मनगढंत व बेबुनियाद बयान दिया। जिसकी वजह से समाज में न सिर्फप्रतिष्ठा धुमिल हुई बल्कि उसकी मानहानि भी हुई है। जबकि वह उर्जा मंत्री या उनके रिश्तेदारों से कभी नहीं मिला है। उसने डीएचएफएल की ओर से कोई डील भी नहीं की है। लिहाजा विपक्षी अजय कुमार लल्लू को मानहानि के इस मामले में तलब कर दंडित किया जाए।

## एमएलए राकेश सिंह के खिलाफ मुकदमें की अर्जी पर जांच का आदेश

**लखनऊ (विसं)।** रायबरेली की हरचंदपुर विधानसभा से विधायक राकेश सिंह के खिलाफ दाखिल मुकदमे की अर्जी पर अदालत ने जांच का आदेश दिया है। सीजेएम रवि कुमार गुप्ता ने गोमतीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि वो अर्जी में वर्णित तथ्यों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी। अदालत में यह अर्जी मनीष कुमार सिंह ने दाखिल की है। उन्होंने अर्जी में राकेश सिंह पर प्रत्येक चुनाव में भिन्न.भिन्न नामए पता व उम्र से संबधित दस्तावेज दाखिल करने का कथित आरोप लगाया है। साथ ही इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच का आदेश देने की मांग की है।

## गिरधारी इनकाउंटर मामले में पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश हाईकोर्ट ने किया खारिज

**लखनऊ (विसं)।** गिरधारी उर्फ कन्हैया विश्वकर्मा इनकाउंटर मामले में शामिल पुलिस वालों को भारी राहत मिल गई है। 25 फ्रवरीए 2021 को लखनऊ के सीजेएम ने इनकाउंटर में शामिल पुलिसवालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उनके इस आदेश को खारिज कर दिया है। पीठ का कहना है कि सीजेएम को अभियोजन स्वीकृति से संबधित प्रावधानों पर विचार करने के पश्चात ही आदेश देना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। लिहाजा यह आदेश खारिज करने योग्य है। जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की ओर से दाखिल पुनरीक्षण याचिका को मंजूर करते हुए दिया है।

# यूपी के 45 विधायकों पर न्यायालय से आरोप तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के 45 विधायकों पर न्यायालय की तरफ से आरोप तय किये गए हैं। इनमे बीजेपी के सबसे अधिक 32 विधायक, समाजवादी पार्टी के 5 और बसपा और अपनादल एस के 3 विधायको के ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। शुक्रवार को यह जानकारी एडीआर यूपी इलेक्शन वॉच की तरफ से दी गई है। प्रेस क्लब में रिपोर्ट जारी करते हुए एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म और यूपी इलेक्शन वॉच के मुख्य समन्वयक संजय सिंह ने बताया कि यह उत्तर प्रदेश विधानसभा 2017 के 396 वर्तमान विधायकों के शपथ पत्रों विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है। इनमे 45 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित रहने की औसत संख्या 13 वर्ष है। वहीं 32 विधायकों के खिलाफ दस साल या उससे अधिक समय से कुल 63 आपराधिक मामले लंबित हैं।

वर्तमान विधायकों का पूर्ण विवरण जिनके ऊपर न्यायालय द्वारा आरोप तय किए गए हैं और जिन पर 20 से अधिक वर्षों से मामले लंबित हैं। इनमे पहले स्थान पर बीजेपी के मरिहन निर्वाचन क्षेत्र से रमाशंकर सिंह दूसरे स्थान पर बीएसपी के मऊ से मुख्तार अंसारी तीसरे स्थान पर बीजेपी के धामपुर से अशोक कुमार राना हैं।

# जनसभाओं में उमड़ते जनसैलाब से भाजपा खेमे में मची खलबली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी की जनसभाओं में उमड़ते जनसैलाब और विपक्ष में बढ़ती स्वीकार्यता के चलते भाजपा खेमें में खलबली मची हुई है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की जमीन खिसक चुकी है यह सच सभी को दिखाई पड़ने लगा है। हार के डर से भाजपा नेतृत्व बौखलाया हुआ है। इससे वह अब साजिशों पर उतर आई है। सीबीआईए ईडीए आईटीए का ही अब उसे सहारा रह गया है क्योंकि जनता ने तो उसे पहले से ही खारिज कर दिया है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा अपना जनसमर्थन खोने से डरी है इसलिए तथ्यहीन झूठे और भ्रामक प्रचार की आड़ में राजनीति करना चाहती है। भाजपा ने अपने पूरे कार्यकाल में जनहित का कोई काम नहीं किया। एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया। अस्पतालों का शिलान्यास और लोकार्पण कर दिया पर उनमें चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं की। एम्बूलेंस सेवा 108ए महिलाओं के लिए 102 सेवा और 1090 वूमेन पावर लाइन सब बर्बाद कर दी गई। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भाजपा सरकार की संवेदनहीनता के फलस्वरूप हजारों लोगों की मौत अस्पतालों में इलाजए दवाए आक्सीजन के अभाव में हो गई। श्रमिकों का तमाम दुश्वारियों से पाला पड़ा। आम जनता को डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस सहित खाने पीने की चीजों की महंगाई याद है। दलितोंए पिछड़ों को आरक्षण के साथ हुई साजिशें याद है। नौजवानों को लैपटापए टेबलेट देने का वादा झूठा साबित हुआ। भाजपा ने खुद अपने संकल्प पत्र को ही कूड़े के ढेर में फेंक दिया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। इस सरकार ने फर्जी एनकाउंटर और पुलिस हिरासत में मौतों का रिकार्ड बनाया है।

# डीजीपी ने की चुनाव ड्यूटी प्रबंधन व पुलिसिंग में टेक्नॉलाजी संबंधित प्रस्तुतीकरण की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल ने पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी प्रबंधन व पुलिस टीम में टेक्नॉलॉजी के प्रयोग संबंधित प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की।

इस मौके पर पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय 112, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम, पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें, पुलिस महानिरीक्षक कानून. व्यवस्था सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिसिंग में भू-संदर्भित प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर एसपी सिटी गोरखपुर सोनम कुमार द्वारा तथा चुनाव ड्यूटी प्रबंधन पर संचित कुमार द्वारा अपना अपना प्रस्तुतीकरण दिया गया। पुलिसिंग में भू.संदर्भित प्रौद्योगिकी का उपयोग संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग व क्रिमिनल डॉटा बेस तैयार करने तथा ट्रैफिक व वीवीआईपी ड्यूटी लगाने में किया जा सकता है। चुनाव ड्यूटी प्रबंधन सिस्टम के माध्यम से तकनीकी आधार पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जा सकती है। आगामी सामान्य निर्वाचन के दौरान इस सिस्टम का प्रयोग पुलिस कर्मियों की ड्यूटी पारदर्शिता, शुचिता, निष्पक्षता के साथ लगाये जाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। डीजीपी द्वारा प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी तकनीकी का अधिकतम लाभ उठाने के लिए यह आवश्यक है कि पूर्व से कार्य कर रही तकनीक के साथ नई तकनीक का समन्वय बनाया रखा जाए।

## सपा अल्पसंख्यक सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में तीन और उपाध्यक्ष व 14 प्रदेश सचिव नामित

**लखनऊ।** समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शकील नदवी द्वारा समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में 17 पदाधिकारी और नामित किए गए हैं। नए पदाधिकारियों में 3 उपाध्यक्ष और 14 प्रदेश सचिव नामित किए गए हैं। प्रदेश कार्यकारिणी में एक सदस्य भी नामित किया गया है। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में नामित अकरम सिद्दीकी लखनऊए एडवोकेट मोहम्मद असलम नदवी सीतापुर एवं अनवर अली ;पप्पू मिर्ज़ाद्ध कानपुर नगर को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा रिजवान अहमद उर्फ बबलू लखनऊए मजहर लतीफ उर्फ अशीर किदवई बाराबंकीए इमरान

## कांस्टेबिल भर्ती की कॉमन मेरिट लिस्ट बनाने का आदेश

**लखनऊ( विसं )।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कांस्टेबिल्स के बचे हुए 2312 पदों पर भर्ती की एक कॉमन मेरिट लिस्ट बनाने का आदेश दिया है। पीठ ने दो माह में लिस्ट बनाने व नई लिस्ट के मुताबिक नियुक्ति का आदेश राज्य सरकार को दिया है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश रमेश कुमार सिंह समेत 60 अभ्यर्थियों की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं का पीएसी में चयन हो चुका है। इनके वकील राजेंद्र प्रसाद शुक्ला का कहना था कि अधिक मार्क्स मिलने के बावजूद इन्हें पीएसी में भेजा गया। जबकि इनसे कम मार्क्स प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को सिविल पुलिस में नियुक्ति मिल गई है।

# कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अल्पसंख्यक** कांग्रेस ने हर ज़िले से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर संविधान की प्रस्तावना में बदलाव करने की कोशिशों पर रोक लगाने और ऐसा करने वालों के खिलाफ़ कार्रवाई की मांग की है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज़ आलम ने कहा कि 8 दिसंबर को भाजपा सांसद केजे अल्फोंस ने राज्यसभा में प्राइवेट मेंबर बिल लाकर संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर शब्द हटाने का प्रस्ताव किया है। जिसके खिलाफ़ नो बोलने वालों की आवाज़ें ज़्यादा थीं लेकिन राज्यसभा के उप सभापति ने संविधान विरोधी आचरण दिखाते हुए उसे रिज़र्व में रख लिया। इसी तरह पिछले साल 20 जून को भी भाजपा के राज्य सभा सदस्य राकेश सिन्हा ने संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद शब्द हटाने की मांग की थी। जबकि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि संविधान की प्रस्तावना में संसद भी कोई बदलाव नहीं कर सकती। लेकिन बावजूद इसके राज्य सभा के उपसभापति हरि हरिवंश के खिलाफ़ कोई उचित करवाई नहीं की गयी। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि इसी तरह 8 दिसंबर को जम्मू कश्मीर के चीफ जस्टिस पंकज मित्तल ने भी कहा कि संविधान से सेकुलर शब्द हटा देना चाहिए। इस बयान पर भी कोई कार्यवाई नहीं की गयी। जबकि सुप्रीम कोर्ट को स्वत: संज्ञान ले कर उनके खिलाफ़ कार्यवाई करनी चाहिए थी। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में इंदिरा गांधी ने 42 वां संशोधन करके समाजवाद और सेकुलर शब्द जोड़ कर गरीबों और अल्पसंख्यक वर्गों को अधिकार संपन्न किया था। भाजपा इन शब्दों को निकालकर गरीबों और अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहती है। लेकिन कांग्रेस भाजपा के इस साज़िश को सफ्ल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सपा और बसपा की इस मुद्दे पर चुप्पी साबित करती है कि उनकी भाजपा से मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति संविधान के कस्टोडियन हैं। इसलिए उन्हें ऐसी कोशिश करने वालों के खिलाफ़ कार्रवाई करनी चाहिए।

# बौद्ध पर्यटन स्थलों को संवारने की योजना तैयार करेंः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में एशियन डेवलपमेन्टबैंक (एडीबी) के भारत में कन्ट्री डायरेक्टर टाकियो.कोनिशी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गईए जिसमे बौद्ध परिपथ के विकास हेतु सम्भावित परियोजनाओं एवं उनके वित्त.पोषण पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रमुख बौद्ध पर्यटन स्थलों के समेकित एवं समावेशी पर्यटन विकास को दृष्टिगत रखते हुये एडीबी की फाईनेन्सिंग हेतु एक डिटेल्ड कॉन्सेप्ट नोटध्प्रेलिमिनरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर शासन के माध्यम से एडीबी तथा भारत सरकार को प्रेषित कराया जाये और इस विषय में अग्रेतर कार्यवाही तत्परता से की जाये। यह भी निर्देश दिये गये कि इस कार्यवाही के लिये यदि आवश्यकता हो तो प्रमुख सचिवए पर्यटन के द्वारा एडीबी के साथ आवश्यकतानुसार ऑनलाईन वर्चुअल मीटिंग भी कर ली जाये। इससे पूर्व बैठक में एडीबी के भारत में कन्ट्री डायरेक्टर टाकियो.कोनिशी के द्वारा बौद्ध परिपथ के विषय में उनकी सम्भावित भूमिका से अवगत कराया गया और एडीबी के मनीला कार्यालय की नावोन.किम के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बौद्ध तीर्थ स्थलों के पर्यटन विकास हेतु सम्भावनाओं पर ध्यान केन्द्रित किया गया। बैठक में एशियन डेवलपमेन्ट बैंक की ओर से उनके कन्ट्री डायरेक्टर टाकियो.कोनिशीए एडीबी के मनीला स्थित कार्यालय के निदेशक साउथ एशिया नोरियोसाईटो डिप्टी कन्ट्री डायरेक्टर हो.युन.योंग, मनीला स्थित एडीबी कार्यालय की ना.वोन.किम तथा प्रदेश सरकार की ओर से अपर मुख्य सचिव नियोजन सुरेश चन्द्रा एवं नगर विकास विभाग पर्यटन लोक निर्माण विभाग संस्कृति विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त वाराणसी कुशीनगर फर्रुखाबाद श्रावस्ती सिद्धार्थनगर कौशाम्बी एवं महाराजगंज के जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक मे मौजूद रहे।

# दलगति राजनीति से ऊपर थे अटल बिहारी वाजपेयीः योगी आदित्यनाथ

● जयन्ती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ आज यहां साइंटिफिक कंवेन्शन सेण्टरए केजीएमयू में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयीकी जयन्ती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में सर्ि मलित हुए। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम अटल राम संकल्प अपने-अपने राम का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल फाउण्डेशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मु यमंत्री ने अटल जी की स्मृतियों को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि उनकी स्मृतियों के संदर्भ में इस प्रकार का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अटल जी दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर पक्ष और विपक्ष सभी की श्रद्धा और स मान के पात्र थे। उनका 6 दशकों तक का ल बा सार्वजनिक जीवन निष्कलंक रूप से रहा। अटल जी जैसा विराट व्यक्तित्व कोई दूसरा नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी सार्वजनिक जीवन और कार्यों में समग्रता की दृष्टि रखते थे। वे मानवतावादीए प्रखर चिंतक एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के धनीए लोकप्रिय और सर्वमान्य राजनेता थे जिनका सभी स मान और आदर करते थे। अटल जी एक साहित्यकार और संवेदनशील कवि भी थे। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी का मानना था कि आदमी न ऊंचा होता है न नीचा होता हैए न छोटा होता हैए न बड़ा होता हैए आदमी सिर्फ आदमी होता है। उन्होंने यह भी कहा कि ष्छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता। साथ ही यह भी कि मेरे प्रभु मुझे इतनी ऊंचाई कभी मत देना कि मैं गैरों को गले न लगा सकूं।

## पीएम की कानपुर कार्यक्रम की तैयारियों को सीएम ने परखा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 28 दिस बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कानपुर भ्रमण कार्यक्रम के संबन्ध में की जा रही तैयारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परखा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर प्रभावी इंतजाम किए जाएं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वालों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था प्रभावी ढंग से की जाए। कार्यक्रम एवं पार्किंग स्थल पर पेयजल तथा शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए। पार्किंग स्थल पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की भी व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल पर कोविड प्रोटोकॉल को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए। कानपुर से वर्चुअल माध्यम से औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना, सांसद सत्यदेव पचौरी मण्डलायुक्त कानपुर राजशेखर जिलाधिकारी कानपुर विशाख जी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव आरके तिवारी अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन दीपक कुमार प्रमुख सचिव खाद्य वीना कुमारी मीना यूपीएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर कुमार केशव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पंजाब में अस्थिरता पैदा करने वाली स्थितियां नहीं आने देगा केंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी** ने शुक्रवार को कहा पंजाब में केंद्र सरकार ऐसी कोई भी स्थिति पैदा होने नहीं देगी, जिससे बाहरी या भीतरी शक्तियां सीमा से सटे इस सूबे को अस्थिर कर सकें। राजधानी स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा कि लुधियाना की जिला अदालत परिसर में हुए विस्फोट की तह तक जाने की कोशिशें हो रही हैं। इस विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हुई है जबकि छह अन्य घायल हुए हैं। इस घटना के बाद पंजाब सरकार ने राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है। पुरी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में राज्य में बहुत सारी गतिविधियां हुई हैं जो इंगित करती हैं कि यह काम कुछ मनहूस ताकतों का है और इसके पीछे उद्देश्य किसी तरह से राज्य में भ्रम और अव्यवस्था की स्थिति पैदा करना है। ज्ञात हो कि पंजाब में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव होने हैं और पुरी को भाजपा ने चुनाव का सह प्रभारी नियुक्त किया है। इस बात का उल्लेख करते हुए कि केंद्रीय विधि व न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने लुधियाना का दौरा किया है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब की स्थिति पर एक बैठक भी की है, उन्होंने कहा, आपको सच्चाई जल्द ही पता चल जाएगी। मैं किसी प्रकार का कोई निष्कर्ष नहीं निकालूंगा।

रिजिजू ने आज लुधियाना जिला अदालत का दौरा किया, जहां एक दिन पहले बम विस्फोट हुआ था। इसके बाद उन्होंने कहा कि देश के साथ राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे घरेलू एवं विदेशी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्वाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम करेंगे। रिजिजू ने कहा कि केंद्र और राज्य की एजेंसियां पहले से ही घटना की व्यापक जांच कर रही हैं।

## रिजीजू ने लुधियाना अदालत विस्फोट स्थल का दौरा किया

**लुधियाना ( पंजाब )।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजीजू ने शुक्रवार को लुधियाना जिला अदालत का दौरा किया जहां एक दिन पहले बम विस्फोट हुआ था। देश के साथ राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे घरेलू एवं विदेशी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्वाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम करेंगे। रिजीजू ने कहा कि केंद्र और राज्य की एजेंसियां पहले से ही घटना की व्यापक जांच कर रही हैं। लुधियाना के जिला अदालत परिसर में बृहस्पतिवार को हुए बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए थे।

रिजीजू ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से बात की थी और यह तय किया गया था कि केंद्र और राज्य की एजेंसियां संयुक्त रूप से इस मामले की जांच करेंगी तथा इस कायराना कृत्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। उनकी यात्रा का मुख्य मकसद लुधियाना के साथ ही पंजाब के लोगों को यह विश्वास दिलाना है कि राज्य सरकार के साथ समन्वित प्रयास शुरू कर इस घटना की व्यापक जांच की जाएगी। रिजीजू ने कहा कि उन्होंने विस्फोट के पीड़ितों और पंजाब के लोगों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहानुभूति और समर्थन से भी अवगत कराया।

यह एक गंभीर घटना व एक संवेदनशील मुद्दा है और केंद्र एवं राज्य सरकारें पूर्ण समन्वय के साथ काम करेंगी तथा ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर केंद्र और राज्य की आवाज एक होनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि पंजाब में कुछ राजनीतिक नेता इस घटना पर अलग-अलग स्वर में बोल रहे हैं, रिजीजू ने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है, हम जिम्मेदार लोग हैं। हमें जिम्मेदारी से बोलना चाहिए। राजनीति अंतिम उपाय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और न्यायिक परिसरों की सुरक्षा केंद्र सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। रिजीजू के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री सोम प्रकाश और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला भी थे। वे अस्पताल भी गए और विस्फोट में घायल हुए लोगों का हालचाल पूछा। रिजीजू ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश और वकीलों से भी बातचीत की। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने चंडीगढ़ में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार ने विस्फोट मामले को सुलझाने के लिए केंद्र का सहयोग मांगा है।



शिमला में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर गुनगुनी धूप में टहलते पर्यटक

# गोवा के पूर्व विधायक ने टीएमसी में शामिल होने के कुछ महीने बाद पार्टी से दिया इस्तीफा

**पणजी।** टीएमसी में शामिल होने के लगभग तीन महीने बाद ही गोवा के पूर्व विधायक लवू मामलातदार ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। मामलातदार ने टीएमसी पर सांप्रदायिक होने और राज्य विधानसभा चुनावों से पहले वोटों के लिए हिंदुओं और ईसाइयों के बीच विभाजन की कोशिश करने का आरोप लगाया। पोंडा के पूर्व विधायक गत सितंबर के अंतिम सप्ताह में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हुए थे। वह टीएमसी में शामिल होने वाले राज्य के पहले कुछ स्थानीय नेताओं में से थे। टीएमसी ने फरवरी 2022 में होने वाले गोवा विधानसभा चुनाव में सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

मामलातदार ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी चुनाव के बाद सत्ता में आने पर राज्य में महिलाओं के लिए एक कल्याणकारी योजना शुरू करने के नाम पर लोगों के आंकड़े एकत्र कर रही है। उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पत्रकारों से कहा, मैं टीएमसी में शामिल हुआ था क्योंकि मैं पश्चिम बंगाल (इस साल की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनाव) में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के प्रदर्शन से पूरी तरह प्रभावित था। उन्होंने आरोप लगाया, मेरी यह धारणा थी कि टीएमसी एक बहुत ही धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। लेकिन पिछले 15-20 दिनों में मैंने जो कुछ भी देखा है, उससे मुझे पता चला है कि यह भाजपा से भी बदतर है।

टीएमसी ने महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन किया है, जिसके मामलातदार 2012 और 2017 के बीच विधायक थे। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी हिंदू और ईसाई वोटों को बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, चुनाव पूर्व गठबंधन के तहत, वे चाहते हैं कि ईसाई वोट टीएमसी को और हिंदू वोट एमजीपी को जाएं। टीएमसी एक सांप्रदायिक पार्टी है, जो धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाया कि वह अपनी गृह लक्ष्मी योजना के नाम पर लोगों के डेटा एकत्र करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, हमने पाया है कि पश्चिम बंगाल में शुरू की गई लक्ष्मी भंडार योजना के तहत, केवल 500 रुपए दिए जाते हैं, जबकि यहां वे गृह लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 5,000 रुपए देने का वादा कर रहे हैं।

# उत्तर कर्नाटक में विकास न होने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : भाजपा

**भाषा।** बेलागावी

**विपक्षी कांग्रेस** के विरोध के बीच शुक्रवार को कर्नाटक विधानसभा का सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर उत्तर कर्नाटक विरोधी होने का आरोप लगाते हुए उत्तरी जिलों से संबंधित मुद्दों पर प्रभावी चर्चा के लिए सत्र के विस्तार की मांग की थी। कांग्रेस सदस्यों ने सरकार पर विपक्ष के नेता सिद्धरमैया को समय सीमा का हवाला देते हुए उत्तर कर्नाटक के मुद्दों पर बहस में भाग लेने से रोकने का आरोप लगाया और सत्र आगे बढ़ाने का आग्रह किया। हंगामे के बीच जल संसाधन मंत्री गोविंद करजोल के उत्तर कर्नाटक से संबंधित मुद्दों पर सरकार की ओर से चर्चा का जवाब देने के बाद सदन को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्थगित कर दिया। करजोल ने कांग्रेस पर "गैर-जिम्मेदार" होने का आरोप लगाया और "अयोग्य विपक्ष" करार दिया।

उन्होंने उत्तरी जिलों के विकास न होने के लिए कांग्रेस को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया और कहा कि कांग्रेस सदस्यों को डर था कि उत्तर कर्नाटक के मुद्दों पर चर्चा पर सरकार की ओर से उनके जवाब से उनकी पोल खुल जाएगी, इसलिए उन्होंने (कांग्रेस सदस्यों ने) जवाब को बाधित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, उन्हें (कांग्रेस) शर्म आनी चाहिए..वे केवल राजनीति में लिप्त हैं। हमारी सरकार उत्तर कर्नाटक के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है"।

सरकार पर झूठ बोलने" का आरोप लगाते हुए और सदन में कोरम नहीं होने का आरोप लगाते हुए, कांग्रेस की नारेबाजी के बीच करजोल का जवाब ज्यादातर अनसुना रह गया। इस सीमावर्ती जिले के सुवर्ण विधान सौध में आयोजित विधानसभा के शीतकालीन सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने से पहले अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने कहा कि सदन में लगभग 52 घंटे तक कार्यवाही हुई और लगभग 90 प्रतिशत कामकाज पूरा हुआ।

इस सत्र के दौरान कुल 10 विधेयक पेश किए गए और पारित किए गए। इससे पहले, प्रश्नकाल और शून्यकाल के तुरंत बाद, जैसे ही अध्यक्ष ने उत्तरी कर्नाटक से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की, सिद्धारमैया ने कहा कि यदि सत्र दोपहर तक स्थगित कर दिया जाता है और जब बेलगावी में सत्र हो रहा है, तो इस मुद्दे पर किसी भी प्रकार की अपर्याप्त चर्चा का लोगों में गलत संदेश जाएगा। उन्होंने अध्यक्ष से शाम तक चर्चा जारी रखने या एक और सप्ताह के लिए सत्र जारी रखने का आग्रह किया।

सिद्धारमैया को समझाते हुए, अध्यक्ष ने भाजपा के कुछ सदस्यों को उत्तर कर्नाटक के मुद्दों पर यह कहते हुए कि कुछ मिनटों के लिए बात करने की अनुमति दी कि उनके बाद उन्हें एक अवसर दिया जाएगा। बाद में, जब उपाध्यक्ष आनंद ममान ने सिद्धारमैया को बोलने की अनुमति दी, तो कांग्रेस नेता ने कहा कि वह कम से कम दो घंटे बोलेंगे और विपक्ष के नेता के लिए कोई समय तय नहीं किया जा सकता है।

सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि समय सीमा तय की जानी चाहिए, क्योंकि वे भी बोलना चाहते हैं और अध्यक्ष ने भी उनसे अपने भाषण को 30 मिनट तक सीमित करने के लिए कहा था। सिद्धारमैया ने इसे एक पूर्व नियोजित साजिश करार देते हुए कहा कि उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई और कांग्रेस सदस्यों के साथ सदन के बीचोंबीच पहुंच गए और कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। बाद में, सदन की कार्यवाही शुरू होने के उपरांत कांग्रेस सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बीच भाजपा के कुछ सदस्यों ने बहस में हिस्सा लिया। सरकार के जवाब के बाद, अध्यक्ष कागेरी ने सत्र की कार्यवाही रिपोर्ट पढ़ी और सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया।

## क्विक न्यूज

### भाजपा सरकार के कार्यकाल में लोगों में डर कम हुआ है: नड्डा

**इंफाल।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में एन बीरेन सिंह नीत भाजपा सरकार के कार्यकाल मे मणिपुर के लोगो मे डर कम हुआ है और सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्य मे नवोन्मेष, बुनियादी संरचना और एकीकरण सुनिश्चित किया है। नड्डा ने यहां पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित रैली में कहा कि मणिपुर में कांग्रेस के शासनकाल मे अस्थिरता, उग्रवाद और असमानता पैदा हुई। मणिपुर मे विधानसभा चुनाव अगले साल मार्च में होने है। उन्होने कहा कि बीरेन सिंह सरकार ने राज्य की जनता के बीच डर के माहौल को कम किया है। नड्डा ने कहा, राज्य में डर का माहौल था। मां डरती थी कि उसका बेटा लौटेगा या नही, बहन डरती थी कि उसका भाई लौटेगा या नही। अब भाजपा की सरकार आने के बाद से कोई डर नही है। नड्डा ने कहा, मुझे अब नया मणिपुर दिखाई दे रहा है जिसने महिलाओं की शक्ति के कारण प्रगति की है। मणिपुर और महिला सशक्तीकरण मजबूती से एक-दूसरे से जुड़े हैं। उन्होने कहा कि मणिपुर की महिलाएं खेल, स्वतंत्रता आंदोलन और साहित्य में अग्रणी रही हैं। हर क्षेत्र मे उनकी भागीदारी है। उन्होंने खेल के क्षेत्र में मैरीकॉम और मीराबाई चानू की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

### बीसवें हफ्ते भी जुमे की नमाज के लिए बंद रही मस्जिद

**श्रीनगर।** शहर स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार को लगातार 20वें सप्ताह भी सामूहिक रूप से जुमे की नमाज नही हो पाई। अधिकारियों ने मस्जिद को लगातार बंद रखने का कोई कारण नही बताया, जिसे केंद्र द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के मद्देनजर अगस्त 2019 के शुरू में बंद कर दिया गया था। जामिया मस्जिद 14 वी शताब्दी की इमारत है और यह घाटी मे एकमात्र प्रमुख इबादत स्थल है, जिसे अधिकारियों द्वारा सामूहिक नमाज के लिए बंद कर दिया गया। मस्जिद को दिसंबर 2019 में कुछ समय के लिए खोला गया था, लेकिन अप्रैल में फिर से बंद कर दिया गया क्योंकि सरकार ने कोविड-19 के चलते बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी थी। इस साल अगस्त के पहले शुक्रवार को नमाज की इजाजत दी गई थी, लेकिन तब से मस्जिद बंद है। मस्जिद संबंधी कार्य का प्रबंधन करने वाली अंजुमन औकाफ जामिया मस्जिद श्रीनगर ने फैसले पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अंजुमन ने एक बयान में कहा कि अंजुमन और कश्मीर के मुसलमान यह नही समझ पा रहे है कि एक तरफ जम्मू-कश्मीर में सभी इबादत स्थल-मस्जिदें, दरगाह आदि जुमे की नमाज के लिए खुले हैं, लेकिन केवल जामिया मस्जिद श्रीनगर को ही लगातार क्यों बंद रखा जा रहा है। इसने कहा कि इस मस्जिद को लगातार बंद रखा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य है।

### बाहर से आने वालों के लिए शराबबंदी में छूट नहीं दी जाएगी: नीतीश

**गोपालगंज।** बिहार मे बाहर से आने वाले लोगो के लिए कठोर शराबबंदी कानून से राहत देने की मांग को शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खारिज कर दिया। उन्होंने इन सुझावों को भी खारिज कर दिया कि शराब के आदी लोगों को चिकित्सीय आधार पर छूट दी जाए और कहा कि लोगों ने शराब पीकर अपना स्वास्थ्य खराब कर लिया है, न कि उन्हे शराब पीने से रोकने के कारण उनका स्वास्थ्य खराब हुआ है। राज्यव्यापी सामाजिक सुधार अभियान के तहत उत्तर बिहार के इस जिले के दौरे मे मुख्यमंत्री ने एक सभा मे अपने ए विचार रखे। बिहार मे अप्रैल 2016 मे शराबबंदी लागू हुई थी। कुमार ने शराबबंदी कानून की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही उन्होने बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को भी समाप्त करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा, मैने शराबबंदी की इसलिए काफी संख्या मे लोग मुझसे नाराज है। वे कहते है कि हमे कम से कम उन लोगों को छूट देनी चाहिए जो बाहर से आते है। क्या लोग बिहार मे शराब पीने आते है? गौरतलब है कि दीपावली के आसपास राज्य में मिलावटी शराब पीने से कई जिलो में 40 से अधिक लोगो की मौत हो गई। गोपालगंज मे ही 10 से अधिक लोगो की मौत हो गई।

### विजयन ने राज्य में नई पहल का विरोध करने वालों की आलोचना की

**तिरूवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य मे नई पहल का विरोध करने वालों की शुक्रवार को आलोचना की और कहा कि इस तरह के बेतुका प्रतिरोध का वैज्ञानिक तरीके से मुकाबला किया जा सकता है। विजयन ने केरल प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह पूर्वधारणा कि राज्य में कुछ नही हो सकता, अब बदल गई है। विजयन ने कहा, कुछ लोग राज्य में हर तरह की नई पहल का विरोध करेंगे। इस तरह के विरोध का मुकाबला इसके पीछे मौजूद कारण का वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण कर और आगे बढ़ कर किया जा सकता है। उनका यह बयान इसलिए मायने रखता है कि विपक्षी कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी राज्य में प्रस्तावित सिल्वरलाइन हाई-स्पीड रेल परियोजना का विरोध कर रही है। पूर्ववर्ती वाम मोर्चा सरकार को भी गेल पाइपलाइन परियोजना और पावर हाईवे प्रोजेक्ट के दौरान इसी तरह के विरोध का सामना करना पड़ा था।



बोध गया के महाबोधि मन्दिर में सामूहिक प्रार्थना करते तिब्बती बौद्ध भिक्षु

## निजी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपतियो और कुलपतियो से राज्यपाल नाराज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को राजभवन में उनके द्वारा बुलाई गई बैठक में राज्य के निजी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपतियों और कुलपतियों के शामिल नहीं होने पर नाराजगी जताई। राज्यपाल ने इससे पहले उन कुलाधिपतियों और कुलपतियों को 20 दिसंबर को होने वाली एक बैठक के लिए आमंत्रित किया था। बाद में उसकी तारीख बदल दी गई और बृहस्पतिवार का दिन निर्धारित किया गया था क्योंकि निजी विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कोविड-19 के हालात के तहत इस बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई थी। धनखड़ ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि निजी विश्वविद्यालयों के 11 कुलपति और कुलाधिपति राज्यपाल के साथ एक बैठक में शामिल होने के लिए नहीं आए। इसी तरह की स्थिति जनवरी, 2020 में भी पैदा हुई थी, जब राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को आमंत्रित किया गया था।

# असहमति के कारण गतिरोध नही पैदा होना चाहिए: ओम बिरला

**गुवाहाटी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद और राज्य विधानसभाओं में कार्यवाही में लगातार व्यवधान और गरिमा की कमी" पर शुक्रवार को चिंता जताई और कहा कि असहमति के कारण गतिरोध नहीं पैदा होना चाहिए। उन्होंने कार्यवाही में व्यवधान को नैतिक और संवैधानिक रूप से गलत बताते हुए कहा कि यह उस समय और भी परेशान करने वाला होता है जब ऐसे व्यवधान पूर्व नियोजित होते हैं। बिरला ने असम विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा, लोकतंत्र चर्चा और संवाद पर आधारित है। लेकिन सदन में चर्चा के दौरान लगातार व्यवधान और गरिमा की कमी चिंता के विषय हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच असहमति स्वाभाविक है लेकिन "असहमति को गतिरोध का कारण नहीं बनना चाहिए। लोकसभाध्यक्ष ने राजनीतिक दलों को सलाह दी कि वे जटिल मुद्दों पर चर्चा करें और सुनिश्चित करें कि सदन इस तरह से काम करे कि यह लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करे।

सदन की कार्यवाही में बाधा डालना नैतिक और संवैधानिक रूप से सही नहीं है। कई बार व्यवधान पूर्व नियोजित होते हैं। इस तरह का आचरण और भी परेशान करता है। व्यवधान और कार्यवाही का स्थगन भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं का हिस्सा नहीं है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने को कहा।

बिरला ने कहा कि भारत जैसा विविधतापूर्ण देश संसदीय लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है और देश आजादी का 75वां वर्ष मना रहा है, इसलिए यह फिर से गौर करना आवश्यक हो गया है कि सदन, जो व्यवस्था का एक अभिन्न अंग है, किस प्रकार काम करता है। बिरला असम विधानसभा को संबोधित करने वाले पहले लोकसभाध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि राज्य विविधता में एकता का एक जीवंत उदाहरण है।

# परिसीमन आयोग की सिफारिशों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे: अब्दुल्ला

**भाषा।** नई दिल्ली

**नेशनल कॉन्फ्रेंस** के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि परिसीमन आयोग की सिफारिशों के खिलाफ उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय जाने की तैयारी कर रही है और पार्टी का मानना है कि इस कवायद का मूल आधार ही अवैध है। जम्मू-कश्मीर के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि विपक्षी दल एक साथ आएं और देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बर्बाद करने पर तुली हुई ताकतों से लड़ें।

इस सप्ताह की शुरुआत में परिसीमन आयोग के साथ बैठक के दौरान हुई बातचीत का विस्तृत ब्योरा देते हुए वरिष्ठ नेता अब्दुल्ला ने कहा, "बैठक में हमारे द्वारा उठाया गया पहला बिंदु यह था कि आयोग अवैध है क्योंकि जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन को चुनौती देने वाली पार्टी की याचिका उच्चतम न्यायालय में लंबित थी। हालांकि, आयोग की अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई ने नेशनल कॉन्फ्रेंस की दलीलों का प्रतिवाद करते हुए कहा कि जहां तक आयोग का संबंध है, उन्हें सरकार द्वारा अधिकार दिया गया था और इसलिए उन्होंने अपना काम किया। अब्दुल्ला ने कहा, लेकिन उच्चतम न्यायालय आखिरकार जो कहेगा, वह उन (आयोग) पर भी बाध्यकारी होगा, ताकि स्थिति साफ हो। उसके बाद उन्होंने अन्य मापदंडों का भी वर्णन किया। अब हम उच्चतम न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं। न्यायालय द्वारा पिछले परिसीमन आयोगों की सिफारिशों में हस्तक्षेप नहीं करने पर, अब्दुल्ला ने कहा कि वर्तमान आयोग का गठन जम्मू- कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त करने के बाद हुआ था, जिसे सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है और अभी तक इस पर कोई आदेश नहीं सुनाया गया है। उन्होंने कहा, इसीलिए...हम उच्चतम न्यायालय जा रहे हैं। अन्य लोग भी गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने 20 दिसंबर की परिसीमन आयोग की बैठक के बाद दावा किया कि वह और अन्य नेकां सदस्य संतुष्ट हैं। इस पर अब्दुल्ला ने कहा, उन्हें (सिंह) हमसे क्या उम्मीद थी। लड़ते? हम गुंडे नहीं हैं। हमें मतदान का अधिकार नहीं है, हम केवल सुन सकते हैं और अपनी आपत्तियां रख सकते हैं जिसकी उन्होंने हमें अनुमति दी है। और उन्होंने हमें 31 दिसंबर तक का समय दिया है। उससे पहले आपत्तियों के साथ हमारी रिपोर्ट वहां होगी।

आयोग की प्रारंभिक रिपोर्ट में अनुसूचित जनजातियों के लिए नौ और अनुसूचित जातियों के लिए सात सीटों के आरक्षण का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा, हम अनुसूचित जनजाति आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। बिना आरक्षण के भी, उनके 15 सदस्य थे। इसलिए कोई नई बात नहीं है। अनुसूचित जाति (की जनसंख्या) भी पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है ... कश्मीरी पंडितों की लंबे समय से इसके लिए उत्कंठा रही है। उनका, सिखों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का क्या? मुझे पूरा यकीन है कि यह समुदायों को और बांटने वाला है और यह एक त्रासदी है। परिसीमन आयोग की दूसरी बैठक में भाग लेने पर कुछ तबकों में आलोचना होने के संदर्भ में नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता ने कहा, अगर हम भाग नहीं लेते हैं, तो भी वे हमारी आलोचना करेंगे। इसलिए आलोचना इस जीवन का हिस्सा है और हम आलोचना से चिंतित नहीं होते हैं। वे (आलोचक) हमें ताकत देते हैं। हमने भाग लिया, इससे हमें पता लगा कि इसमें क्या है और उन्होंने क्या किया है? उन्होंने किस प्रकार किया है?

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हाल ही में दिल्ली में हुई बैठक में भाग लेने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा, "अगर हम इस देश को बचाना चाहते हैं, (इसे और) विभाजन से बचाना चाहते हैं और इसके अस्तित्व को और नुकसान पहुंचाने से बचाना चाहते हैं तो एकता आवश्यक है। अब्दुल्ला ने कहा, एकता प्राथमिकता है और सौभाग्य से सोनिया गांधी के प्रयास उसके लिए हैं। हमें उनकी सराहना करनी चाहिए कि उन्होंने यह कदम उठाया है। यह एक अच्छी शुरुआत है और मुझे भरोसा है कि 2024 के चुनाव से पहले यह एक अच्छी एकता में परिवर्तित होगा। मुझे विश्वास है कि और अधिक बैठकें होंगी, अधिक लोग एक साथ आएंगे क्योंकि हम अकेले सांप्रदायिक ताकतों को नहीं हरा सकते। उन्हें (संयुक्त विपक्ष) का हिस्सा बनना होगा।

कांग्रेस और ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस के बीच मतभेदों के बारे में उन्होंने कहा कि चीजों को सुलझाना होगा और "उन्हें सुलझा लिया जाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं है... अगर हम भविष्य पर काम करना चाहते हैं तो हमें अतीत को पीछे छोड़ना होगा। उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि वह इन सबसे एक मजबूत व्यक्ति के तौर पर सामने आएंगे। उन्होंने कहा, "इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यह जीवन का हिस्सा है, जिसका आपको सामना करना पड़ता है। आप इससे भागते नहीं हैं और मैं एक मजबूत व्यक्ति के तौर पर वापस आऊंगा।



बेंगलुरू में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सेन्ट बैसिलिका चर्च में मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना करते श्रद्धालु

# तीन दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 191 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई

**शेयर बाजार** में क्रिसमस से पहले पिछले तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 191 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। आईटी शेयरों में तेजी के बावजूद बैंक, वित्तीय और बिजली शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और वैश्विक बाजारों में नरम रुख का भी घरेलू बाजार पर प्रभाव पड़ा।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 190.97 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,124.31 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68.85 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 17,003.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 2.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में एनटीपीसी रही। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, कोटक बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और डा. रेड्डीज भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स विप्रो और इन्फोसिस शामिल हैं। इनमें 3.08 प्रतिशत तक की तेजी रही।



जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में नरम रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली जारी रहने से बाजार दोपहर की तेजी को गंवाते हुए नुकसान में बंद हुआ। सूचकांक में मजबूत दखल रहने वाले शेयरों में बिकवाली दबाव का बाजार पर असर पड़ा। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन मामलों में वृद्धि, कई विकसित देशों में मौद्रिक नीति रुख कड़ा किए जाने तथा मुद्रास्फीति को लेकर चिंता के बीच बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा। दवा, रियल्टी और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों ने बाजार को नीचे लाया। गिरावट के बीच भी आईटी शेयरों में मजबूती रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 112.57 अंक यानी 0.10 प्रतिशत जबकि निफ्टी 18.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत मजबूत हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार की नजर कोविड स्थिति पर है। कोई भी सकारात्मक खबर से सूचकांक को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। ऐसा नहीं होने पर उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और जापान का निक्की नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में तेजी का रुख था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 76.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 23 पैसे मजबूत होकर 75.03 पर बंद हुई। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार एफआईआई पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल बने हुए हैं और उन्होंने बृहस्पतिवार को 271.59 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# देश के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 2022 में 15 अरब डॉलर के निवेश के साथ उछाल की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इस वर्ष कई तरह की दिक्कतों का सामना करने के बाद 2022 में 15 अरब डॉलर से अधिक के संभावित निवेश के साथ देश के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में उछाल आने की उम्मीद है। सरकार बिजली से चलने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों, हरित हाइड्रोजन, सौर उपकरणों के निर्माण के साथ-साथ 175,000 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। सरकार के इस कदम से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र का बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने मौजूदा अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 150,000 मेगावाट से बढ़ाकर वर्ष 2022 में 175,000 मेगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमें उम्मीद है कि वर्ष 2022 के दौरान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश कम से कम 15 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा। वहीं बर्ग न्यू एनर्जी फाइनेंस (बीएनईएफ) की रिपोर्ट के अनुसार देश के स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में किया गया नया निवेश 2020 में 6.2 अरब डॉलर था। 2019 में इसमें 9.3 अरब डॉलर और 2018 में 10.8 अरब डॉलर का निवेश आया। देश में हालांकि कोरोना वायरस की दूसरी लहर से कई अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के प्रभावित होने के बावजूद 2021 में नए अवसर सामने आए है। भारतीय कंपनियों ने धन जुटाने के लिए विदेशी बाजारों की खोज शुरू कर दी है और अगस्त में रीन्यू पावर अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक पर सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय अक्षय ऊर्जा कंपनी बन गई है। भारत ने सीओपी21 में 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से अपनी स्थापित बिजली क्षमता का 40 प्रतिशत हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई थी। इसे हालांकि नवंबर 2021 में ही हासिल कर लिया है।

## क्विक न्यूज

### जापान के मंत्रिमंडल ने रक्षा बजट बढ़ाया, संसद की मंजूरी का इंतजार

**तोक्यो।** जापान के मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2022 के लिए 47 अरब डॉलर के रक्षा बजट को मंजूरी दी, जिसमें नए लड़ाकू विमान और अन्य आधुनिक हथियारों के लिए शोध एवं अनुसंधान के लिए कोष आवंटित किया गया है। चीन की सेना के बढ़ते प्रभुत्व और ताईवान के साथ उसके बढ़ते तनाव के मद्देनजर जापान ने अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए बजट आवंटन बढ़ाया है। रक्षा बजट में 1.1 फीसदी की वृद्धि की गई है और यह लगातार दसवीं बार है, जब रक्षा बजट बढ़ाया गया है। बजट को अभी संसद की मंजूरी मिलना बाकी है। इसमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास के लिए 2.55 अरब डॉलर की राशि आवंटित की गई है, जो वर्तमान वर्ष के लिए आवंटित कोष से 38 फीसदी अधिक है।

### एम्फैसिस ने ब्रिटेन स्थित अर्देनाघ के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एम्फैसिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने ब्रिटेन स्थित अर्देनाघ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है, जिसके तहत उसकी सहायक कंपनी ने साझा सेवा इकाई मसाइल्स लिमिटेड (एमआइएल) में 51% हिस्सेदारी हासिल की है। एम्फैसिस ने वर्ष 2020 में अर्देनाघ समूह के साथ स्पेशलिटी ब्रोकिंग खंड में एक समझौते की घोषणा की थी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के मुताबिक कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई एम्फैसिस कंसल्टिंग लिमिटेड, यूके (एमसीएल) और अर्देनाघ के बीच एक साझा सेवा इकाई की स्थापना करने पर सहमति बनी है।

### रेलवे न्यू जलपाईगुड़ी बैरक कॉलोनी को पट्टे पर देगा

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे ने अपनी संपत्ति बाजार पर चढ़ाने के प्रयासों के तहत पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में मौजूद रेल आवासीय परिसर के पुनर्विकास के साथ ही बैरक कॉलोनी में वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्र के विकास के लिए बोलियां आमंत्रित की है। एक अधिकारी ने बताया कि रेल मंत्रालय के तहत रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) इसके लिए कार्यान्वयन एजेंसी है। जानकारी के मुताबिक 99 साल के लिए पट्टे पर दिए जाने वाले 16,222 वर्गमी. के क्षेत्र के लिए बोली में 26.7 करोड़ रुपए का आरक्षित मूल्य है। मौद्रिक संपत्ति बाजार पर चढ़ाने के तहत ऑनलाइन बोली-पूर्व बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर के डेवलपर्स ने भाग लिया। ई-बोली जमा करने की अंतिम तारीख 28 जनवरी 2022 है। आरएलडीए उपाध्यक्ष वेद प्रकाश डुडेजा ने कहा, दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और गंगटोक हिल स्टेशनों का प्रवेश द्वार न्यू जलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी है। यह स्थान न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन की मुख्य सड़क पर स्थित है और अन्य स्थानों से इसका संपर्क अच्छा है। पूरी भूमि किसी भी अतिक्रमण से मुक्त है, जहां विकास तुरंत शुरू हो सकता है।

### एसबीआई कार्ड ने बांड जारी कर 650 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज (एसबीआई कार्ड) ने शुक्रवार को कहा कि उसने निजी आयोजन आधार पर बांड जारी कर 650 करोड़ रुपए जुटाए है। एसबीआई कार्ड ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि हितधारकों की संबंध और ग्राहक अनुभव समिति ने 6,500 निश्चित दर, असुरक्षित, कर योग्य, प्रतिदेय, वरिष्ठ, सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के आवंटन को निजी नियोजन आधार पर मंजूरी दे दी है। ए बांड कुल 650 करोड़ के हैं। कंपनी ने कहा कि बांड पर 5.82% की ब्याज दर है और ए तीन साल के अंत में छुड़ाए जा सकते है यानी इसके भुनाने की तिथि 24 दिसंबर 2024 है।

### बीओएफए ने अगले वित्त वर्ष में जीडीपी में 8.2% की वृद्धि का पूर्वानुमान व्यक्त किया

**मुंबई।** वृद्धि, मुद्रास्फीति और उपभोग की मांग में मौद्रिक नीति के सामान्य होने को लेकर चिंताओं के कारण आने वाला वर्ष पिछले दो वर्ष की तुलना में अधिक जोखिम भरा रह सकता है। वॉल स्ट्रीट की एक ब्रोकरेज कंपनी ने अगले वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.2% वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है जिसमें कई जोखिम भरे कारकों को ध्यान में रखा गया है। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्युरिटीज इंडिया (बीओएफए) के अर्थशास्त्रियों ने जीडीपी को लेकर अपने अनुमान में कहा है कि बीते कई वर्षों से वृद्धि का मुख्य कारक रही उपभोक्ता मांग का पटरी से उतरना सबसे बड़ा जोखिम है। उनका मानना है कि उपभोक्ताओं की मांग अगले वित्त वर्ष में भी विकास का मुख्य कारक बनी रहेगी। मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति सामान्ईकरण के उपभोक्ता मांग पर असर को इस पूर्वानुमान में सबसे बड़े जोखिम के कारक बताते हुए अर्थशास्त्रियों ने कहा कि आरबीआई वित्त वर्ष 2022-23 में रेपो दर को 100 बीपीएस तक बढ़ा सकता है। उन्हें आशंका है कि इससे उपभोक्ता मांग पर बुरा असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार एक और बड़ा जोखिम अगले साल खराब मॉनसून का पूर्वानुमान भी है।

### सरकार ने कॉल डेटा, इंटरनेट के इस्तेमाल संबंधी रिकॉर्ड दो साल के लिए सुरक्षित रखना अनिवार्य किया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने उपभोक्ताओं के कॉल डेटा और इंटरनेट इस्तेमाल करने संबंधी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की अवधि सुरक्षा कारणों से एक वर्ष से बढ़ाकर दो वर्ष कर दी है। लाइसेंस में संशोधन 21 दिसंबर को जारी किए गए थे और 22 दिसंबर को इनका विस्तार अन्य प्रकार के टेलीकॉम परमिट तक कर दिया गया। डीओटी के सर्कुलर में कहा गया, लाइसेंस धारक सभी व्यावसायिक रिकॉर्डकॉल डिटेल रिकॉर्डएक्सचेंज डिटेल रिकॉर्ड आईपी डिटेल रिकॉर्ड के साथ-साथ नेटवर्क पर हुए संवाद के रिकॉर्ड को सुरक्षित रखें। इस तरह के रिकॉर्ड सुरक्षा कारणों से कम से कम दो वर्ष के लिए सुरक्षित रखे जाएं। सर्कुलर में कहा गया कि यह संशोधन जनहित के लिए अथवा देश के सुरक्षा हितों के लिहाज से आवश्यक है। संशोधन के तहत टेलीकॉम कंपनियों के लिए इंटरनेट सेवा, ई-मेल, इंटरनेट टेलीफोनी सेवाओं के लॉगइन और लॉगआउट ब्यौरों समेत उपभोक्ताओं का इंटरनेट डेटा रिकॉर्ड सुरक्षित रखना अनिवार्य है।

### सरकार जल्द ही विधिक माप-पद्धति कानून को गैर-अपराधी बनाने के प्रस्ताव को अंतिम रूप देगी: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्र ने शुक्रवार को कहा कि वह व्यवसायों और उपभोक्ताओं के अनुपालन बोझ को कम करने के लिए जल्द ही विधिक माप-पद्धति कानून को गैर-अपराधी बनाने के प्रस्ताव को अंतिम रूप देगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से संबोधन में कहा कि विधिक माप-पद्धति कानून (लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट) को गैर-अपराधी बनाने की जरूरत है, ताकि उपभोक्ता हितों की रक्षा हो और व्यापारियों को परेशान न किया जाए। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने कहा, हम इसे जल्द से जल्द अंतिम रूप देंगे। विधिक माप-पद्धति कानून 2009 वजन और माप से संबंधित मानकों को लागू करता है। इस कानून के मौजूदा स्वरूप में अपराध के लिए जुर्माने के अलावा कारावास का भी प्रावधान है। मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियमों में संशोधन के मसौदे पर सरकार को विभिन्न हितधारकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

# वाणिज्य मंत्रालय चार देशों से आने वाले रसायन पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने के पक्ष में

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने घरेलू कंपनियों को सस्ते आयात से बचाने के लिए जापान, ईरान, कतर और ओमान से आने वाले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाले कास्टिक सोडा पर पांच साल के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अपनी जांच में पाया कि इस रसायन का भारत को निर्यात काफी कम मूल्य पर किया गया, जिससे घरेलू उद्योग प्रभावित हुआ है। इसको देखते हुए डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई। डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा है, प्राधिकरण इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए अधिसूचना की तारीख से जापान, ईरान, ओमान और कतर से माल के सभी आयातों पर पांच वर्षों की अवधि के लिए निश्चित डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करना आवश्यक समझता है। डीजीटीआर ने अल्काली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएमएआई) की शिकायत के बाद जांच की थी। शिकायत में जांच का अनुरोध किया गया था। वित्त मंत्रालय शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय करता है।

# केनरा बैंक ने बांड जारी कर 2,500 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने कुल 10 इकाइयों को बासेल-3 मानकों के अनुरूप बांड जारी करके 2,500 करोड़ रुपए जुटाए हैं। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने बासेल-3 मानकों के अनुरूप बांड (श्रृंखला-1) बोली के लिए रखे।

# ईएसआईसी योजना से अक्टूबर में 12.19 लाख नए सदस्य जुड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की सामाजिक सुरक्षा योजना से अक्टूबर 2021 में 12.19 लाख नए सदस्य जुड़े। ए आंकड़े देश में संगठित क्षेत्र में रोजगार के परिदृश्य को दर्शाते हैं। इससे पिछले महीने यानी सितंबर में इस योजना से 13.57 लाख नए सदस्य जुड़े थे। ताजा आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी रिपोर्ट का हिस्सा है। इस संबंध में शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार ईएसआईसी से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या अप्रैल में 10.78 लाख, मई में 8.91 लाख, जून में 10.68 लाख, जुलाई में 13.40 लाख और इस साल अगस्त में 13.47 लाख थी। वही जून, जुलाई और अगस्त के आंकड़े इस साल अप्रैल के मध्य में कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के बाद राज्यों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में ढील के बाद वृद्धि दर्शाते हैं। एनएसओ की रिपोर्ट के अनुसार बीते वित्त वर्ष यानी 2020-21 में ईएसआईसी से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या करीब 1.15 करोड़ थी। वही 2019-20 में यह आंकड़ा 1.51 करोड़ तथा 2018-19 में 1.49 करोड़ था। सितंबर, 2017 से मार्च, 2018 के दौरान ईएसआईसी योजना से 83.35 लाख नए अंशधारक जुड़े। वही सितंबर, 2017 से अक्टूबर 2021 की अवधि में ईएसआईसी से 5.82 करोड़ नए सदस्य जुड़े हैं। यह रिपोर्ट ईएसआईसी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना के नए अंशधारकों से संबंधित रोजगार के आंकड़ों पर आधारित है। रिपोर्ट के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की योजना से जुड़ने वाले अंशधारकों की संख्या अक्टूबर में 12.73 लाख रही जो सितंबर 2021 में 13.97 लाख थी। ईपीएफओ की योजना से सितंबर 2017 से लेकर अक्टूबर 2021 के दौरान सकल रूप से करीब 4.79 करोड़ अंशधारक जुड़े।



क्रिसमस त्योहार की पूर्व संध्या पर उत्तरी गोवा के मापुसा मार्केट में ग्राहकों की भीड़

# आईवीएफ तकनीक से बछड़ों की आबादी बढ़ाने की अपार संभावनाएं: रूपाला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने शुक्रवार को कहा कि आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) तकनीक के माध्यम से आय बढ़ाने और बछड़ों को जन्म देने के एक स्थाई मॉडल तैयार करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। मवेशी प्रजनक गर्भावस्था दर को अधिकतम करने के लिए इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) का उपयोग कर रहे हैं। यह दाता गायों से अंडाणुओं को लेते हुए अंडाणुओं को वीर्य के साथ निषेचित करके भ्रूण बनाने की प्रक्रिया है। फिर भ्रूण को किसी प्राप्तकर्ता या सरोगेट गाय में प्रत्यारोपित किया जाता है।पुणे में जेके ट्रस्ट बोवाजेनिक्स की अपनी यात्रा के दौरान, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री रूपाला ने दो साहीवाल गायों - सामधि और गौरी से मिले, जिन्होंने क्रमशः 100 और 125 बछड़ों को जन्म दिया है। एक सरकारी बयान में मंत्री की यात्रा के दौरान उनके हवाले से कहा गया।

# कोयला उत्पादन में 2022 के दौरान खासी वृद्धि होने की उम्मीद

**भाषा।** नई दिल्ली

**सार्वजनिक क्षेत्र** की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) के साथ-साथ कैप्टिव खदानों के उत्पादन में भी वृद्धि होने से 2022 में देश के कोयला उत्पादन में बड़ा इजाफा होने की उम्मीद है। कोयले की आपूर्ति हाल के दिनों में स्थिर हुई है और अब ईंधन की आपूर्ति को और बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा कि बिजली संयंत्रों को अब उनकी जरूरतों की तुलना में थोड़ा अधिक कोयला मिल रहा है। कोयला सचिव अनिल कुमार जैन ने कहा कि 2015-2020 के बीच नीलाम किए गए कैप्टिव कोयला ब्लॉक, व्यावसायिक खदानें जिन्हें पिछले वर्ष बिक्री के लिए रखा गया था उनसे तथा कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) से अधिक उत्पादन होने से कोयला उत्पादन में वृद्धि होगी। जैन ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, अगले वित्त वर्ष 2022-23 में हम कोयला उत्पादन में खासी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में सीआईएल ने लगभग 59.6 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था।

# देश की मौद्रिक नीति वित्तीय रूप से समावेशी: पात्रा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा ने शुक्रवार को कहा कि देश की मौद्रिक नीति वित्तीय आधार पर समावेशी रूप से तैयार की गई है और इसके चलते नीति का असर व्यापक और जनकल्याण अधिकतम स्तर पर होगा। पात्रा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम, अहमदाबाद) में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि आरबीआई के वित्तीय समावेश सूचकांक का स्तर मार्च 2019 के 49.9 से बढ़कर मार्च 2020 में 53.1 हो गया है। वही मार्च 2021 में यह और बढ़कर 53.9 पर पहुंच गया। इस सूचकांक की शुरुआत सितंबर 2021 में हुई थी, जिसमें 0 से 100 तक अंक दिए जाते हैं और यह आरबीआई के 100 प्रतिशत वित्तीय समावेश हासिल करने के लक्ष्य में मिली सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, वित्तीय समावेश में वृद्धि के प्रमाण अभी आकार ले रहे हैं और इसके विश्लेषण से मजबूत निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी हो सकती है।

# पेज एक का शेष

## तीसरी लहर...

23 दिसंबर को 9 लाख से अधिक कोविड-19 मरीज आए हैं। ये आंकड़े महामारी की एक नई लहर की ओर इशारा कर रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि भारत का ओमीक्रोन केसलोड ठीक एक सप्ताह पहले 100 को पार कर गया था और मंगलवार को यह 200 को पार कर गया। तीन दिन बाद शुक्रवार को यह आंकड़ा 350 के पार पहुंच गया। महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के सबसे अधिक 88 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद दिल्ली में 67, तेलंगाना में 38, तमिलनाडु में 34, कर्नाटक में 31 और गुजरात में 30 मरीज आए हैं। इसके अलावा, हरियाणा, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, बंगाल, आंध्र प्रदेश, यूपी, चंडीगढ़, लद्दाख और उत्तराखंड ने भी नए वैरिएंट के मामलों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि विश्लेषण किए गए ओमीक्रोन मामलों में से 61 प्रतिशत पुरुष और 39 प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि कहा कि 87 रोगियों को वैक्सीन की दोनों खुराक लग चुकी हैं और इनमें से तीन को बूस्टर खुराक भी लग चुकी है। सात रोगियों को टीका नहीं लगाया गया था और दो को एक टीका लगा है। इनमें से 16 लोग टीका लगाने के पात्र नहीं हैं और 73 रोगियों के टीकाकरण की स्थिति का पता नहीं चला है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के निष्कर्षों का हवाला देते हुए मंत्रालय ने कहा कि डेल्टा के मुकाबले ओमीक्रोन अधिक संक्रामक है और 1.5 से 3 दिनों में इसके मरीज दोगुने हो रहे हैं। भूषण ने कहा कि दुनिया में कोविड-19 मामलों में चौथी लहर आ चुकी है और इसकी कुल सकारात्मकता दर 6.1 प्रतिशत है। यूरोप, उत्तरी अमेरिका और अफ्रीका की तुलना में एशिया में ताजा मामलों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है, लेकिन हमें पूरी तरह सतर्क रहना होगा। मंत्रालय ने कहा कि केरल और मिजोरम में कोविड-19 मामले की सकारात्मकता दर राष्ट्रीय औसत से बहुत अधिक है और यह लगातार चिंता का कारण बनी हुई है। देश भर के 20 जिलों में साप्ताहिक सकारात्मकता दर 5 से 10 प्रतिशत के बीच है जबकि दो जिलों में यह 10 प्रतिशत से अधिक है। उसने कहा कि भारत के लगभग 61 प्रतिशत वयस्कों को कोविड टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी है जबकि 89 प्रतिशत को पहली खुराक दी गई है। ओमीक्रोन वैरिएंट के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने निजी स्वास्थ्य क्षेत्र से तैयार रहने की अपील की है, क्योंकि निजी अस्पतालों को महामारी के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। भारत में इस समय हर दिन लगभग 7,000 कोविड मामले आ रहे हैं। पिछले चार हफ्तों से भारत का दैनिक केस लोड 10,000 से नीचे है। देश में अभी कोरोना महामारी की दो लहर पहली सितंबर 2020 में और दूसरी मई 2021 में आई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत में 6,650 नए कोरोना वायरस के मरीज दर्ज किए गए हैं, जिससे इसके मामलों की संख्या 3,47,72,626 हो गई, जबकि सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 77,516 हो गई। बीमारी के कारण मरने वालों की संख्या 4,79,133 हो गई है, जिसमें 374 दैनिक मौतें दर्ज की गई हैं।

## फरवरी तक...

आंकड़ों का इस्तेमाल किया, जो पहले ही महामारी की तीसरी लहर का सामना कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने इन देशों में मामलों के दैनिक आंकड़ों का इस्तेमाल कर भारत में तीसरी लहर के असर और समय-सीमा का अनुमान व्यक्त किया। अध्ययन में भारत में पहली और दूसरी लहर के आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया गया है।

## हरियाणा और...

लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाने का शुक्रवार को निर्णय लिया। रात्रिकालीन कर्फ्यू रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक लगाया जाएगा और यह शनिवार से प्रभावी होगा। सरकार ने इनडोर और खुले स्थानों कार्यक्रमों में अधिकतम लोगों की संख्या को क्रमशः 200 और 300 लोगों तक सीमित कर दिया है। यह प्रतिबंध शनिवार से शुरू होगा और पांच जनवरी तक प्रभावी रहेगा। ताजा प्रतिबंध हरियाणा सरकार की उस घोषणा के बाद लगाया है, जिसमें कहा गया था कि जिन लोगों का पूरा टीकाकरण नहीं हुआ है उन्हें एक जनवरी से मॉल, सिनेमा हॉल, रेस्तरां और अनाज मंडियों जैसी भीड़-भाड़ वाली जगहों में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हरियाणा सरकार की ओर से जारी बयान में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के हवाले से कहा गया है कि राज्य में ओमीक्रोन स्वरूप के मामले बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए एक जनवरी से सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े सभी संस्थानों में प्रवेश के लिए टीकाकरण की दोनों खुराक अनिवार्य कर दी गई है।

## यूपी में...

गया था कि क्या चुनाव स्थगित करना संभव है क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई है। चंद्रा ने उत्तराखड की स्थिति पर कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव एसएस संधू से राज्य में ओमीक्रोन के मामलों के बारे में पूछा था और उन्हें बताया गया कि राज्य में कोविड-19 के नवीनतम स्वरूप का केवल एक मामला था। चंद्रा ने कोविड के कारण आयोग द्वारा उठाए गए विभिन्न सुरक्षा उपायों का भी जिक्र किया लेकिन यह आश्वासन भी दिया कि वायरस के प्रसार पर काबू पाने के लिए संवैधानिक स्थिति के अनुसार जो कुछ भी आवश्यक होगा, वह किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोविड-19 की तीसरी लहर की बढ़ती आशंका के मद्देनजर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग से चुनावी रैलियों पर रोक लगाने तथा चुनावों को टालने पर विचार करने का आग्रह किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान के दिन आयोग द्वारा तय किए गए कोविड विरोधी उपायों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी गई है। इस वजह से उत्तराखंड में 623 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। चंद्रा ने कहा कि नए मतदान केंद्रों के बाद राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 11,647 हो जाएगी जिसका मतलब है कि उत्तराखंड में प्रति 700 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्र कोविड से सुरक्षित हों, यह सुनिश्चित करने के उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में 100 मतदान केंद्र ऐसे होंगे जिनका संचालन महिलाएं करेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय और शेड की न्यूनतम सुविधाएं होंगी और उन सभी में वीवीपैट से जुड़ी ईवीएम होंगी। आयोग ने चुनाव प्रचार के लिए 601 मैदानों और 277 भवनों की भी पहचान की है। उम्मीदवार उन्हें ऑनलाइन बुक कर सकते हैं और उन्हें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर आवंटित किया जाएगा। चंद्रा ने कहा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें, यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखंड में पहली बार 80 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को घर से मतदान की सुविधा दी जा रही है। एक मोबाइल ऐप भी तैयार किया गया है ताकि लोग आसानी से चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब, मादक पदार्थ और अन्य उपहारों के वितरण के बारे में आयोग को जानकारी दे सकें। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि सभी राजनीतिक दल आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अपने उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों का विवरण प्रकाशित करेंगे। उम्मीदवारों को अपने खिलाफ आपराधिक मामलों का ब्योरा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी देना होगा।

## कानपुर में...

मिली खुफिया जानकारी के अनुसार, विनिर्माता देय कर के भुगतान के बिना माल की गुप्त आपूर्ति में शामिल था। इस गुप्त आपूर्ति में ट्रांसपोर्टर भी शामिल था। ट्रांसपोर्टर के कब्जे से 1.01 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई है। बयान में कहा गया कि कंपनी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता ने जीएसटी के बिना माल को मंजूरी देने की बात स्वीकार की है।

## कपूरथला लिंचिंग...

जाने पर उन्होंने कहा कि एक मेडिकल बोर्ड ने डीएनए परीक्षण के लिए नमूने लिए हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक शारीरिक पहचान का सवाल है, वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के आधार पर अब तक यह संभव नहीं हो पाया है। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री चन्नी ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार हत्या का मामला दर्ज करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि दर्ज प्राथमिकी में संशोधन किया जाएगा।

## विधानसभा नहीं...

चुनाव से पहले उनका निलबंन रद्द कर दिया जाएगा। झिरवाल ने बताया कि 21 दिसंबर को विधानसभा सचिवालय को उच्चतम न्यायालय का नोटिस मिला था। निलंबित किए गए 12 सदस्य संजय कुटे, आशीष शेलार, अभिमन्यु पवार, गिरीश महाजन, अतुल भातखलकर, पराग अलवानी, हरीश पिंपले, योगेश सागर, जय कुमार रावल, नारायण कुचे, राम सतपुते और बंटी भांगड़िया हैं। उच्चतम न्यायालय ने 14 दिसंबर को महाराष्ट्र के 12 भाजपा विधायकों की याचिकाओं पर राज्य विधानसभा और प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि उठाया गया मुद्दा, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकीलों और राज्य सरकार की ओर से दिए गए तर्क जिरह योग्य हैं और इन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

## पाक से...

कहा कि मैंने मुरादाबाद मीडिया ग्रुप में वीडियो देखा। मैं उसी सरायतरीन गांव से ताल्लुक रखता हूं और महिला जो विवरण दे रही थी, उसमें मेरी दिलचस्पी थी। मैंने अपने गाँव के बुजुर्गों से उस महिला और मोहम्मद छिद्दन के बारे में पूछताछ की, जिनके बारे में उसने दावा किया था कि वह उसका पिता है। यह वीडियो मुझे अकरम के पास तक ले गया। फिल्म बजरंगी भाईजान में मासूम मुन्नी को नायक में पवन मिला। लेकिन वास्तविक जीवन में 40 साल पहले मुन्नी को भेड़ियों का सामना करना पड़ा, उनमें से एक उसका अपना चाचा था, जिसने उसे दिल्ली में एक व्यक्ति को बेच दिया था जब वह सिर्फ 16-17 वर्ष की थी। उस व्यक्ति ने बाद में उसे हरियाणा में किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया और जहां से उसे पाकिस्तान भेज दिया गया। मुन्नी ने कराची से रिपोर्टर को व्हाट्सएप कॉल पर बताया कि मेरे खालू (चाचा) मुझे दिल्ली ले गए और मुझे एक व्यक्ति को बेच दिया। मैं उसके साथ गई क्योंकि मैं उसे जानती थी। उसने कहा था कि वह मुझे दिल्ली ले जाएगा और कुछ दिनों बाद मुझे वापस लाएगा। अकरम का दावा है कि उसका खालू उसकी बहन को बहला कर ले गया था, क्योंकि वह उसके पिता से बदला लेना चाहता था क्योंकि उसके पिता ने दूसरी शादी उस महिला से की थी जिससे उसका खालू शादी करना चाहता था। उसने कहा कि मुन्नी पाकिस्तान में अपने शुरुआती वर्षों को भूलना चाहती है। आप समझ सकते हैं कि मेरे साथ वहां क्या हुआ था, लेकिन इस कठिन हालात में उसे बचाने के लिए सज्जाद हैदर मिला। वह अपने एक किराएदार के साथ रह रही थी जब सज्जाद ने उसे देखा और पाया कि कुछ गड़बड़ है। सज्जाद ने कहा कि मुझे विस्तार से बताने की जरूरत नहीं है कि आप मुन्नी की दुर्दशा को समझ सकते हैं। सज्जाद ने उसे बचा लिया और बाद में परिवार और समाज के दबाव के बावजूद उससे शादी कर ली। शादी के बाद मुन्नी को नया नाम मिला बुशरा। मुन्नी ने कहा कि मैं अब खुश हूं। मेरे चार बच्चे हैं, लेकिन मैं हमेशा अपने परिवार, पिता, भाइयों और बहनों से मिलना चाहती थी। मुझे नहीं पता कि कैसे, लेकिन मुझे हमारे इलाके और हमारे घर के आसपास रहने वाले लोगों के बारे में याद है। मोहम्मद छिद्दन अपनी पत्नी मुनिजा, बड़ी बेटी मुन्नी, छोटी बेटी भूरी पुत्र मुन्ना उर्फ इस्लाम, अकरम और बहेर आलम के साथ संभल के गांव सरायतरीन के मोहल्ला हिजदान में रहते थे।

# हरभजन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**भाषा।** नई दिल्ली

**टेस्ट क्रिकेट** में हैट्रिक लेने वाले भारत के पहले गेंदबाज और दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने शुक्रवार को अपने शानदार क्रिकेट करियर को अलविदा कह दिया। पंजाब के 41 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर में 103 टेस्ट में 417 विकेट, 236 एकदिवसीय मैचों में 269 विकेट और 28 टी 20 आई में 25 विकेट लिए है। हरभजन ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से यह कदम उनके दिमाग में था और अब वह इसकी घोषणा कर रहे है। इस ऑफ स्पिनर ने ट्वीट किया, मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे जीवन में सब कुछ दिया है, सभी अच्छी चीजें भी समाप्त हो जाती हैं। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस 23 साल के लंबे सफर को बेहतरीन और यादगार बनाया। जालंधर की तंग गलियों से लेकर टीम इंडिया का टर्बनेटर बनने तक का बीते 25 सालों का सफर खूबसूरत रहा है। हरभजन ने 1998 में शारजाह में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने भारत के लिए मार्च 2016 में ढाका में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना आखिरी मैच खेला था। उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय टीम में जर्सी (मैदान पर खेलते हुए) में संन्यास लेने की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने अपने ट्वीट के साथ साझा किए गए यूट्यूब वीडियो में कहा, सभी क्रिकेटरों की तरह, मैं भी भारतीय जर्सी में अलविदा कहना चाहता था, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। एक समय ऐसा आता है जब आपको कुछ मुश्किल फैसले लेने पड़ते हैं और जीवन में आगे बढ़ना होता है। मानसिक रूप से मैंने बहुत पहले ही संन्यास ले लिया था लेकिन इसकी घोषणा नहीं कर सका था। मैं कुछ समय से क्रिकेट में सक्रिय नहीं रहा हूं। हरभजन ने केकेआर के लिए पिछले इंडियन प्रीमियर लीग के शुरूआती चरण के दौरान कुछ मैचों में भाग लिया था, लेकिन लीग के यूएई चरण में उन्हें मैदान में उतरने का मौका नहीं मिला। मैं काफी समय से सक्रिय क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अपनी प्रतिबद्धता के कारण आईपीएल सत्र के दौरान उनके साथ रहना चाहता था। मैंने हालांकि सत्र के दौरान ही अपना मन बना लिया था। मैंने जिस भी टीम के लिए खेला है, यह सुनिश्चित किया है कि मैं हमेशा अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रतिबद्धता दिखाऊ जिससे मेरी टीम शीर्ष पर रहे। अब चाहे वह भारतीय टीम हो, चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, केकेआर, सरे या एसेक्स काउंटी हो। उन्होंने मार्च 2001 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 32 विकेट लिए थे।



## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर के मुख्य आंकड़े

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरो मे शुमार हरभजन सिंह ने शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया लेकिन उनका अंतरराष्ट्रीय करियर कई शानदार और यादगार उपलब्धियो से भरा है। उन्होने 103 टेस्ट मे 417 विकेट लिए है और इस प्रारूप मे सबसे ज्यादा विकेट लेने वालो की वैश्विक सूची मे 14वे स्थान पर है। वह भारत के चौथे सफल टेस्ट गेंदबाज है। उनसे ज्यादा विकेट अनिल कुंबले (619), कपिल देव (434) और रविचंद्रन अश्विन (427) के नाम है।

**टेस्ट में प्रतिस्पर्धी देशों के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट:** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 18 मैचो मे 95 विकेट। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 मैचों में 60 विकेट। वेस्टइंडीज के खिलाफ 11 मैचों में 56 विकेट। श्रीलंका के खिलाफ 16 मैचो मे 53 विकेट। इंग्लैड के खिलाफ 14 मैचो मे 45 विकेट। **सबसे सफल टेस्ट सत्र:** साल 2002: 13 टेस्ट मे 63 विकेट (पांच बार पांच विकेट या उससे अधिक) साल 2001: 12 टेस्ट मे 60 विकेट (छह बार पांच विकेट या अधिक, मैच मे दो बार 10 विकेट या अधिक) **टेस्ट पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी:** 18 मार्च 2001: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन देकर आठ विकेट **एकदिवसीय पदार्पण** : 17 अप्रैल 1998, शारजाह मे न्यूजीलैड के खिलाफ, **एकदिवसीय में प्रतिस्पर्धी देशों के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट** : श्रीलंका के खिलाफ 47 मैच मे 61 विकेट। इंग्लैड के खिलाफ 23 मैचो मे 36 विकेट। वेस्टइंडीज के खिलाफ 31 मैचो मे 33 विकेट। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 मैचो मे 32 विकेट। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 24 मैचो मे 31 विकेट। हरभजन ने 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचो मे 25 विकेट लिए है।

## क्रिकेट जगत ने हरभजन के योगदान को सराहा

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह के क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कहते ही क्रिकेट जगत से उन्हें शुभकामनाएं मिलनी शुरू हो गई और सभी ने खेल में उनके योगदान की सराहना की। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में क्रिकेट जगत ने उन्हे शुभकामनाएं दी। हरभजन के साथ साझा किए गए असंख्य यादगार पलो को याद करते हुए तेंदुलकर ने इस 41 वर्षीय खिलाड़ी को उनकी जिंदगी के दूसरे चरण के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होने सोशल मीडिया पर लिखा, भज्जी, क्या शानदार और संपूर्ण करियर रहा है। मै पहली बार आपसे 1995 मे भारतीय टीम के नेट (अभ्यास) सत्र में मिला था। इतने वर्षो से हम अद्भुत यादो का हिस्सा रहे है। भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्वीट किया , शानदार कैरियर पर बधाई पाजी। क्रिकेट मे आपका योगदान अपार है और आपके साथ खेलना खुशी की बात रही। मैदान पर और मैदान से बाहर शानदार पलो का पूरा मजा लिया। अगली पारी के लिए शुभकामनाएं। एनसीए प्रमुख और भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा , यादगार कैरियर के लिए बधाई। बेहतरीन आफ स्पिनर, उम्दा बल्लेबाज और प्रतिस्पर्धी क्रिकेटर जो भारत की अनेक शानदार जीत का सूत्रधार रहा। भविष्य के लिए शुभकामना भज्जी। आईपीएल 2008 मे हरभजन द्वारा कथित रूप से थप्पड़ लगाए जाने के बाद रोने वाले तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने उन्हे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कहा। उन्होंने कहा , आप भारत के ही नही बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरो मे से हो। आपको जानना और आपके साथ खेलना गर्व की बात रही। केएल राहुल : वह भारत के महान स्पिनर रहे और हमारे जैसे युवाओ के लिए टीम मे आने पर गर्मजोशी से स्वागत करने वाले सीनियर। कुलदीप यादव : लीजैड और भारत के लिए मैच विनर। मेरा मार्गदर्शन करने और मदद के लिए धन्यवाद पाजी। आपकी कमी खलेगी। पार्थिव पटेल : एक महान क्रिकेटर होने के साथ भज्जू पा सभी जूनियर खिलाड़ियों के लिए बड़े भाई की तरह थे। हमें हर समय हसाते रहते और ऐसा लगता मानो ड्रेसिंग रूम घर ही है।नई पारी के लिए शुभकामना। उमेश यादव : भारत के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरो मे से एक जिसने कई मैच जिताए। क्रिकेट से संन्यास पर शुभकामना। सुरेश रैना : भारतीय क्रिकेट में आपका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। भविष्य के लिए शुभकामना। गौतम गंभीर: जो लोग कहते है कि क्रिकेट बल्लेबाजो का खेल बनता जा रहा है, उन्हे अपना करियर देखना चाहिए। आप एक सच्चे सुपरस्टार है हरभजन सिंह। इरफान पठान: खेल से संन्यास के बाद सुखमय जीवन की शुभकामनाएं हरभजन सिंह। आप एक महान खिलाड़ी रहे है। मैदान पर आपकी आक्रामक शैली को हमेशा पसंद किया है। आपके साथ भारत के लिए खेलना खुशी की बात थी। आपके साथ भारतीय टीम के लिए मेरी सबसे अच्छी याद टी20 विश्व कप और वीबी श्रृंखला (ऑस्ट्रेलिया मे तीन देशो की वनडे श्रृंखला के फाइनल मे ऑस्ट्रेलिया को हराना) को जीतना है।

# एक मैच विजेता जिसने जीत के लिए अपना सबकुछ दिया



**भाषा।** नई दिल्ली

**हरभजन सिंह** ने लगातार एक दशक तक चिलचिलाती धूप में, सुनसान दोपहरी और दूधिया रोशनी में अपनी स्पिन गेंदबाजी का कमाल दिखाकर भारत को मैचों में जीत दिलाई और एक दिन अचानक यह सब थम गया। सभी खूबसूरत प्रेम कथाओं का अंत परफेक्ट नहीं होता और कोई भी कह सकता है कि यह 41 वर्षीय खिलाड़ी इस तरह क्रिकेट मैदान को अलविदा नहीं करना चाहता होगा। लेकिन इस यात्रा में कोई पछतावा नहीं होना चाहिए क्योंकि यह सफर शानदार रहा है जो अनुभवों से भरा रहा जो जीवन को सार्थक बनाता है और जो भी उनका करीबी है वो जानता है कि पछतावा श्ब्द उनकी शब्दकोश में शामिल ही नहीं रहा है। हरभजन ने 2016 में अंतिम बार भारत के लिए नीली जर्सी पहनी थी, वह पिछले कुछ वर्षों में आधा संन्यास ले चुके थे लेकिन किसी भी कहानी – अच्छी, बुरी या खराब – को अंत की जरूरत होती है और भारत के टर्बनेटर के आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा से भारतीय क्रिकेट के सबसे आकर्षक अध्याय का अंत हो गया। सौ से ज्यादा टेस्ट मैच और 400 से ज्यादा विकेट (जिसमें से ज्यादातर स्पिन के मुफीद पिच पर नहीं मिले हैं) के साथ हरभजन का नाम हमेशा ही भारत के एलीट क्रिकेटरों में शामिल रहेगा। और सीमित ओवर के दो विश्व खिताबों के साथ उनका नाम जुड़ा है तो किसी भी शीर्ष स्तरीय क्रिकेटर के लिए यह शानदार करियर है।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of Mr. Sunil Kumar who is purchasing part of Plot No.A-25, admeasuring 70 Sq. Yds. out of Khasra No.1610, situated in the Revenue Estate of Village Loni, Ram Vihar, Paragna Loni, Tehsil & District Ghaziabad (U.P.) from **Mr. Sanjeev Kumar** S/o. Mr. Maan Singhwho is the owner of the property vide General Power of Attorney, Agreement to Sale & WILL dated 02.09.2019 and intend tomortgage against the financial assistance from **Ummeed Housing Finance Pvt. Ltd.** That the Death Certificate & Surviving Member Certificate of Late Mr. Shiv Kumar S/o. Mr. Medha is not available also the Original WILL dated 01.07.2008 Mr. Shiv Kumar S/o. Mr. Medha in favour of Mr. Shyam Lal S/o. Mr. Tika Ram in respect of abovementioned property which is registered as Doc no. 283 registered in Ghaziabad IV is Lost / Misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316


# ऋषि के हरफनमौला प्रदर्शन से हिमाचल फाइनल में

## विजय हजारे ट्राफी : तमिलनाडु से होगी भिड़ंत

**भाषा।** जयपुर



**ऋषि धवन** ने हरफनमौला प्रदर्शन से अगुआई की जिससे हिमाचल प्रदेश ने शुक्रवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में सेमीफाइनल में सेना को 77 रन से हराकर विजय हजारे ट्राफी घरेलू वनडे चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना तमिलनाडु से होगा। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए हिमाचल प्रदेश के कप्तान ने 77 गेंद में 84 रन बनाकर मध्यक्रम के चरमराने के बाद अपनी टीम को वापसी कराई जिससे उन्होंने छह विकेट पर 281 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। इसके जवाब में सेना की टीम 46.1 ओवर में 204 रन पर सिमट गई जिसमें धवन ने 8.1 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके। इससे पहले धवन को आकाश वशिष्ठ का अच्छ सहयोग मिला। धवन ने अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ा जबकि वशिष्ठ ने 29 गेंद में 45 रन की तेज तर्रार पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। हिमाचल प्रदेश ने दिन के दूसरे ओवर में शुभमन अरोड़ा का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रशांत चोपड़ा (109 गेंद में 78 रन) और दिग्विजय रंगी (59 गेंद में 37 रन) आउट हुए। इससे टीम की शुरूआत धीमी रही जो 22.2 ओवर में 100 रन तक पहुंची। रन गति तेज करने के प्रयास में हिमाचल ने मध्य के ओवरों में 24 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए और उसका स्कोर चार विकेट पर 106 रन था। ऑफ स्पिनर राहुल सिंह ने रंगी को आउट किया जबकि निखल गंगटा (16) रन आउट हो गए। सेना के तेज गेंदबाज दिवेश पठानिया ने फिर अमित कुमार को शून्य पर आउट कर दिया जिससे हिमाचल की टीम मुश्किल में थी। लेकिन धवन ने टीम को संभाला और चोपड़ा के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी निभाई। चोपड़ा हालांकि अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 42वें ओवर में आउट हो गए। इसके बाद धवन और वशिष्ठ ने अंतिम ओवरों में 83 रन की मनोरंजक साझेदारी निभाई। धवन अंतिम ओवर में आउट हुए।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public that after the death of Mr. Mangat Ram Mittal, his son Mr. Suresh Chand Alias Suresh Chand Mittal became the owner of the one-half undivided share in the Plot/House no. 101 new no.107, Ward No.7, MCF House Tax unit no. 220/208/196, area measuring 125.7 sq. yds., situated at Mauja Ballabhgarh (Baniya wada), Tehsil-Ballabgarh, District Faridabad (Haryana), by virtue of unregistered Will dated 26.08.2020. Thereafter Mr. Suresh Chand Alias Suresh Chand Mittal & his real uncle i.e. Mr. Lakhpat Rai Mittal subsequently sold the Plot/House no. 101 New no. 107, Ward no.7, MCF House Tax unit no.220/208/196, area measuring 125.7 sq. yds., situated at Mauja Ballabhgarh (Baniya wada), Tehsil-ballabgarh, District Faridabad (Haryana) to Mrs. Tanu through sale deed dated 25.08.2021 duly registered with the concerned Subregistrar of Assurances at Document no. 1580, in Book no. I, Volume no. 1/32 Pages 195/63-68, Dated 25.08.2021. All persons are hereby informed that above mentioned owner (Mrs. Tanu) want to take loan from Yes Bank Limited.

If anybody has any objection/s upon the title or Ownership of Mrs. Tanu in respect of the above said property its Sale/Mortgage, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within **07 days** of the present.

**For Raj Law Associates**
**Advocate & Legal Consultants**
Gokul-1, A-602, Krishna Garden,
Gulmohar Garden Phase-2, Raj Nagar Extension,
Ghaziabad.(U.P) 201017 Mob. No.: 9999792385


# राहुल ने पांच गेंदबाजों के साथ खेलने का संकेत दिया



**भाषा।** सेंचुरियन

**भारतीय उप** कप्तान केएल राहुल ने शुक्रवार को संकेत दिया कि टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में पांच गेंदबाजों की रणनीति के साथ बरकरार रहेगी लेकिन स्वीकार किया कि पांचवें नंबर के लिए अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर के बीच फैसला करना मुश्किल होगा। भारत रविवार से शुरू होने वाले टेस्ट श्रृंखला से पहले यहां एक हफ्ते से अभ्यास कर रहा है और नव नियुक्त उप कप्तान का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका में लय तय करने के लिए अच्छी शुरूआत की जरूरत है जहां उन्होंने कभी भी टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। यह पूछने पर कि क्या चार गेंदबाजों को खिलाना टीम के लिए कार्यभार प्रबंधन की समस्या बन जाती है (जिससे लाइन अप में एक अतिरिक्त बल्लेबाज को शामिल किया जा सकता है) तो उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया। राहुल ने वर्चुअल मीडिया बातचीत के दौरान कहा, प्रत्एक टीम टेस्ट मैच जीतने के लिए 20 विकेट झटकना चाहती है। हम भी इस रणनीति का इस्तेमाल कर चुके हैं और इससे हमने विदेश में जो भी मैच खेले हैं, प्रत्एक में मदद मिली है। इस सीनियर सलामी बल्लेबाज ने स्पष्ट किया कि चौथा तेज गेंदबाज खेलेगा, उन्होंने कहा, पांच गेंदबाजों से कार्यभार के प्रबंध में भी थोड़ी आसानी हो जाती है और जब आपके पास इस तरह का कौशल (भारतीय टीम में) तो मुझे लगता है कि हम इसका इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

## मानसिक पहलू को समझने पर बात करते हैं द्रविड़, एक साल इस पर काम किया : अग्रवाल



**भाषा।** सेंचुरियन

**भारतीय सलामी** बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने कहा कि टीम से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपने खेल के मानसिक पहलू को समझने पर काम किया जिस पर कोच राहुल द्रविड़ हमेशा जोर देते हैं और इससे उन्हें वापसी में काफी मदद मिली। कर्नाटक के 30 वर्षीय अग्रवाल कनकशन (सिर में चोट) के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे और उसके बाद टीम में जगह गंवा दी थी। उन्होंने हाल ही में विश्व टेस्ट चैम्पियन न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 150 और 62 रन बनाकर वापसी की। उन्होंने सलामी बल्लेबाज और भारत के उपकप्तान के एल राहुल से बातचीत के दौरान कहा , यह नई शुरूआत नहीं है। पिछले एक साल में खुद को समझने की कोशिश करता रहा और यह जानने की भी कि मेरी ताकत और कमजोरियां क्या है। बीसीसीआई टीवी पर डाले गए इस वीडियो में उन्होंने कहा , मुझे वापसी करके अच्छा प्रदर्शन कर पाने की खुशी है और आगे भी इस लय को कायम रखूंगा। खुद को समझने की प्रक्रिया में द्रविड़ के योगदान के बारे में पूछने पर अग्रवाल ने कहा , वह हमेशा खुद को समझने और मानसिक पहलू पर काम करने की बात करते हैं। उस पर काम करने से सफलता हासिल करने के मौके बढ जाते हैं।

## भवानी देवी के लिए 8.16 लाख रुपए की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारत की पहली ओलंपियन तलवारबाज भवानी देवी के अगले कैलेंडर वर्ष में चार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए खेल मंत्रालय ने 8.16 लाख रुपए की मंजूरी दी है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार यह राशि एनुअल कैलेंडर फॉर ट्रेनिंग एंड कॉम्पिटिशन (एसीटीसी) यानी प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए वार्षिक कैलेंडर योजना के माध्यम से स्वीकृत की गई है। इस साल की शुरुआत में तोक्यो ओलंपिक में व्यक्तिगत सेबर स्पर्धा को जीतने के बाद अंतिम 32 में दौर में जगह बनाने वाली भवानी देवी चार जनवरी से जॉर्जिया के तबिलिसी में एक अभ्यास शिविर में भाग लेंगी। इसके बाद वह इसी शहर में अंतरराष्ट्रीय तलवारबाजी महासंघ (एफआईई) के विश्व कप में चुनौती पेश करेंगे। इसका आयोजन 14 से 16 जनवरी तक होगा।


**Sale Notice**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| S. No | Case Details | Asset Details | Reserve Price | DD/PO Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ICICI Bank Ltd Vs Deepak Sharma, CS (COMM) No. 1656/2021 | Vehicle No- DL3CCA3466, Make & Model- MARUTI UDYOG LTD SWIFT DZIRE LDI, Manu. Year- 2014. | Rs 1,40,000/- | Rs 14,000/- |
| 2. | ICICI Bank Ltd Vs Rajesh Kumar Tiwari, CS (COMM) No. 945/20 | Vehicle No- UP16AS1600, Make & Model- AUDI A6 2.0 TDI, Manu. Year-2013 | Rs 8,80,000/- | Rs 88,000/- |

DD/PO of EMD amount is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED Payable at Delhi and bidder has to bring original DD/PO at site with original KYC.

**Auction Date: January 12, 2022, From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Venue: Godara Yard, Khewat No: 166/1,**
**Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram- 122022.**
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at site with original KYC proofs to participate in the auction and also original DD of EMD. Successfully approved bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount ) within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited. The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot no-7, Rohini Sector-8, New Delhi-110085.** for details and inspection of the said hypothecated vehicle.



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रोनी एंटरप्राइजेज, लिशी रोनी, बियूराम वाहगे, लिशी बाका, लिशी यामीन, 91, लेगी कॉम्प्लेक्स ए सेक्टर, पापुमपेयर, नहरलागुन सर्किल अरूणाचल प्रदेश<br>खाता नंबर :– 259305500173 | 1. जैसाकि निम्न सम्पत्ति के संबंध में ऋण दस्तावेज/सम्पत्ति दस्तावेज में वर्णित है : जुल्लांग ग्राम, ईटानगर, अरूणाचल प्रदेश में स्थित प्लॉट (क्षेत्रफल परिमाप 4250 वर्ग मीटर)। चौहद्दी : उत्तर : टाकियोलिंटो का प्लॉट, दक्षिण : जोल्लांग मेन रोड, पूरब : धारा, पश्चिम : बी. यापू का प्लॉट/पहुंच रोड।<br>2. जैसाकि निम्न सम्पत्ति के संबंध में ऋण दस्तावेज/सम्पत्ति दस्तावेज में वर्णित है : ग्राम पोटीन, पी.ओ. याचुली, पी.एस. याजाली, लोअर सुबानसिरी, अरूणाचल प्रदेश में पोसा – होज रोड से 17 किलोमीटर पर स्थित प्लॉट (क्षेत्रफल परिमाप 4.60 हेक्टेयर)। चौहद्दी : उत्तर : समुदाय भूमि, दक्षिण : पार पेटी नदी, पूरब : समुदाय भूमि, पश्चिम : समुदाय भूमि. | 01–12–2021 रू. 28,39,20,555/– | 30–06 –2018 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 24–12–2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहॉं है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :–

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | विजय ग्रोवर (कर्जदार), रीना ग्रोवर (सह–कर्जदार) LBDEL00002365295 | फ्लैट नंबर बी1 1301, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया– 1765 वर्ग फीट | रू. 80,94,028/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | विजय ग्रोवर (कर्जदार), रीना ग्रोवर (सह–कर्जदार) LBDEL00002371601 | फ्लैट नंबर बी1 1302, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया– 1765 वर्ग फीट | रू. 80,61,215/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 3. | हिमांशु गुप्ता (कर्जदार), वंदना रानी (सह–कर्जदार) LBGHZ00002313993 | फ्लैट नंबर बी1 1801, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया–1765 वर्ग फीट | रू. 83,62,175/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 4. | नीरा शर्मा (कर्जदार), अंकुर मोहन (सह–कर्जदार) LBGUR00002313398 | फ्लैट नंबर बी1 1304, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया–1635 वर्ग फीट। | रू. 79,91,643/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 45,78,000/- / रू. 4,57,800/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 5. | संदीप कुमार ए उपाध्याय (कर्जदार), शिल्पी उपाध्याय (सह–कर्जदार) LBDEL00002275165 | फ्लैट नंबर बी2 1704, 17वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्टअप एरिया–1635 वर्ग फीट | रू. 75,04,175/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 45,78,000/- / रू. 4,57,800/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 6. | संजीव लांबा (कर्जदार), मधु (सह–कर्जदार) LBDEL00002935333 | फ्लैट नंबर 1603, 16वीं मंजिल, ए2 पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच–01डी सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. सुपर बिल्टअप एरिया 1185 वर्ग फीट | रू. 61,22,589/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 34,36,000/- / रू. 3,43,600/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 7. | मनोज कुमार शर्मा (कर्जदार), रचना (सह–कर्जदार) LBNOD00002375543 | बी2–1801, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1–डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. –201307 सुपर बिल्टअप एरिया – 1765 वर्ग फीट | रू. 82,39,407/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 8. | विक्रांत सिंह (कर्जदार), रितु सिंह (सह– कर्जदार) LBGUR00002386632 | फ्लैट नंबर बी1–1802, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, जीएच–1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्ट अप एरिया– 1765 वर्ग फीट | रू. 82,71,341/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 49,42,000/- / रू. 4,94,200/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 9. | गणेश शर्मा (कर्जदार), कमला कटवाल (सह–कर्जदार) LBDEL00002947887 | फ्लैट नंबर 1804, (18वीं मंजिल), जेकेजी पाम कोर्ट, टावर बी2, प्लॉट नंबर जीएच–1डी, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश– 201307. सुपर बिल्ट अप एरिया – 1635 वर्ग फीट | रू. 81,24,194/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 46,00,000/- / रू. 4,60,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 10. | कनिष्का (कर्जदार), संतोष कुमारी (सह–कर्जदार) LBGUR00002372750 | बी–2–1303, 13वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1–डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्ट अप एरिया– 1395 वर्ग फीट। | रू. 70,86,719/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 41,00,000/- / रू. 4,10,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 11. | विशाल खट्टर (कर्जदार), भावना (सह–कर्जदार) LBNOD00002261419 | फ्लैट नंबर – ए 2 1804, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1–डी सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, नोएडा, सुपर बिल्टअप एरिया– 1185 वर्ग फीट | रू. 54,45,010/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 34,00,000/- / रू. 3,40,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 12. | सूर्य प्रकाश शर्मा (कर्जदार), अपार सरकार (सह–कर्जदार) LBGUR00002430669 | अपार्टमेंट नंबर ए2–1508, 15वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1–डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्ट अप एरिया– 1185 वर्ग फीट | रू. 55,77,373/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 34,00,000/- / रू. 3,40,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 13. | आदित्य प्रकाश (कर्जदार), प्रेम शशांक (सह–कर्जदार) LBGHZ00002441728 | फ्लैट नंबर 1408, 14 वीं मंजिल टॉवर– ए 2, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच –1 डी सेक्टर –16 सी में स्थित, ग्रेटर नोएडा, नोएडा सुपर बिल्टअप एरिया– 1185 वर्ग फीट | रू. 51,30,141/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 34,00,000/- / रू. 3,40,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 14. | चिंटू घई (कर्जदार), शिल्पी घई (सह–कर्जदार) LBDEL00002342824 | फ्लैट नंबर 1805, (18वीं मंजिल), जेकेजी पाम कोर्ट, टॉवर ए1, प्लॉट नंबर जीएच–1डी, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश– 201307 सुपर बिल्टअप एरिया– 1090 वर्ग फीट | रू. 49,41,618/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 15. | निशा आनंद (कर्जदार), आशीष आनंद (सह–कर्जदार) LBGUR00002263446 | फ्लैट नंबर– ए2– 1605, जेकेजी पाम कोर्ट, टॉवर ए 1, विंग 2, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा यूपी 201307) सुपर बिल्ट अप एरिया– 1090 वर्ग फीट | रू. 52,48,470/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 16. | आशीष वशिष्ठा (कर्जदार), शोभा शर्मा (सह–कर्जदार) LBGUR00002872796 | ए1–1801, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच–1डी, सेक्टर 16 सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्टअप एरिया– 1090 वर्ग फीट | रू. 47,57,115/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 17. | हिमांशु सिक्का (कर्जदार), गुलसन कुमार सिक्का (सह–कर्जदार) LBNOD00002278735 | फ्लैट नंबर 1802 18वीं मंजिल टावर ए1 पाम कोर्ट सेक्टर 16सी ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश 201307. सुपर बिल्ट अप एरिया– 1090 वर्ग फीट | रू. 50,59,649/- (नवम्बर 29, 2021 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | जनवरी 03, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 18, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 17, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ङ संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली– 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक– **जनवरी 17, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **जनवरी 17, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8584874809** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : दिसम्बर 24, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# नौका में आग लगने से 40 की मौत

भाषा। ढाका

**दक्षिणी** बांग्लादेश में शुक्रवार तड़के सुगंधा नदी में एक तीन मंजिला नौका में आग लगने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग झुलस गए। नौका में करीब 800 लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस और दमकल के अधिकारियों ने बताया कि ढाका से बारगुना जा रही नौका एमवी अभिजन-10 के इंजन कक्ष में स्थानीय समयानुसार शुक्रवार तड़के तीन बजे आग लग गई। कई यात्री अब भी लापता हैं।

बचाव अभियान से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि हादसे में डूबने से नौ लोगों समेत 40 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा झलकाठी जिले में हुआ, जो राजधानी ढाका से 250 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कुछ टीवी चैनलों ने हादसे में 41 लोगों की मौत की बात कही है। अधिकारियों ने कहा कि झलकाठी के मुख्य सरकारी

● नौका में करीब 800 लोग सवार थे

● 150 से ज्यादा लोग झुलसे

अस्पताल में 30 शवों का अंत्य परीक्षण कराया जा रहा है। बारिशल जिले के उपायुक्त ने निजी समय टीवी को बताया, हमने हताहतों की संख्या का पता लगाने के लिए एक अधिकारिक टीम को नियुक्त किया है। जहाजरानी राज्य मंत्री खालिद महमूद चौधरी ने बताया कि 310 यात्रियों की सूची मिली है लेकिन अनुमान है कि नौका में ज्यादा यात्री सवार होंगे। उन्होंने कहा कि तड़के हुए हादसे की पृष्ठभूमि और अन्य ब्योरे का पता लगाने के लिए तीन अलग-अलग जांच शुरू की गई है। बारिशल जिले के शेर-ए-बांग्ला मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि वे



बांग्लादेश में नौका में आग लगने से हुए हादसे में अपने बेटे की तलाश में भटकते व्यक्ति को सांत्वना देता उसका रिश्तेदार

वर्तमान में 70 लोगों का इलाज कर रहे हैं, जबकि दमकल अधिकारी ने कहा कि अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में 50 और लोगों का इलाज किया जा रहा है। ढाका में स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि छह सदस्यीय विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम को उनके सहयोगियों के साथ घायल लोगों के इलाज के लिए बारिशल भेजा गया है। तटरक्षक बल, दमकल सेवा और पुलिस के जवानों ने नदी में तलाश अभियान चलाया, लेकिन घने कोहरे के कारण सूर्यास्त के बाद अभियान को रोक दिया गया। शनिवार सुबह अभियान फिर शुरू किया जाएगा। दमकल सेवा के अधिकारी ने बताया कि नौका में धुआं भरने के कारण दम घुटने से ज्यादातर लोगों की मौत हो गई। कई यात्री नौका से नदी में कूद गए लेकिन तैरना नहीं जानने के कारण डूब गए। इससे पहले, एक अन्य दमकल अधिकारी ने कहा, आग लगने के समय कई यात्री सो रहे थे...धुएं के कारण दम घुटने, झुलसने और डूबने से कई यात्रियों की मौत हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाददाताओं को बताया कि नौका में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे और अधिकतर लोग सप्ताहांत पर अपने परिवारों के साथ छुट्टियां मनाने के लिए घर जा रहे थे। अधिकारियों ने आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए हैं। सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है और तीन दिन में रिपोर्ट सौंपी जाएगी। घायलों की बड़ी संख्या के कारण बचावकर्मियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। नौका में आग लगने के बाद लोग जान बचाने के लिए नदी में कूद गए। दुर्घटना में बचे लोगों ने बताया कि नौका में क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। बारिशल दमकल सेवा के उप निदेशक कमालउद्दीन भुइयां ने बताया कि संभवतः नौका के इंजन कक्ष से आग की शुरुआत हुई।

# कोरोना वायरस के चलते बेथलहम में इस बार भी क्रिसमस का जश्न फीका

एपी। बेथलहम

**बेथलहम** शहर में लगातार दूसरे वर्ष क्रिसमस की तैयारी कोरोना वायरस से प्रभावित हुई है। प्रभु ईसा मसीह के जन्मस्थान में शुक्रवार को लोगों की कम भीड़ रही और जश्न भी पहले जैसा नहीं है। पूर्व की तुलना में सीमित संख्या में संगीतकारों ने ड्रम और बैगपाइप वाद्य यंत्र बजाते हुए बेथलहम की तरफ मार्च किया और इस दौरान भीड़ में भी कम लोगों की मौजूदगी थी।

इजराइल ने बाहर से आने वाली लगभग सभी उड़ानों पर प्रतिबंध लगाया है। वेस्ट बैंक जाने वाले विदेशी आगंतुकों के लिए यही मुख्य प्रवेश बिंदु है। इसके चलते लगातार दूसरे वर्ष अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों ने यहां आने से परहेज किया। यह प्रतिबंध कोरोना वायरस के अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के प्रसार को धीमा करने के लिए है, जिसने दुनिया भर में क्रिसमस समारोह को प्रभावित किया है। बेथलहम के मेयर, एंटोन सलमान ने कहा कि शहर आशावादी है कि 2021 पिछले साल के क्रिसमस से बेहतर होगा, जब स्थानीय निवासी भी लॉकडाउन प्रतिबंधों के कारण घर पर रहे थे। सलमान ने कहा, पिछले साल, त्योहार डिजिटल तरीके से मनाया गया था लेकिन इस साल यह लोगों की प्रत्यक्ष भागीदारी के साथ होगा। पुलिस ने स्काउट बैंड के मांगेर स्क्वायर से मार्च करने से पहले शुक्रवार तड़के बैरिकेड लगा दिए थे। स्काउट बैंड का यह मार्च यरूशलम से रोमन पादरी पियरबतिस्ता पिज्जाबल्ला के इस पवित्र भूमि पर आगमन से पहले किया गया। पिज्जाबल्ला पास के चर्च ऑफ द नैटिविटी में रात की विशेष प्रार्थना में शामिल होंगे। वहीं पर वह जगह स्थित है जिसके बारे में ईसाइयों का मानना है कि ईशु का जन्म हुआ था। यरूशलम से रवाना होने से पहले पिज्जाबल्ला ने कहा, मुझे आशा है कि यह कोविड अब खत्म हो जाएगा। उन्होंने यात्रा के दौरान शुभचिंतकों का अभिवादन किया। चर्च में प्रवेश से पहले पिज्जाबल्ला ने कहा, पिछला साल बहुत निराशाजनक था। इस बार कुछ लोग दिख रहे हैं। खुशियां आई हैं। अगर शत-प्रतिशत नहीं तो 90 प्रतिशत स्थिति पहले की तरह है। सबको क्रिसमस की बधाई। महामारी के पहले बेथलहम में दुनिया के विभिन्न हिस्सों से हजारों ईसाई श्रद्धालु आते थे जिससे शहर में जश्न का माहौल रहता था और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी इससे बढ़ावा मिलता था। यरूशलम में ब्रिटिश वाणिज्य दूतावास में काम करने वाले बिली स्टुअर्ट ने इस बार आयोजित संगीत परेड के बारे में कहा कि सीमित स्तर पर आयोजन के बावजूद भीड़ काफी उत्साहित थी। उन्होंने कहा, परेड को देखना अदभुत अनुभव था और मुझे अंदाजा नहीं था कि इतने सारे संगीत वादक इसमें हिस्सा लेंगे।

# म्यांमा की सेना के हवाई हमलों के बाद सैकड़ों लोग थाईलैंड भागे

एपी। बैंकॉक

**म्यांमा** की सेना ने गुरिल्ला युद्ध चला रहे जातीय करेन समुदाय के नियंत्रण वाले एक छोटे कस्बे पर हवाई हमले किए, जिससे सैकड़ों लोग एक नदी के पार करते हुए भाग कर थाईलैंड चले गए। स्थानीय अधिकारियों और निवासियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी बलों ने थाईलैंड सीमा के पास एक छोटे से कस्बे ले के काव को निशाना बनाया, जो करेन गुरिल्लों के नियंत्रण में है। वे म्यांमा सरकार से अधिक स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं। आंग सान सू ची सरकार को सत्ता से बेदखल कर फरवरी में सेना के देश की बागडोर अपने हाथ में लेने और गुरिल्लों के सेना विरोधियों को शरण देने के बाद से तनाव और बढ़ गया है। ले के काव पर सरकारी सैनिकों के पिछले सप्ताह छापा मारने के बाद भी हिंसा भड़क गई थी। इंडिपेंडेंट म्यांमार की खबर के अनुसार, सैन्य सरकार के खिलाफ संगठित विरोध से जुड़े 30 से 60 लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें सू ची की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी का एक निर्वाचित सांसद भी शामिल हैं। सीमा के थाईलैंड से म्यांमा के इलाकों से गोलीबारी, बमबारी और लड़ाकू विमानों की आवाजें सुनी गईं। वहां मकान विस्फोटों से हिल गए। पिछले हफ्ते भी करीब 2,500 ग्रामीण हिंसा से बचने के लिए थाईलैंड के माई सॉत जिले भाग गए थे। इन हवाई हमलों में किसी के हताहत होने की अभी कोई खबर नहीं है। ले के काव के नगर प्रशासन के सदस्य ऐ ल्विन ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि दो सैन्य विमानों ने ले के काव के पास एक स्थान पर बमबारी की। इससे पहले, बृहस्पतिवार शाम सैन्य ठिकानों से तोपों से गोले दागे गए थे। संयुक्त राष्ट्र से लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर ले के काव पर से उड़ानों के गुजरने पर रोक लगाने (नो फ्लाई ज़ोन घोषित करने) के गुरिल्लों के अनुरोध के तीन दिन बाद ए हवाई हमले किए गए।

# बाइडन ने चीन में बंधुआ मजदूरी से संबंधित विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए जिसमें चीन के शिनझियांग प्रांत से तब तक सामान के आयात पर रोक का प्रावधान है जब तक कारोबारी यह साबित नहीं करते कि माल बिना बंधुआ मजदूरों के बनाया गया है। यह, कथित दुरुपयोग के मामले में चीन के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाइयों को तेज करने की श्रृंखला में ताजा कदम है। सीनेट में पिछले सप्ताह अंतिम मंजूरी पाने से पहले इस विधेयक को व्हाइट हाउस से कुछ प्रारंभिक अवरोधों तथा कॉर्पोरेट जगत के विरोध का सामना करना पड़ा था। बाइडन ने मांसपेशियों से जुड़ी लाऊ गहरीग बीमारी के इलाज के लिए अनुसंधान के लिहाज से और अधिक धन देने के लिए भी बृहस्पतिवार को एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने ट्वीट किया, आज, मैंने द्विदलीय उइघर बंधुआ मजदूरी रोकथाम कानून पर हस्ताक्षर किए।

# अमेरिका ने 2022 के लिए कई श्रेणी के वीजा के लिए निजी साक्षात्कार से छूट की घोषणा की

भाषा। वाशिंगटन

**कोविड-19** के मामलों में वृद्धि के कारण चिंताओं के बीच अमेरिका ने घोषणा की है कि वह 2022 में समूचे वर्ष के दौरान एच- बी कामगार और छात्र समेत कुछ श्रेणी के वीजा आवेदकों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार की अनिवार्यता को समाप्त कर देगा।

गैर प्रवासी कामगारों के लिए एच-1 बी वीजा जारी किया जाता है। इसके तहत अमेरिकी कंपनियों को ऐसे विशेष व्यवसायों में विदेशी कामगारों को नियुक्त करने की अनुमति है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को काम पर रखने के लिए इस श्रेणी के वीजा पर निर्भर हैं। विदेश विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि 31 दिसंबर 2022 तक वाणिज्यिक दूतावास के अधिकारियों को अस्थाई रूप से गैर अप्रवासी कार्य वीजा और उनके लिए योग्यता के संबंध में व्यक्तिगत साक्षात्कार को माफ करने का अधिकार दिया गया है। इनमें विशेष व्यवसायों में व्यक्ति (एच-1बी वीजा), प्रशिक्षु या विशेष शिक्षा अतिथि (स्पेशल एडुकेशन विजिटर) (एच-3 वीजा), इंट्राकंपनी ट्रांसफरीज (एल वीजा), असाधारण क्षमता या उपलब्धि वाले व्यक्ति (ओ वीजा), खिलाड़ी, कलाकार और मनोरंजन करने वाले (पी वीजा) और अंतराराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के प्रतिभागी (क्यू वीजा) शामिल हैं। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है इसके अतिरिक्त विदेश मंत्री ने गैर-प्रवासी वीजा की कुछ अन्य श्रेणियों के लिए 31 दिसंबर 2022 तक व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार को समाप्त करने के संबंध में वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों के वर्तमान अधिकार को बढ़ा दिया है। इनमें अस्थाई कृषि और गैर-कृषि कामगार (एच-2 वीजा), छात्र (एफ और एम वीजा), और स्टूडेंट एक्सचेंज विजिटर (एकेडमिक जे वीजा) श्रेणी शामिल हैं। दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को अब भी मामला-दर-मामला आधार पर और स्थानीय परिस्थितियों पर आधारित व्यक्तिगत साक्षात्कार की आवश्यकता हो सकती है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आवेदकों को वर्तमान परिचालन स्थिति और सेवाओं के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए दूतावास और वाणिज्य दूतावास वेबसाइट पर भी नजर रखनी चाहिए। विदेश विभाग ने कहा, यह हमारे समुदायों और परिसरों में अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों के महत्वपूर्ण योगदान और अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर अस्थाई कार्य वीजा धारकों के सकारात्मक प्रभाव को मान्यता देता है। यह गैर-प्रवासी की यात्रा को सुविधाजनक बनाने और वीजा प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# शिनझियांग से आयात पर रोक संबंधी अमेरिकी कानून की चीन ने की निंदा

एपी। बीजिंग

**चीन** की सरकार ने अमेरिका के उस कानून की शुक्रवार को निंदा की जिसमें शिनझियांग प्रांत में उइगर मुस्लिमों से बंधुआ मजदूरी कराने के आरोपों पर इस अस्थिर प्रांत से आयात पर प्रतिबंध लगाया गया है। उसने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाला और उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप वाला बताया।

चीन ने देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में ज्यादातर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की शिकायतों को खारिज किया और उन्हें झूठा करार दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए जिसमें चीन के शिनझियांग प्रांत से तब तक सामान के आयात पर रोक का प्रावधान है जब तक कारोबारी यह साबित नहीं करते कि माल बिना बंधुआ मजदूरों के बनाया गया है। चीन पर पिछले कुछ साल में अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ से उइगर मुस्लिमों के खिलाफ मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगते रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने इसे सच्चाई और तथ्यों से आंखें मूंदकर चीन के शिनझियांग प्रांत में मानवाधिकार संबंधी हालात को दुर्भावनापूर्ण ढंग से कलंकित करने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा, यह अंतराष्ट्रीय कानून और अंतराष्ट्रीय संबंधों को संचालित करने वाले बुनियादी नियमों का गंभीर उल्लंघन करता है और यह चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। विदेशी सरकारों और अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि दस लाख से अधिक उइगर और अन्य अल्पसंख्यकों को चीन के उत्तर-पश्चिमी शिनझियांग में शिविरों में बंद किया गया है। इसके अलावा चीन के अधिकारियों पर जबरन गर्भपात, बंधुआ मजदूरी जैसे आरोप लगते रहे हैं। हालांकि चीन के अधिकारियों का इन आरोपों को खारिज करते हुए यह कहना है कि ए शिविर रोजगार के लिए प्रशिक्षण एवं कट्टरपंथ को रोकने के लिए लगाए गए हैं।

# सुरक्षा परिषद ने आईएसआईएल के वरिष्ठ कमांडर सनाउल्ला गफरी पर प्रतिबंध लगाए

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इस्लामिक स्टेट-खुरासान (आईएसआईएल-के) के वरिष्ठ कमांडर सनाउल्ला गफरी पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। यह अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट से संबद्ध समूह के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष संस्था की ताजा कार्रवाई है। इन प्रतिबंधों में संपत्ति को कुर्क करना, यात्रा प्रतिबंध और हथियारों की आपूर्ति पर रोक शामिल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रतिबंध समिति ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि सनाउल्ला(27), एक अफगान नागरिक है, जिसे डॉ शहाब अल मुहाजिर, शहाब मुहाजिर के नाम से भी जाना जाता है। वह इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवैंट-खुरासान (आईएसआईएल-के) का नेता है। इसमें कहा गया है कि सुरक्षा परिषद आईएसआईएल (दाएश) और अल कायदा प्रतिबंध समिति ने 21 दिसंबर को सनाउल्ला को अपनी प्रतिबंध सूची में जोड़ा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वह आईएसआईएल-के का जून 2020 से नेतृत्व संभाल रहा है और उसे आईएसआईएल ने नियुक्त किया था। इसमें कहा गया है, वह पूरे अफगानिस्तान में आईएसआईएल (के) के अभियानों को मंजूरी देने और धन की व्यवस्था करने की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है। आईएसआईएल-के का नेतृत्वकर्ता होने के नाते वह 2021 में कई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है, जिनमें सैकड़ों लोग मारे गए। उसके हमले की पद्धति में हत्या और आईईडी हमले शामिल हैं।

# थ्यानआनमेन चौक पर दमनकारी कार्रवाई से संबंधित स्मारक हांगकांग से हटाए गए

एपी। हांगकांग

**हांगकांग** के विश्वविद्यालय उन स्मारकों को हटा रहे हैं, जो बीजिंग के थ्यानआनमेन चौक पर 1989 में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के खिलाफ चीन की दमनकारी कार्वाई से संबंधित थे। हांगकांग के चाइनीज यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार सुबह गॉडेस ऑफ डेमोक्रेसी प्रतिमा हटा दी, जिसे कला के छात्रों ने दमन की घटना को लेकर तैयार किया था। स्मारकों को हटाना दमनकारी घटनाओं को जन चेतना से हटाने के सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के प्रयासों को रेखांकित करता है। यह ऐसे समय हो रहा है जब पार्टी हांगकांग में अपने शासन के लिए लोकतांत्रिक चुनौतियों का सामना कर रही है। बृहस्पतिवार को हांगकांग विश्वविद्यालय में एक स्मारक को ध्वस्त कर दिया गया था। सरकार ने थ्यानआनमेन चौक पर हुई घटना में हताहत हुए व्यक्तियों की कभी भी संख्या नहीं बताई और लोकतंत्र समर्थक आंदोलन चीन के मुख्य भूमि में अभी भी एक वर्जित विषय है। दो अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र हांगकांग और मकाओ, चीन में ऐसे स्थान थे, जहां दमनकारी कार्वाई की बरसी पर प्रतिवर्ष मोमबत्ती के साथ प्रदर्शन की इजाजत थी।

## बाइडन ने दो और न्यायाधीश मनोनीत किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को संघीय पीठ के लिए इस साल दो और न्यायाधीश मनोनीत किए। इसके साथ ही बाइडन के कार्यकाल के पहले वर्ष अभी तक 40 न्यायाधीशों की पुष्टि हो चुकी है। व्हाइट हाउस के अनुसार इन दोनों न्यायाधीशों के मनोनयन के साथ ही बाइडन ने अभी तक 75 संघीय न्यायाधीश मनोनीत किए हैं। व्हाइट हाउस के अनुसार, अब तक जिन 40 न्यायाधीशों की पुष्टि हुई है उनसे से 80 प्रतिशत महिलाएं हैं तथा 53 प्रतिशत अश्वेत हैं। बाइडन ने नैन्सी गवाना अबुदू को दक्षिण में 11वें सर्किट के लिए यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स के लिए मनोनीत किया है।

# सिंगापुर में दो व्यक्ति लूट के लिए दोषी ठहराए गए

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति सहित दो व्यक्तियों को 2017 में सिंगापुर के लिटिल इंडिया स्थित एक दुकान में लूट की घटना में शामिल होने के लिए शुक्रवार को दोषी ठहराया गया। उक्त घटना में 300,000 सिंगापुर डालर लूट लिए गए थे। यह जानकारी मीडिया की एक खबर से मिली। भारतीय मूल के टी. कुमारन राममुट्टी (37) और मलय मूल के मोहम्मद आर बिन मोहम्मद युसूफ (32) को रात में दुकान में घुसने और लूट का दोषी पाया गया। दोनों व्यक्ति 25 जनवरी को सजा के निर्धारण के लिए अदालत में पेश होंगे। 11 दिसंबर, 2017 को टी. कुमारन राममुट्टी और मोहम्मद आर बिन मोहम्मद युसूफ और तीन सहयोगियों ने उन चार बांग्लादेशी नागरिकों को निशाना बनाया था जो धन भेजने की अवैध योजना चला रहे थे। वे तड़के करीब तीन बजे दुकान में घुस गए थे। उन्होंने खुद को आपराधिक जांच विभाग के पुलिस अधिकारी के रूप में पेश किया और चार व्यक्तियों से नकदी लूट ली। इसके बाद पांचों फर्जी लाइसेंस प्लेट वाली किराए की कार में वहां से फरार हो गए।



दक्षिण कोरिया के सियोल में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्रिसमस ट्री के आसपास तस्वीरें लेते लोग।

# जॉनसन ने क्रिसमस संदेश का उपयोग कोविड-19 बूस्टर अभियान के प्रोत्साहन के लिए किया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शुक्रवार को अपने वार्षिक क्रिसमस संदेश का इस्तेमाल देश में ओमीक्रोन संक्रमण के मामलों में जारी तेजी के बीच कोविड-19 से सुरक्षा के उद्देश्य से 'बूस्टर खुराक लेने' के लिए लोगों को प्रेरित करने के वास्ते किया। अपने वीडियो संदेश में, जॉनसन ने कहा कि एक कोरोना वायरस बूस्टर टीका 'अद्भुत क्रिसमस उपहार होगा और इसे ईशु मसीह के उपदेशों से भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह कहते हुए लोगों को आगाह किया कि महामारी के दो साल बाद' हम अभी भी इससे नहीं उबर पाए हैं क्योंकि ओमीक्रोन के मामले बढ़ रहे हैं। जॉनसन ने कहा, यद्यपि उपहार खरीदने का समय सैद्धांतिक रूप से समाप्त हो रहा है, फिर भी एक अद्भुत चीज है जो आप अपने परिवार और पूरे देश को दे सकते हैं और वह है टीका लेना, चाहे वह पहली खुराक हो या दूसरी, या बूस्टर खुराक, ताकि अगले साल का उत्सव इस साल से भी बेहतर हो।

उन्होंने कहा, न केवल अपने लिए, बल्कि दोस्तों और परिवार के लिए और उन सबके लिए, जिनसे हम मिलते हैं, टीका लेना। और यह आखिरकार, ईशु मसीह का उपदेश है कि हमें अपने पड़ोसियों से वैसे ही प्यार करना चाहिए जैसे हम खुद से करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, और इसलिए आइए उन सभी के बारे में सोचें जो अच्छे पड़ोसी हैं और दूसरों के बारे में सोच रहे हैं। एनएचएस में क्रिसमस पर काम करने वाले सभी लोग, हमारे देखभाल कार्यकर्ता, हर कोई अविश्वसनीय टीकाकरण अभियान में शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) ने कहा है कि बूस्टर टीकाकरण अभियान को जारी रखने के लिए उसके कई टीकाकरण स्थल क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान भी काम करेंगे। एनएचएस इंग्लैंड ने कहा कि उसके 'जिंगल जैबै अभियान में पूरे सप्ताहांत में टाउन हॉल और फार्मेसियों जैसे स्थानीय स्थलों पर कोविड के टीके लगाए जाएंगे। विपक्षी लेबर नेता कीर स्टारमर ने अपने क्रिसमस संदेश में अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# इक्वाडोर में अधिकतर नागरिकों के लिए अनिवार्य होगा टीकाकरण

एपी। क्विटो

**इक्वाडोर** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि अधिकतर नागरिकों के लिए कोविड-19 रोधी टीके लगवाना अनिवार्य होगा। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, इक्वाडोर के केवल वे लोग जिन्हें पहले से स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी है और टीका लगने से जिनके स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है, उन्हें ही नए नियम में छूट दी जाएगी,लेकिन इन लोगों के पास इससे जुड़े कागजात होना अनिवार्य है। सरकार ने कहा कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन और संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर वह इस नियम को लागू कर रही है। इक्वाडोर के पास पूरी आबादी का टीकाकरण करने के लिए पर्याप्त टीके हैं। इक्वाडोर की विशेष संचालन समिति ने इस हफ्ते कहा था कि रेस्तरां, सिनेमा और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जाने के लिए टीकाकरण प्रमाणपत्र दिखाना जरूरी होगा। इक्वाडोर के 1.73 करोड़ लोगों में से मंगलवार तक लगभग 77 प्रतिशत लोगों को टीके लग चुके थे। 920,000 से अधिक लोगों को बूस्टर खुराक भी दी जा चुकी है। इक्वाडोर में कोविड-19 से अभी तक करीब 33,600 लोगों की मौत हुई है।

# इटली में टीका न लगवाने वालों के लिए कड़े किए गए नियम

एपी। सोआवे (इटली)

**इटली** ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के कारण बढ़ते मामलों और नव वर्ष के मद्देनजर एक बार फिर बृहस्पतिवार को कोविड-19 संबंधी पाबंदियां बढ़ा दीं।

नए नियमों के तहत, जिन लोगों ने कोविड-19 रोधी टीके नहीं लगवाए हैं, उन्हें संग्रहालयों, प्रदर्शनियों, पार्क, बिंगो पार्लर और जुआघरों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अभी तक ऐसे स्थानों पर वे लोग संक्रमित ना होने की पुष्टि करने वाली रिपोर्ट दिखाकर प्रवेश कर सकते थे। पहले से ही इन लोगों को रेस्तरां में बैठने की मनाही है, उन्हें अब बार में खड़े होकर खाने-पीने का सामान लेने की भी अनुमति नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्टो स्पेरांज़ा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिछले कुछ दिनों में संक्रमण के मामले जिस तरह बढ़ रहे हैं, उनसे निपटने के लिए कड़े कदम उठाना जरूरी है, मामले बढ़ने का एक बड़ा कारण ओमीक्रोन स्वरूप है। ए नियम ऐसे समय में लागू किए गए हैं, जब इटली में लोग क्रिसमस की छुट्टी मनाने और पारिवारिक समारोहों की तैयारी कर रहे हैं। पिछले साल कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप के प्रकोप के कारण लोगों के जश्न मनाने और एकत्रित होने पर पाबंदी थी। सरकार ने निजी समारोहों के लिए कोई नियम अनिवार्य नहीं किया है, लेकिन उसने एहतियाती तौर पर जनवरी के अंत तक खुले में कार्यक्रम आयोजित करने पर रोक लगा दी है और डिस्कोथेक को बंद रखने का आदेश दिया है। खुले में एवं बंद जगहों पर और सार्वजनिक वाहनों में मास्क पहनना अब भी अनिवार्य रहेगा। नए नियम शुक्रवार से लागू हो जाएंगे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इटली में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के संक्रमण के करीब 44,600 मामले सामने आए, जो एक दिन में सामने आए सर्वाधिक मामले हैं।

# भ्रष्टाचार के जुर्म में जेल में बंद दक्षिण कोरिया की पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून को क्षमादान

एपी। सियोल

**दक्षिण** कोरिया की सरकार ने कहा है कि वह भ्रष्टाचार और अन्य अपराधों के जुर्म में जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून हे को विशेष क्षमादान देगा।

न्याय मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पार्क को क्षमादान देने का मकसद अतीत की खाइयों को पाटना और कोरोना वायरस संक्रमण के मुश्किल वक्त में राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। मंत्रालय ने कहा कि 69 वर्षीय पार्क उन 3,094 लोगों में शामिल हैं जिन्हें 31 दिसंबर को क्षमादान दिया जाना है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन ने एक वक्तव्य में कहा, हमें अतीत की पीड़ाओं को भूलकर एक नए युग की शुरुआत करनी चाहिए। अतीत में ही उलझे रहकर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने के बजाय देश के भविष्य के लिए अपनी पूरी क्षमता को साथ मिल कर सही दिशा में लगाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, पूर्व राष्ट्रपति पार्क ग्यून के मामले में, हमने इस तथ्य पर विचार किया कि लगभग पांच साल जेल में रहने के कारण उनका स्वास्थ्य काफी खराब हो गया है। गौरतलब है कि भ्रष्टाचार के मामले में पार्क के खिलाफ कई महीनों तक देश में प्रदर्शन हुए थे और इसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। पूर्व राष्ट्रपति को 2017 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जनवरी 2021 में देश के उच्चतम न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति की 20 साल की सजा को बरकरार रखने का फैसला सुनाया था। पार्क, दिवंगत राष्ट्रपति पार्क चुंग ही की बेटी हैं और वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति थीं।

# बदलता समय

छोरी की रिलीज पर डायरेक्टर **विशाल फुरिया, सैमी सत्तार** से कहते हैं कि हॉरर जॉनर अब स्लेज और ट्रॉप से परिपूर्ण नहीं होता है।



विशाल फुरिया ने भले ही मुख्य रूप से मलयालम फिल्म उद्योग में काम किया हो, लेकिन उनके हिंदी डेब्यू – छोरी – ने धूम मचा दी है। निर्देशक ने अपनी 2017 की हिट मराठी फिल्म, लापछापी के साथ प्रसिद्धि हासिल की और हॉरर, अपराध और थ्रिलर शैलियों के लिए एक स्वाद है। छोरी मराठी फिल्म की आधिकारिक रीमेक है। उन्होंने क्रिमिनल जस्टिस सीज़न 1 को सह-निर्देशक के रूप में अभिनीत किया और जल्द ही राधिका आप्टे और विक्रांत मैसी के साथ एक और क्राइम ड्रामा फिल्म फोरेंसिक 2022 होगी।

निर्देशक ने शैली के बारे में और उद्योग कैसे विकसित हो रहा है, इस बारे में अधिक बात की।

● **हॉरर, एक शैली के रूप में, पहले स्लेज के साथ बहुत कुछ करना था। अब यह कैसे बदल गया है?**

बॉलीवुड में कभी-कभी बी-शैली के रूप में वर्गीकृत होने के कारण शैली ने थोड़ी धड़कन ली, खासकर जब बॉलीवुड ट्रॉप्स के साथ उलझा हुआ हो। दुनिया भर में, यह एक महान विकास से गुजरा है। हम यहां कुछ पिछड़ गए। लेकिन दर्शक भारतीय आतंक के लिए तैयार और भूखे हैं। उन्हें अब स्लेज के साथ आने की जरूरत नहीं है। उन्हें शुद्ध डरावनी और अच्छी कहानियों की जरूरत है। इसलिए समय बदल रहा है।

● **परिवर्तन को किसने संचालित किया?**

गेट आउट, इट आदि जैसी फिल्मों के साथ अन्य उद्योगों में हॉरर का विकास अब यहां भी देखा जा रहा है। इस तरह की कहानियों के लिए एक्सपोजर यहां समान समृद्ध डरावनी सामग्री की मांग पैदा कर रहा है।

● **आपने अपनी पहली आउटिंग के रूप में रीमेक करने का फैसला क्यों किया?**

यह दुर्घटना से हुआ क्योंकि कुछ अन्य परियोजनाएं अमल में नहीं आईं और छोरी मेरी शुरुआत हो गई। वास्तव में, मैं अपने बॉलीवुड सफर की शुरुआत अपने दिल के सबसे करीब की कहानी के साथ करने में सक्षम होकर बेहद खुश हूं। इसके अलावा, मुझे अपनी मौजूदा फिल्म में कुछ और चीजें जोड़नी थीं और मैं उस कहानी को अखिल भारतीय दर्शकों को बताने के लिए उत्सुक था।

● **रीमेक की तुलना अक्सर मूल से की जाती है। क्या आप इसे लेकर आशंकित हैं?**

बिल्कुल नहीं। दोनों ही फिल्मों को टीमों और सहयोगियों ने बेहद प्यार और कड़ी मेहनत से बनाया है। दर्शकों के लिए उन दोनों के पास अपना स्वतंत्र स्थान है कि उन्हें पूरा करने के लिए बनाया गया था।

● **एक हॉरर फिल्म/श्रृंखला की शूटिंग में क्या चुनौतियां हैं?**

यह काम करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण शैली है। इसे हर विभाग के सही सहयोग की जरूरत है। यहां तक कि एक पल भी गलत हो गया या सबसे छोटा विवरण गलत हो गया, इस शैली को हंसाने योग्य बना सकता है। इसलिए एक निर्देशक को हॉरर का प्रयास करते समय बहुत सावधान रहने की जरूरत है। हॉरर स्क्रिप्ट लिखना बहुत ही चैलेंजिंग होता है। यह आसानी से क्लिच में फिसल सकता है। अभिनेता सबसे महत्वपूर्ण हैं क्योंकि केवल एक अच्छा प्रदर्शन ही दर्शकों को डराने में मदद कर सकता है। सही कैमरा वर्क के साथ लोकेशन, प्रोडक्शन डिजाइन हर फ्रेम और हर पल को भयानक दिखने में मदद करता है। ध्वनि डिजाइन और बीजीएम दृश्यों को अंतिम रूप देते हैं। एक निर्देशक को कहानी और तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ डरावनी कहानी कहने के लिए बेहद आश्वस्त और सुनिश्चित होना चाहिए।

● **क्या सामग्री के मामले में ओटीटी का आना गेम-चेंजर रहा है?**

हां, उन्होंने मेरे जैसे निर्माताओं को ऐसी कहानियां सुनाने में मदद की है जो आर्थिक चुनौतियों के कारण बताना असंभव था। सबसे बड़े सितारे या बॉक्स ऑफिस नंबर पाने का कोई दबाव नहीं है और यह वास्तव में एक ईमानदार कहानी बताने में मदद करता है। दर्शकों को सभी प्रकार की सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए थिएटर और ओटीटी को सह-अस्तित्व में होना चाहिए।

● **क्या मौजूदा सेट-अप में सितारे अप्रासंगिक हो गए हैं?**

ज़रूरी नहीं। भारत एक ऐसा राष्ट्र है जो सितारों की पूजा करता है, इसलिए वे रहेंगे। और क्यों नहीं, उन्होंने जहां हैं वहीं रहने के लिए काम किया है। जो बदल गया है वह यह है कि हर स्टार को हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा क्योंकि प्रतिस्पर्धा अब खुली है और कोई भी अच्छा अभिनेता स्टार बन सकता है। हर कोई अब बदली है।

● **वास्तविक जीवन पर आधारित अपराध एक ऐसी शैली है जिसका बढ़ता बाजार है... क्या यह दृश्यरतिकता है?**

या सिर्फ एक वास्तविक अपराध के प्रति आकर्षण? हर कोई इसका शिकार न होते हुए भी अपराध का अनुभव करना चाहता है। इसलिए यह शैली फलती-फूलती है क्योंकि यह दर्शकों को सुरक्षित रखते हुए वह अनुभव देती है।



# अटैक बनाम स्पाइडर मैन



जॉन अब्राहम, जैकलीन फर्नांडीज और रकुल प्रीत सिंह अभिनीत फिल्म अटैक के निर्माताओं ने दुनिया भर में सुपरहीरो फिल्म स्पाइडर मैन – नो वे होम के साथ फिल्म के एक्शन से भरपूर एंटरटेनर टीज़र को बड़े पर्दे पर जोड़ने का एक दिलचस्प रास्ता अपनाया है।

अब्राहम के हमले ने पहले पोस्टर के बाद से बड़े पैमाने पर प्रत्याशा पैदा की है और अब, हाल ही में लॉन्च किए गए टीज़र के साथ, दर्शकों के बीच भारी मात्रा में उत्सुकता/उत्साह पैदा कर दिया है। एक अकेला रेंजर अधिकारी के नेतृत्व में साहसी बचाव अभियान को देखने के लिए प्रशंसक सांस रोककर इंतजार कर रहे हैं।

पेन स्टूडियोज, जेए एंटरटेनमेंट और अजय कपूर प्रोडक्शन ने भारत में सिनेमाघरों में स्पाइडर मैन – नो वे होम के प्रिंट के साथ बॉलीवुड फिल्म के टीज़र अटैक को जोड़कर एक उल्लेखनीय रणनीति तैयार की है। हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर के भव्य दृश्य वास्तव में दर्शकों के लिए बड़े पर्दे पर देखने लायक होंगे।

डॉ जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियो), जॉन अब्राहम (जेए एंटरटेनमेंट), और अजय कपूर प्रोडक्शंस सुपरहीरो टॉम हॉलैंड के स्पाइडर मैन – नो वे होम के साथ भारतीय सुपर सैनिक जॉन अब्राहम के मनोरंजन को प्रस्तुत करते हैं। लक्ष्य राज आनंद द्वारा निर्देशित जेए एंटरटेनमेंट फिल्म 28 जनवरी, 2022 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# वक्त की जरूरत

**ताहिर राज भसीन** का मानना है कि 83 जैसी बड़ी इवेंट फिल्म हिंदी फिल्म उद्योग में ऊर्जा का संचार करेगी।



बहुमुखी प्रतिभा के धनी अभिनेता ताहिर राज भसीन को लगता है कि 83 बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कलेक्शन करेगी।

भसीन कहते हैं, ''लोगों को सिनेमाघरों तक वापस खींचने के लिए 83 जैसी इवेंट फिल्में समय की मांग हैं। एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना एक शानदार अहसास है जिसमें मनोरंजन उद्योग के इंजनों को फिर से प्रज्वलित करने की क्षमता है और पूर्व-महामारी युग के स्तरों पर लौटने के लिए व्यवसाय के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।''

वह आगे कहते हैं, ''मुझे लगता है कि 83 भारत भर में सभी आयु समूहों के लोगों से जुड़ेंगे क्योंकि यह एक सच्ची ब्लू अंडरडॉग कहानी है। इसमें देशभक्ति, क्रिकेट, भावनाओं का उछाल और अखिल भारतीय जुड़ाव है क्योंकि 83 टीम वास्तव में भारतीय क्रिकेट प्रतिभा का एक समामेलन थी जो आखिरी गेंद तक लड़ना चाहती थी, कुछ ऐसा करने के लिए जो इसके इतिहास में कभी नहीं किया गया था। देश, विश्व कप जीतने के लिए!''

मर्दानी स्टार आगे कहते हैं, ''मैं इसे अपने परिवार के साथ बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। जब उन्होंने ट्रेलर देखा तो मेरे माता-पिता के रोंगटे खड़े हो गए और मेरे पिता भारत की शानदार जीत को फिर से हासिल करने के लिए वास्तव में भावुक थे। मुझे सिनेमा के इतिहास का हिस्सा बनने पर गर्व है जो उन्हें यह अनुभव देगा। मुझे नहीं लगता कि जब वे फिल्म देखेंगे तो मैं अपनी भावनाओं से नहीं लड़ पाऊंगा।''



# शीतकाल में डेटिंग

इस छुट्टियों के मौसम में डेटिंग की योजना बना रहे हैं? **शाहज़ीन शिवदासानी** ने कुछ बातचीत की शुरुआत की सूची दी है जो आपको पहला कदम उठाने में मदद करेगी।



चाहे वह एक चिलचिलाती चिमनी के सामने एक साथ होना हो या सर्दियों की सुबह हॉट चॉकलेट की चुस्की लेना हो, सर्दियों की छुट्टियों के दौरान डेटिंग अतिरिक्त रोमांटिक महसूस कर सकती है। साल के अंत और छुट्टियों के मौसम की शुरुआत के साथ, डेटिंग ऐप्स उस छिटपुट मुलाकात के लिए एक आदर्श स्थान हैं।

जबकि बर्फ तोड़ना रोमांचक हो सकता है, यह कभी-कभी तनावपूर्ण होता है, खासकर जब आप केवल 'हे' और छुट्टियों की बधाई के अलावा कुछ और रोल करना चाहते हैं! सही वार्तालाप स्टार्टर के दबावों को नेविगेट करने में सहायता के लिए, यहां कुछ वार्तालाप प्रारंभकर्ता हैं जो निश्चित रूप से छुट्टियों के मौसम के दौरान आपको अधिक से अधिक डेटिंग करने में मदद करेंगे और उस चिंगारी को आपके शुरुआती गेम में जोड़ देंगे :

**आग लगाओ और अपने प्रकार का पता लगाओ**

बंबल पर यात्रा मोड चालू है? किसी की प्रोफाइल ने आपकी नजर पकड़ी और आपने मैच किया? उनसे पूछें कि क्या वे आपके साथ रैपिड-फायर राउंड में भाग लेंगे। इसे मज़ेदार बनाएं! यह कहना उचित है कि किसी भी संबंध को सफल बनाने के लिए, आपको उस व्यक्ति को उसकी पसंद और शौक सहित बेहतर तरीके से जानना होगा।

**नये साल का संकल्प**

वह एक संकल्प क्या है जो वे हमेशा करते हैं लेकिन कभी नहीं रखते? हर कोई लक्ष्यों की एक अच्छी सूची को पूरा करना पसंद करता है और एक अच्छा वार्तालाप स्टार्टर उन लोगों के बारे में सीख सकता है जिन्हें रखना व्यक्तिगत रूप से कठिन है।

**गाने जिन्हें हम नफरत करना पसंद करते हैं**

छुट्टियां एक ऐसा समय होता है जब विशेष संगीत प्लेलिस्ट हर प्लेटफॉर्म पर कब्जा कर लेते हैं। एक दूसरे से अपनी पसंदीदा हॉलिडे प्लेलिस्ट के बारे में पूछें।

**तारीफ बहुत आगे तक जाती है**

उनकी प्रोफाइल पर ध्यान दें। कुछ अनोखा नोटिस? अगर आपको किसी की प्रोफ़ाइल के बारे में कुछ पसंद है, तो उसकी तारीफ करें या उससे किसी ऐसी चीज़ के बारे में और सवाल पूछें जो आपकी नज़र में आए।

**उनके हॉलिडे प्लान को मिस न करें**

यह पूछने के बजाय कि वे इस साल क्रिसमस या नए साल की पूर्व संध्या पर क्या कर रहे हैं, अपने मैच से पूछें, 'आप इस साल छुट्टियां कैसे मना रहे हैं?' उन्हें नए साल की पूर्व संध्या पार्टी में आमंत्रित करके इसे एक पायदान ऊपर उठाएं और देखें कि क्या वे एक जुड़वां तारीख के लिए खुला हो। क्या उनके पास कोई पारिवारिक अवकाश परंपराएं हैं? इस मौसम में आप अपने समय के साथ जो अनोखी चीजें करते हैं, उन्हें एक-दूसरे के साथ साझा करें।

**पहला कदम उत्सवपूर्ण बनाएं**

सीज़न की भावना में अपना मैच पाने के लिए इन शुरुआती पंक्तियों के साथ:

● यदि आप जीवन भर केवल एक उत्सव का गीत सुन सकते हैं, तो वह कौन सा होगा?

● आपकी पसंदीदा छुट्टी परंपरा क्या है?

● एक बच्चे के रूप में छुट्टियों में आपको सबसे अच्छा उपहार क्या दिया गया था?

● आपकी पसंदीदा हॉलिडे मूवी कौन सी है? मुझे आरईसी चाहिए!

● मुझे लगता है कि यह एक व्यक्ति के बारे में बहुत कुछ बताता है- क्या आप छुट्टियों के उपहार पहले से या आखिरी मिनट में खरीदते हैं?

● अरे! अपनी प्रोफ़ाइल पर यात्रा की तस्वीरें पसंद करें। क्या आपके पास शीतकालीन अवकाश की कोई योजना है?

दिसंबर सक्रिय रहने और किसी को जानने का एक अच्छा समय हो सकता है। याद रखें, अपने आप पर दबाव न डालें, हमेशा अपने प्रामाणिक स्व बनें और बस इसके साथ मज़े करें।

**(लेखक बम्बल में रिलेशनशिप एक्सपर्ट हैं।)**